WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार, 18 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 98 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर में कायर आतंकवादी भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवानों को लगातार निशाना बना रहे हैं। जम्मू के डोड़ा में हुए आतंकी हमले में एक कैप्टन सहित पांच जवान शहीद हो गए। पूरे देश का खून खौल रहा है। आखिर कब तक हम शहीदों के शव गिनते रहेंगे? मुट्ठीभर आतंकवादी आखिर कब तक खून की होली खेलते रहेंगे? सीधी सी बात है कि पाकिस्तान इन आतंकवादियों के जरिए भारत के साथ अपरोक्ष युद्ध लड़ रहा है। अब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। उसके खिलाफ बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंक की जड़ पर प्रहार होना चाहिए।

काफी मजेदार है काशी घाट क्रिकेट, गंगा में गेंद गई तो आउट, दर्शकों के बीच गई तो दो रन

वाराणसी। काशी अद्भुत है, तो यहां के खेल भी पूरी दुनिया से निराले ही हैं। यहां घाट पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में आपके वो आम नियम नहीं चलते। यहां बल्लेबाज ने सीधे बाउंड्री पार गेंद पहुंचा दी तो छक्का नहीं बल्कि सीधे आउट दे दिए जाएंगे। यहां चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में इसी तरह के नियम देखने को मिले। हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक भी खिलाड़ियों का जोश बढ़ा रहे थे। आयोजकों से पूछा कि ये कैसे अजीबोगरीब नियम हैं तो एक ही जवाब था, हमारा घाट, हमारा नियम...।

सीढ़ियों पर दर्शक खचाखच भरे

सुबह से ही शिवाला घाट पर क्रिकेट पिच तैयार थी। सीढ़ियों पर दर्शक खचाखच भरे थे। अवध स्पोर्टिंग क्लब और मां गंगा निषादराज सेवा न्यास की ओर से आयोजित कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जा रही थी। नियम वह नहीं थे जो हम जानते हैं और आईसीसी ने दुनिया भर के लिए बना रखे हैं।

यहां बल्लेबाज के फ्रंट पर एक दीवार बनाई गई। उस पर एक दो-दो फीट के घेरे बनाए गए। उन पर लिखा गया छह, चार यानी इस घेरे में गेंद टकराएगी तो ही छह और चार रन मिलेंगे। बाकी दीवार में कहीं भी गेंद टकराती रहे तो रन नहीं मिलेंगे। इसी तरह कुछ और घेरे बने हुए थे। उन घेरों में 100, 251, 500, 1000 लिखा था। इन घेरों पर गेंद टकराने पर इतने ही रुपये आयोजकों की ओर से बल्लेबाज को दिए जा रहे थे। गेंद अगर लेग साइड में उठाकर मार दी और सीधे गंगा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हथुआ हथौड़ा ने जीता घाट क्रिकेट ट्रॉफी

वाराणसी के शिवाला घाट पर अवध स्पोर्टिंग क्लब और मां गंगा निषादराज सेवा समिति की ओर से आयोजित कैनवास प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता का फाइनल एमएससी तेलियानाला और हथुआ हथौड़ा के बीच खेला गया। इसमें हथुआ हथौड़ा ने सात विकेट से मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

गुरुवार 18 जुलाई को मुख्यमंत्री जनदर्शन स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार 18 जुलाई को होने वाला जनदर्शन स्थगित रखा गया है। मुख्यमंत्री के नई दिल्ली दौरे की वजह से बुधवार को प्रस्तावित कार्यक्रम अगले हफ्ते के लिए आगे बढ़ाया गया है। सीएम के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी आज ही दिल्ली प्रवास पर हैं। वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा रात की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचें। इससे पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री ने न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया इस कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए।

ब्लैकमेलिंग से परेशान सिपाही ने दी जान

गाजियाबाद। मुरादनगर में नगर पालिका परिषद में ईवीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही ने गोली मार जान दे दी। वह दो साल से ब्लैकमेलिंग से परेशान था। पुलिस ने युवती समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईवीएम मशीन की सुरक्षा में तैनात सिपाही पम्मी ने सरकारी रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिपाही एक युवती की ब्लैकमेलिंग से परेशान चल रहा था। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

हरियाणा में अग्निवीरों को 10% आरक्षण

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को ऐलान किया है कि अग्निवीरों को प्रदेश में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। चंडीगढ़ स्थित

हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान सीएम सैनी ने अग्निवीरों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अग्निवीरों को प्रदेश में नौकरियों में भर्ती में छूट मिलेगी।

बंद करिए ये सबका साथ, सबका विकास का नारा, शुभेंदु अधिकारी का बड़ा बयान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हो रही है। इस बैठक में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रवादी मुस्लिमों की बात

करता था और आपने भी नारा दिया था कि सबका साथ, सबका विकास, लेकिन अब मैं ऐसा नहीं कहूंगा। इसकी जगह मैं कहूंगा कि जो हमारे साथ, हम उनके साथ। बंद करिए ये सबका साथ, सबका विकास का नारा। हमें अल्पसंख्यक मोर्चे की भी जरूरत नहीं है।

यौम-ए-आशूरा पर गूंजी या हुसैन ...

लखनऊ। मुहर्रम की दसवीं तारीख यौम-ए-आशूरा के दिन शहर में या हुसैन... या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। हक और इंसानियत को बचाने के लिये अपनी जान कुर्बान करने वाले पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के शहीदों का गम मनाने के लिये अकीदतमंद बेकरार दिख रहे थे। बुधवार को मुसलमानों ने अपने-अपने तरीकों से हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को पुरसा दिया।

केंद्र सरकार के नीति आयोग की नई टीम गठित

पैनल में शाह, शिवराज सहित 15 केंद्रीय मंत्री को मिला स्थान

नई दिल्ली नवप्रदेश डेस्क। केंद्र सरकार ने नीति आयोग की नई टीम की घोषणा की। चार पूर्णकालिक सदस्यों के अलावा, भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों से 15 केंद्रीय मंत्रियों को पदेन सदस्य या विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल किया गया है। सरकार ने नीति आयोग के पैनल से कुछ पुराने सदस्यों को आउट कर दिया है पिछले साल आयोग में शामिल केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अनुराग ठाकुर को इस साल आयोग का सदस्य नहीं बनाया गया है।

भारत सरकार का थिंक टैंक है नीति आयोग: केंद्र सरकार ने 2015 में योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन किया था। यह भारत सरकार का नीति थिंक टैंक है, जो सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी देता है। नीति आयोग का मकसद लंबे समय की नीतियों और कार्यक्रमों के लिए रणनीतियां बनाना है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं, जिनके साथ एक उपाध्यक्ष और एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं।

अर्थशास्त्री सुमन के. बेरी उपाध्यक्ष बने रहेंगे: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयोग के अध्यक्ष रहेंगे और अर्थशास्त्री सुमन के. बेरी उपाध्यक्ष बने रहेंगे। वैज्ञानिक वीके सारस्वत, कृषि अर्थशास्त्री रमेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नए सदस्यों की ये है पूरी लिस्ट

अध्यक्षः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

उपाध्यक्षः सुमन के. बेरी

पूर्णकालिक सदस्य

- वी. के. सारस्वत
- प्रो. रमेश चंद
- डॉ. वी. के. पॉल
- अरविंद विरमानी

पदेन सदस्य

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री
- अमित शाह, गृह मंत्री; और सहकारिता मंत्री
- शिवराज सिंह चौहान, कृषि और किसान कल्याण मंत्री; और ग्रामीण विकास मंत्री
- निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री; और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री

विशेष आमंत्रित सदस्यः

- नितिन गडकरी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
- जेपी नड्डा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; और रसायन और उर्वरक मंत्री
- एच. डी. कुमारस्वामी, उद्योग मंत्री; और इस्पात मंत्री
- जीतन राम मांझी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

शिवराज सिंह चौहान को भी मिली जगह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी और रेलवे मंत्री जीतन राम मांझी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

एनडीए सहयोगी दलों के नेता भी शुमार

इनके अलावा, पंचायती राज मंत्री ललन सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, जनजातीय मामलों के मंत्री जुआल ओरम, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

क्या यूपी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा!

सियासी उठापटक, पीएम मोदी से मिले बड़े नेता

पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी में हार के पीछे के कारणों को जाना

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से निराश भारतीय जनता पार्टी ने खराब प्रदर्शन पर समीक्षा शुरू कर दी है। इसी कड़ी में यूपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करीब एक घंटे तक मुलाकात की। इस बैठक में हार पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार मीटिंग में भूपेंद्र चौधरी से पूछा गया कि जब जानकारी थी कि हमें यूपी में कम से कम वोट मिलने जा रहा है लेकिन इतनी कम सीटें आएंगी इसका अंदाजा नहीं था। एसपी को 40 के करीब सीट मिलेगी, ऐसी कल्पना भी नहीं की थी. ये हमारे लिए बड़ा झटका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नतीजों पर समीक्षा के लिए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अलग-अलग राज्य के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन पर फीडबैक ले रहा है। एक दिन पहले यानी मंगलवार (16 जुलाई 2024) को ही केंद्रीय नेतृत्व ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य और यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उपचुनावः सीएम आवास पर हुई बैठक, मंत्रियों की जिम्मेदारी तय

यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर बैठक हुई जिसमें सरकार व संगठन के लोग शामिल हुए। बैठक में एक सीट की जिम्मेदारी तीन मंत्रियों को दी गई है। बैठक के बाद बाहर निकले कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई और सभी की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों को अपने प्रभारी क्षेत्र में जब तक चुनाव समाप्त न हो जाए दो दिन-रात्रि विश्राम के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की तरफ से सभी प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि हर एक बूथ को कार्यकर्ताओं के साथ बात करनी है और सबसे ज्यादा फोकस बूथ को मजबूत करने में करना है। लोकसभा चुनाव में सांसद बने 9 विधायकों की सीटें समेत सीसामऊ सीट पर उप चुनाव होना है।

ओमान के तट पर पलटे तेल टैंकर की मदद के लिए भारतीय युद्धपोत रवाना

क्रू में शामिल 13 भारतीय हैं लापता

नई दिल्ली। ओमान के तट पर पलटे तेल टैंकर की मदद के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस तेग और एक सर्विलांस विमान पी-8 आई को तैनात किया है। भारतीय नौसेना, ओमान की नौसेना के साथ मिलकर समुद्र में बचाव और राहत अभियान चला रही है। तेल टैंकर के क्रू में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अदन बंदरगाह जा रहा था जहाज

समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार, समुद्र में पलटे जहाज की पहचान प्रेस्टीज फाल्कन के रूप में हुई है। यह जहाज दुबई के हमरिया बंदरगाह से यमन के अदन बंदरगाह जा रहा था। कोमोरोस का झंडा लगा यह जहाज ओमान के तट पर रास मदरक इलाके से समुद्र में करीब 46 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में पलट गया।

केंद्रीय मंत्री मंडाविया से मिले सीएम साय

सीएम के साथ डिप्टी सीएम शर्मा भी रहे मौजूद

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। सीएम विष्णु देव साय ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की है। जहां उन्होंने राज्य के विषयों को लेकर उनसे चर्चा की। वहीं उनके साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा पर उनके आवास पर दिखाई दिए। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने के अंत तक छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं। जहां वे नक्सल मोर्चे पर सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी समेत अन्य एजेंसियों की लेंगे बैठक लेंगे। बैठक में राज्य में नक्सलवाद ख़त्म करने को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया जायगा।

बांग्लादेशी पीएम हसीना का नौकर 284 करोड़ रूपये का मालिक

ढाका/ एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नौकर के पास 284 करोड़ की संपत्ति है। उसके पास एक प्राइवेट हेलिकॉप्टर है और कहीं आने-जाने के लिए वह इसी का इस्तेमाल करता है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, इस नौकर का नाम जहांगीर आलम था। वह पीएम हसीना के घर पर मेहमानों को पानी देने का काम करता था। जहांगीर ने हसीना के ऑफिस और घर में काम करने का जिक्र करते हुए कई लोगों से रिश्वत ली थी। वह लोगों से उनका काम करवाने का झांसा देकर पैसे वसूलता था।

केजरीवाल कोई आतंकी नहीं, सिंघवी ने सीबीआई की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई केस में जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सीबीआई ने पिछले 2 साल में केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन जब ईडी मामले में उन्हें राहत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीलंका के पूर्व कप्तान को घर में घुसकर मारी गोली

कोलम्बो। श्रीलंका से बेहद ही चौंकाने वाली खबर सामने आई है। देश के पूर्व क्रिकेटर धम्मिका निरोशन की परिवार वालों के सामने घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी. यह दुखद घटना बीते मंगलवार (16 जुलाई) धम्मिका निरोशन के अंबालंगोडा स्थित उनके घर पर हुई। इस घटना से क्रिकेट जगत शोक में है। श्रीलंका की तमाम लोकल मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि जब यह घटना हुई तब पूर्व क्रिकेटर घर पर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मौजूद थे। कथित तौर पर जिस व्यक्ति ने पूर्व श्रीलंकाई कप्तान को मारा, उसने 12 बोर की बन्दूक का इस्तेमाल किया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया कि धम्मिका निरोशन पर गोली क्यों चलाई गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बता दें कि धम्मिका निरोशन ने श्रीलंका के लिए फस्ट क्लास और अंडर-19 क्रिकेट खेला।

गरमा - गरम

बजट से उम्मीद

इंश्योरेंस सेक्टर को बड़ी उम्मीदें, स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम घटाने की रखी मांग

विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर कटौती की सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया

नई दिल्ली। इंश्योरेंस सेक्टर को बजट 2024-25 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स रिबेट की लिमिट बढ़ाने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने नए टैक्स रिजीम में हेल्थ इंश्योरेंस पर मिलने वाले लाभ को बढ़ाने का सुझाव दिया है। बजट 2024-25 से पहले इंश्योरेंस सेक्टर को कई राहतें मिलने की उम्मीद है। बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर कटौती की सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया है। फ्यूचर जनरल इंडिया इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ अनुप राउ ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल की लागत में काफी बढ़ोतरी हो चुकी है, इसके बावजूद, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा में बीते 9 साल से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

नए टैक्स रिजीम में स्वास्थ्य बीमा पर लाभ बढ़े

स्वास्थ्य बीमा के लाभों को नए कर रिजीम में बढ़ाने की भी जरूरत है। यह बेहद अहम है कि स्वास्थ्य बीमा की पहुंच बढ़ाई जाए। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंगल के मुताबिक, कर्मचारियों को कम रेट पर स्वास्थ्य बीमा देने, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी कम करने और धारा 80डी के तहत छूट की सीमा बढ़ाने जैसे सुधारों से स्वास्थ्य बीमा अधिक सुलभ और किफायती बनेगा।

मेडिकल डिवाइसेज पर घटना चाहिए टैक्स

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पवन चौधरी के मुताबिक भारत में चिकित्सा उपकरणों पर लगाई जाने वाली एक्साइज ड्यूटी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इससे मरीजों पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भारत में मेडिकल डिवाइसेज के अवैध आयात का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे देश के राजस्व में कमी हो सकती है।

इंश्योरेंस में इन्वेस्टमेंट पर मिलती है टैक्स में छूट

मौजूदा समय में, आयकर की धारा 80डी के तहत बच्चों के लिए भुगतान किए गए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स में छूट मिलती है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में परिवार यानी बच्चे, पत्नी और स्वयं के लिए कर टैक्स रिबेट की हाई लिमिट 25,000 रुपए है। एक बच्चा वाले परिवार के लिए आयकर की धारा 80डी के तहत 25,000 रुपए तक की कर कटौती का क्लेम किया जा सकता है। इसके अलावा, व्यापक स्वास्थ्य बीमा कवर 5,000 रुपए तक के क्लेम को सुनिश्चित करता है।

एयर इंडिया भर्ती : नौकरी के लिए दिखी भगदड़

मुंबई/वार्ता। एयर इंडिया भर्ती में मुंबई एयरपोर्ट पर भारी भीड़ से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। एयरपोर्ट लोडर्स के 2216 पदों के लिए आवेदन देने के लिए 25,000 से अधिक लोग जुट गए। एयर इंडिया भर्ती में मुंबई एयरपोर्ट पर भारी भीड़ से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। एयरपोर्ट लोडर्स के 2216 पदों के लिए आवेदन देने के लिए 25,000 से अधिक लोग जुट गए। कुछ लोग पेड़ और कार पर चढ़ कर एक दूसरे से पहले इंटरव्यू सेंटर तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आए। उम्मीदवारों को घंटों इंतजार करना पड़ा। एयर इंडिया ने आश्वासन दिया है कि जितने लोगों ने सीवी दिया है सबकी समीक्षा की जाएगी। भर्ती के दौरान उम्मीदवार एक-दूसरे से धक्कामुक्की करते नजर आए।

दुबई में हाल बेहाल... पारा 62 डिग्री सेल्सियस पार

नई दिल्ली। दुबई में 16 जुलाई 2024 की दोपहर जो तापमान रिकॉर्ड किया गया, वो नरक की गर्मी से कम नहीं है. दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तापमान 144 डिग्री फैरेनहाइट था. यानी 62.44 डिग्री सेल्सियस. शाम को पांच बजे यह घटकर 53.9 डिग्री सेल्सियस हो गया. लेकिन क्या इतनी गर्मी किसी भी शहर, जीव-जंतुओं के लिए ठीक है?

जिस समय यह तापमान दर्ज किया गया, उस समय हवा भी गर्म थी. एयर टेंपरेचर 42 डिग्री सेल्सियस था. ड्यू प्वाइंट यानी नमी 85 फीसदी था. इसलिए तापमान 62.22 डिग्री सेल्सियस हो गया. यानी दुबई में Wet Bulb Temperature का माहौल है. ऐसा मौसम जानलेवा होता है. इसमें सर्वाइवल बेहद मुश्किल है।

दुबई में गर्मियों में आमतौर पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार ही रहता है. यहां की गर्मी को बर्दाश्त करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है. पूरी दुनिया में इस साल की गर्मियों का मौसम वाकई अत्यधिक गर्म था. इतनी ज्यादा ह्यूमिडिटी थी कि उसने पूरे खाड़ी इलाके का दम घोंटा है।

असल में रिलेटिव ह्यूमिडिटी जब अधिक तापमान से मिलता है, तब गर्मी ज्यादा महसूस होती है। यानी तापमान भले ही 40-42 डिग्री सेल्सियस हो, लेकिन ऐसे माहौल में यह 55-60 डिग्री सेल्सियस महसूस होती है. खाड़ी देशों में गर्मी और नमी का जानलेवा मिश्रण होता है. ऐसी स्थिति में इंसानी शरीर बहुत ज्यादा पसीना छोड़ता है. ज्यादा पसीना निकलने पर डिहाइड्रेशन की दिक्कत हो सकती है। सांस फूलने की समस्या हो सकती है।

__तापमान__ और रिलेटिव ह्यूमेडिटी की एकसाथ गणना करने से वेट बल्ब टेम्परेचर या फिर किसी तय स्थान का हीट इंडेक्स निकाल सकते हैं. इससे दोनों ही चीजों का पता चलता है । तापमान भी और नमी वाली हीटवेव भी वेट बल्ब टेम्परेचर में हवा पानी से निकले भाप की वजह से ठंडी होती है। लेकिन एक तय दबाव पर। शरीर से लगातार पसीना निकलता है. जब तापमान बहुत ज्यादा बढ़ता है तब पसीना ही इंसान के शरीर को सुरक्षित रखता है । लेकिन गर्मी ज्यादा होने पर शरीर के और मौसम के ठंडा होने की प्रक्रिया धीमी होती है। इससे इंसान का शरीर बिगड़ने लगता है. हीट स्ट्रोक या मौत का खतरा रहता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेट बल्प टेम्परेचर की सीमा 30 से 35 डिग्री सेल्सियस है। इससे ऊपर जाने पर इंसान की मौत होना लगभग तय हो जाता है।

न्यूज गैलरी

भूखे मरने की नौबत विदेश में फंसे झारखंड के 27 मजदूर

रांची। अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 27 मजदूरों ने वीडियो जारी कर भारत सरकार और झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगाई है. उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कि वे अफ्रीकी देश कैमरून के एंलएंडटी कंपनी में काम करते है मगर उन्हें पिछले 4 महीने से वेतन नहीं दिया गया है. इतना ही नहीं, मजदूरों को वहां ले जाने वाला ठेकेदार भी फरार है. जिसके कारण उनके सामने इस वक्त भूखों से मरने की नौबत आ गई है. कैमरून में फंसे झारखंड के मजूदर मूल रूप से हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिला के रहने वाले है। वीडियो जारी करते हुए मजदूरों ने बताया है कि एक ठेकेदार के जरिए 27 लोग ट्रांसमिशन लाइन में काम के लिए 29 मार्च को कैमरून पहुंचे थे. कैमरून पहुंचने के बाद सभी को एलएंडटी कंपनी में काम तो मिला लेकिन पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिलने की वजह से उनके बीच खाने-पीने का संकट आ गया है. उन्हें मदद करने के लिए भी वहां कोई नहीं है इसलिए भारत सरकार और झारखंड सरकार बकाए वेतन का भुगतान कराने और वतन वापसी करने में उनकी मदद करें। वहीं, प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि श्रमिकों की स्वदेश वापसी के लिए ठोस पहल करें. ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं. प्रवासी मजदूरों के लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए। जोबर के टेकलाल महतो, विष्णुगढ़ अचलजामो के बिशुन महतो, खरना के छत्रधारी महतो, भीखन महतो, गिरिडीह के शुकर महतो, रमेश महतो, विजय महतो, दौलत महतो, चानो के चिंतामन महतो, बोकारो के मोहन महतो, गोविंद महतो, डेगलाल महतो, चुरामन, लखीराम, मुरारी महतो, जगदीश, पुशन, महेश महतो, परमेश्वर महतो, कुलदीप हांसदा, कमलेश महतो, मुकुंद नायक, दामोदर महतो, अनु महतो, शीतल, धनेश्वर महतो समेत अन्य के नाम शामिल हैं।

महाराष्ट्र में आईएएस पूजा खेडकर को लेकर गरमाई सियासत

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने विवादास्पद प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की वाशिम जिले में चल रही ट्रेनिंग को तुरंत रोकने का आदेश दिया

है. उन्हें मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री आईएएस ट्रेनिंग सेंटर में बुलाया गया है. इस मामले में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं. विधायक बच्चू कडू के बाद विधायक आदित्य ठाकरे ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कर्जत में एक सभा के दौरान अपने भाषण के बाद आदित्य ठाकरे ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया. जब उनसे पूजा खेडकर की नियुक्ति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राजनीति में नहीं होते। अधिकारी पूजा खेडकर पर विकलांगता प्रमाणपत्रों में हेराफेरी कर नियुक्ति पाने का आरोप है, और केंद्रीय स्तर पर इसकी जांच शुरू हो गई है. केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने पूजा के आचरण और दस्तावेजों की जांच के लिए एक समिति नियुक्त की है, जो दो सप्ताह में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी. इस बीच, सवाल उठ रहे हैं कि फर्जी विकलांगता प्रमाणपत्र जमा करने की आरोपी पूजा खेडकर की मेडिकल जांच दिल्ली के एम्स से कब होगी. यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि उन्हें अब तक सेवा से निलंबित क्यों नहीं किया गया है। आदित्य ठाकरे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मैं पूजा खेडकर के बारे में जो कुछ भी सुन रहा हूं वह आपके माध्यम से ही सुन रहा हूं। हालांकि, ऐसे लोग राजनीति में नहीं होते,

चुनाव से पहले अजित की एनसीपी से 4 नेताओं ने किया पलायन,शरद पवार से डील

मुंबई। विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में चाचा शरद पवार अपने भतीजे अजित पवार को बड़ा झटका देने वाले हैं। अजित पवार की एनसीपी के चार बड़े नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। संभावना जताई जा रही है कि एनसीपी छोड़ने वाले पिंपरी-चिंचवाड़ के चार नेता अजित गवाहाने, प्रमुख यश साने, राहुल भोसले और पंकज भालेकर ने जल्द ही शरद पवार के खेमे में शामिल हो सकते हैं। अजित हवाहाने पिंपरी चिंचवाड़ के पार्टी प्रमुख पद पर रहे, जबकि यश साने स्टूडेंट विंग संभाल रहे थे। राहुल भोसले और पंकज भालेकर पूर्व पार्षद रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी में असंतोष भोसारी विधानसभा सीट को लेकर है। यह सीट महायुति गठबंधन में एनसीपी के हाथ से फिसलने की खबर है।

भुजबल के बाद अजित की पत्नी मिलीं शरद पवार सेअजित पवार की एनसीपी में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट नजर आ रही है। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा शरद पवार के घर पहुंचीं। शरद पवार घर पर ही मौजूद थे। सुनेत्रा करीब एक घंटे तक यहां रहीं। पुणे स्थित 'मोदी बाग' पवार परिवार का निवास स्थान है।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने मुंबई में शरद पवार के घर पर उनसे मुलाकात की थी। इसके दूसरी ही दिन मंगलवार को सुनेत्रा पवार का पुणे में शरद पवार के घर जाना और वहां एक घंटे से ज्यादा समय रहना बताता है कि पार्टी में कुछ तो सियासी उठा-पटक चल रही है। एक ही स्थान पर सुनेत्रा और शरद पवार की मौजूदगी ने महाराष्ट्र की राजनीति को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो सकता है। इसकी वजह अजित पवार गुट के नेताओं की शरद पवार के साथ बार-बार हो रही मुलाकातें हैं।

छगन भुजबल ने की थी शरद पवार से मुलाकात

दो दिन पहले एनसीपी के नेता छगन भुजबल ने शरद पवार से मुलाकात की थी। तब उन्होंने बताया था कि उन्होंने शरद पवार से मराठा आरक्षण पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात में छगन भुजबल ने बगावत करने वालों की घरवापसी पर चर्चा की। उन्होंने शरद पवार को ऐसे लोगों को वापस पार्टी में शामिल करने की वकालत की, जिन्होंने पवार फैमिली की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाया था। विधानसभा चुनाव से पहले कई विधायक और नेता अजित पवार को झटका दे सकते हैं। माना जा रहा है कि महायुति में अजित पवार ज्यादा विधानसभा सीट हासिल करने में कामयाब नहीं हुए, इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अब शरद पवार के खेमे में वापस लौटना चाहते हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने शाह से की मुलाकात

बजट में राज्य के लिए अधिक आवंटन की मांग

पर्याप्त धन आवंटन का आग्रह किया

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार देर रात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य की वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए आगामी केंद्रीय बजट में पर्याप्त धन आवंटन का आग्रह किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, शाह के आवास पर बैठक के दौरान नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि आंध्र प्रदेश को 2014 में अन्यायपूर्ण विभाजन और पूर्ववर्ती प्रशासन के दयनीय शासन के परिणामों का सामना करना पड़ रहा है।

दो दिवसीय यात्रा के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे नायडू के बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वह राज्य की वित्तीय जरूरतों पर चर्चा कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि तेलुगू देश पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी बैठक कर सकते हैं।

आंध्र प्रदेश सरकार के आंकड़ों से राज्य के राजकोषीय स्वास्थ्य में चिंताजनक प्रवृत्ति का पता चलता है। सार्वजनिक ऋण वर्ष 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 33.32 फीसदी हो गया है, जो पिछले पांच वर्षों में गिरावट का संकेत देता है।

पिछले करीब एक पखवाड़े में नायडू की यह दूसरी दिल्ली यात्रा है। इससे पहले चार जुलाई को उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उनके सामने आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राज्य के समक्ष मौजूद चुनौतियों के समाधान के लिए सात सूत्री विकास एजेंडा प्रस्तुत किया था।

ईरान ने रची थी डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश!

वाशिंगटन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश वाले मामले में एक बड़ा इनपुट अमेरिकी एजेंसियों के हाथ लगा है। वो ये कि ट्रंप को जान से मारने की साजिश में ईरान का हाथ है। अब एजेंसियों ने ईरान को लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि है ईरान की साजिश और ट्रम्प की हत्या का प्रयास करने वाले 20 साल के आरोपी के बीच अभी कोई कनेक्शन नहीं मिला है।

ट्रंप की बढ़ाई गई सुरक्षा

अमेरिकी गुप्त सेवा के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने कहा कि एजेंसियां लगातार नए संभावित खतरे की जानकारी ले रही हैं। वो किसी भी बड़े खतरे को लेकर अभी कुछ कह नहीं सकते। ट्रंप की हत्या की साजिश के मामले में व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी सालों से ट्रम्प प्रशासन के पूर्व अधिकारियों के खिलाफ ईरानी खतरों पर नज़र रख रहे थे।

चुनावी रैली के दौरान हुआ था हमला

बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर शनिवार (13 मई) को चुनावी रैली के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। जो उनके कान को भेदते हुए निकल गई थी। जिसके बाद ट्रंप का दो दिन तक इलाज चला था। अब वो स्वस्थ हैं और वो बीते मंगलवार को सार्वजनिक रूप से रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में मौजूद रहे थे।

पहले ही मिल गई थी जानकारी

दरअसल ट्रंप पर हमले को लेकर अमेरिका की गुप्त सेवा और ट्रम्प के चुनाव अभियान को ईरान के खतरे के बारे में पहले बताया गया था। जिसके बाद डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अमेरिकी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प और उनके पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ को 2020 के ड्रोन हमले के बाद से तेहरान से खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें इराक में ईरान के कुद्स बल के नेता कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी।

हाथरस कांड के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंचे भोले बाबा, आश्रम के बाहर भक्तों का तांता

नई दिल्ली। हाथरस कांड के बाद पहली बार सूरज पाल ऊर्फ भोले बाबा अपने कासगंज स्थिति पैतृक गांव बहादुर नगर के आश्रम में पहुंचा, ये उनका जन्म स्थान हैं. सूरजपाल ऊर्फ भोले बाबा कासगंज जनपद के अपने बहादुर नगर के आश्रम में भारी लाव लस्कर के साथ पहुंचा. बहादुर नगर सूरजपाल ऊर्फ भोले बाबा का पैतृक गांव है और यहीं से पहला आश्रम बनाकर सूरजपाल भोले बाबा ने अपने सत्संग के साम्राज्य का 26 साल पहले शुभारंभ किया था. भोले बाबा के साथ बड़ी संख्या में उनके भक्त भी आश्रम में मौजूद हैं।

भोले बाबा के सेवादारों ने कासगंज के पटियाली के उपजिला अधिकारी व थाना पटियाली से आश्रम में आने की अनुमति व पुलिस फोर्स भी मांगी थी. हालांकि कासगंज जिला और पुलिस प्रशासन ने भोले बाबा को कासगंज के बहादुर नगर आश्रम में आने और कार्यक्रम करने

की अनुमति नहीं दी. अनुमति न देने के बाद भी भोले बाबा कासगंज के अपने आश्रम में पहुंचे और बड़ी संख्या में आश्रम पहुंचे भक्तों से मुलाकात की है।

वहीं भोले बाबा के वकील वकील एपी सिंह ने कहा कि नारायण साकार हरि को लेकर लोगों के बड़े सवाल थे कि नारायण साकार हरि कहां हैं नारायण साकार हरि भारत में ही थे, आश्रम में है आश्रम से आए हैं ना किसी एयरपोर्ट पर ना कहीं बेसमेंट ना किसी के घर नहीं कभी जाते. यह उनकी जन्मस्थली है जननी जन्मभूमि से बड़ा दुनिया में कुछ हो ही नहीं सकता है।

भोले बाबा के वकील ने घटना को सुनियोजित बताया

बता दें कि दो जुलाई को हाथरस में सिकंदराराऊ के गांव फुलरई में भोले बाबा के सत्संग में हुई घटना में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हुए थे. अब साकार हरि ऊर्फ भोले बाबा के डॉ. एपी सिंह ने मामले की जांच कर रही कमेटी को शिकायत की कॉपी दी है. वकील एपी सिंह ने उन्होंने घटना को सुनियोजित बताया. इसके साथ ही वकील एपी सिंह ने दावा किया था कि, हाथरस घटना में जो लोग घायल हुए हैं और जो भी लोग वहां मौजूद थे, उसमें से कुछ लोगों ने साजिशकर्ताओं और उनकी गाड़ी को पहचान लिया है।

'बदलती जनसांख्यिकी मेरे लिए जीवन-मरण का सवाल' : हिमंत बिस्वा सरमा

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है। सरमा ने कहा, 'बदलती जनसांख्यिकी मेरे लिए एक गंभीर मुद्दा है। असम में, मुस्लिम आबादी 1951 में 12 प्रतिशत से बढ़कर आज 40 प्रतिशत हो गई है. हमने कई जिलों पर नियंत्रण खो दिया है. यह सिर्फ एक राजनीतिक मामला नहीं है मैं; यह मेरे लिए जीवन और मृत्यु का मामला है.' वह झारखंड की राजधानी रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. बता दें कि हिमंता को बीजेपी ने झारखंड चुनाव के लिए सह-प्रभारी बनाया है।

सरमा ने घुसपैठ के मुद्दे की ओर भी इशारा किया और कहा कि घुसपैठिए झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने से पहले शुरू में असम और पश्चिम बंगाल में प्रवेश करते हैं. उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को दिए गए एक निर्देश का हवाला दिया, जिसमें अवैध अप्रवासियों का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने का आदेश दिया गया था. हिंमता बिस्वा सरमा ने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्य को पूरा करना केंद्र सरकार की नहीं, बल्कि राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने अन्य राज्यों से इस मुद्दे के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए कहा, 'मैं असम में इस मुद्दे को रोजाना संभालता हूं। अगर राज्य

सरकारें अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा रही हैं और दिल्ली से हस्तक्षेप की उम्मीद करती हैं, तो उन्हें हट जाना चाहिए. हम यह जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं.' इससे पहले सरमा ने 1 जुलाई को, किसी भी समुदाय का उल्लेख किए बिना कहा था कि एक 'विशेष धर्म' के लोगों के एक वर्ग द्वारा आपराधिक गतिविधियां चिंता का विषय हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा था, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अपराध केवल एक विशेष धर्म के लोगों द्वारा किया जाता है, लेकिन हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के बाद से हुई घटनाएं चिंता का विषय हैं.' 23 जून को, सरमा ने दावा किया कि बांग्लादेशी अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों ने राज्य और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्यों पर विचार किए बिना, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया. उन्होंने यह भी कहा कि असम में बांग्लादेशी मूल का अल्पसंख्यक समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है जो सांप्रदायिकता में लिप्त है।

लोकसभा चुनाव 2024 में, भाजपा-एजीपी-यूपीपीएल गठबंधन ने असम की 14 सीटों में से 11 पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को शेष तीन सीटें मिलीं. हाल ही में संपन्न आम चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों ने पूर्वोत्तर राज्यों में कुछ आधार खो दिया, और 24 में से सिर्फ 15 सीटें जीत सके।

विपक्षी कांग्रेस ने सात सीटें जीतीं. पिछली बार उसे पूर्वोत्तर के राज्यों में चार सीटें मिली थीं. सरमा ने कहा था, 'एक खास धर्म उन राज्यों में खुलेआम हमारी सरकार के खिलाफ चला गया जहां उसकी जनसंख्या ज्यादा है. इससे फर्क पड़ा है. यह कोई राजनीतिक हार नहीं है, क्योंकि कोई भी किसी धर्म से नहीं लड़ सकता।'

दिग्विजय ने यूथ कांग्रेस को दी आरएसएस से सीखने की नसीहत

नई दिल्ली। जबलपुर में नर्सिंग घोटाले को लेकर प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के धरने में पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने RSS से सीख लेने की नसीहत दी. सिंह ने कहा जमीनी स्तर पर काम कैसे किया जाता है. यह आरएसएस से सीखना चाहिए। जब जमीन पर संगठन ही नहीं तो ऐसे प्रदर्शनों से कुछ नहीं होगा. दिग्विजय सिंह ने कहा, 'हम नर्सिंग घोटाले की लड़ाई लड़ रहे हैं. यहां बैठे लोगों में से क्या कोई नर्सिंग घोटाले से प्रभावित व्यक्ति है क्या? नहीं है... जब तक प्रभावित लोग आपके आंदोलन में शामिल नहीं होंगे तो आपको आंदोलन कैसे चलेगा. क्या हमारे युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को नर्सिंग घोटाले की पूरी जानकारी है क्या नहीं?

दिग्वजिय सिंह ने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा- 'आरएसएस से सीखो. हम उसके विरोधी हैं. लेकिन वो माइंड गेम खेलते हैं. वो कभी न आंदोलन करेंगे. न प्रदर्शन करेंगे. न डंडे खाएंगे न जेल जाएंगे, लेकिन हमें जेल जरूर भिजवाएंगे. इसलिए आज युवा कांग्रेस के संगठन को नीचे तक लेकर जाने की आवश्यकता है.' दिग्वजिय सिंह युवा कांग्रेस को ब्लॉग, मंडल, बूथ और सेक्टर तक पहुंच बनाने की सलाह दी।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक से मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार खटीक से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री डॉ. खटीक को बस्तर के आदिवासियों द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध ढोकरा कलाकृति भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ आने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. खटीक ने शीघ्र ही छत्तीसगढ़ आने के साथ दिव्यांगजनों की भलाई के लिए कार्य करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि 18 जुलाई को उन्हें नमन किया है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के योगदान को याद करते हुए श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में 'बाबू साहब' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरुद्ध किसानों ने 'कंडेल नहर सत्याग्रह' किया। प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। श्री साय ने कहा कि 'बाबू साहेब' सच्चे मायने में दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे। उनके जीवन और विचार मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

दो शराब तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नशे पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वालों पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट सहित समस्त थाना प्रभारियों को कठोर कार्यवाही करने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुरूद स्थित मोनेट प्लांट पास दोपहिया वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी डिगेन्द्र धीवर उर्फ डिग्गी तथा घनश्याम धीवर उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 5500 रुपये तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सी जी/04/बी एक्स/9547 जुमला कीमती लगभग 45,500/- रुपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण विधानसभा के मतदाता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की प्रदेश की सरकार ने मोदी की गारंटी के रूप में जितने वादे किए थे, सभी वादे 5 वर्ष की बजाय 3 माह में ही पूरे कर दिए हैं। अग्रवाल ने कहा की रायपुर ग्रामीण से मुझे सर्वाधिक जीत मिली है जिसके लिए मैं रायपुर ग्रामीण विधानसभा की जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए अपनी सांसद निधि से 1 करोड़ रुपए रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा करता हूं। कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव संचालक अशोक बजाज, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं रायपुर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने भी संबोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत चारो मंडल के मतदाताओं का शाल श्रीफल भेंट कर सांसद अग्रवाल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नंद कुमार साहू, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के संयोजक लीलाधर चंद्राकर, ओमप्रकाश देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश बजाज, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जितेंद्र धुरंधर, हीरेलाल देवांगन, रविंद्र ठाकुर सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में अब तक 278.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 278.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

डिप्टी सीएम साव छत्तीसगढ़ सराफा एसो. के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

■ उप मुख्यमंत्री एसोसिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड का किया लांच

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण और आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसोसिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को लॉन्च किया। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और विधायक श्री अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य श्री सुनील ओटवानी ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने नेतृत्व में प्रदेश भर के सराफा व्यापारियों को एकजुट करने का काम करेंगे। सराफा व्यवसाइयों के हितों के संरक्षण के साथ ही समाज सेवा का महती कार्य एसोसिएशन के माध्यम से होगा, ऐसी वे उम्मीद करते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोसिएशन के साथ खड़ा है।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सराफा व्यवसाय किसी प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। सराफा व्यवसाय का बढ़ना राज्य की तरक्की का प्रतीक है। पहले एक खास क्षेत्र में सीमित रहने वाले सराफा दुकानों का अब शहर के अलग-अलग क्षेत्रों और बाजारों में विस्तार हो रहा है। पिछले 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सराफा का व्यवसाय करीब सौ गुना बढ़ा है। समारोह में विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद यहां की सामाजिक और आर्थिक प्रगति हम सबने देखी है। प्रदेश में सराफा की नई दुकानें तेजी से खुल रही हैं जो बताती है कि यहां के लोगों की खरीदी की क्षमता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान के लिए मैं सराफा व्यापारियों को धन्यवाद देता हूं।

बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य श्री सुनील ओटवानी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कमल सोनी और कोषाध्यक्ष श्री हर्षवर्धन जैन ने भी समारोह को संबोधित किया। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने स्वागत भाषण दिया। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव श्री प्रकाश गोलछा ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश भर से आए विभिन्न सराफा एसोसिएशन्स के पदाधिकारी और सराफा व्यवसाई समारोह में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पानी टंकी का फटा वाल्व, तक्षशिला परिसर लबालब, 30 लाख लीटर पानी बर्बाद

■ तक्षशिला के स्टूडेंट्स घंटों फंसे रहे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में मंगलवार देर रात जोन 4 कार्यालय मोतीबाग स्थित 51 लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का वाल्व फटने से 30 लाख लीटर पानी बह गया। बताया जा रहा है कि वाल्व स्लिप होने के कारण लाखों लीटर पानी जोन कार्यालय और आसपास भर गया। करीब 2 फीट तक पानी भरने के कारण मोती बाग स्थित स्मार्ट रीडिंग जोन 'तक्षशिला' में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट घंटों फंसे रहे। वाल्व फटने की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम जोन 4 के कमिश्नर और जल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुचे। अधिकारी ने बताया कि टंकी पूरी तरह से भरी हुई थी। टंकी का मेन सप्लाई वाल्व बैठ जाने के कारण ओवरहेड टैंक से पानी निकलना पड़ा। देर रात टंकी को खाली करवाने के बाद जल विभाग की टीम ने नया वाल्व लगाया और पानी की टंकी को फिर से भरा गया।

सुबह आधे घंटे ही पानी की सप्लाई हो पाई

देर रात वाल्व बनाने के बाद पानी की टंकी को भरा गया लेकिन ओवरहेड टैंक में पूरी तरह से पानी नहीं भरने के कारण आज सुबह सिविल लाइन, कटोरा तालाब, देवेंद्र नगर, फाफाडीह से लगी कई इलाके में सिर्फ आधे घंटे ही नलों से पानी सप्लाई की गई। लोगों ने बताया कि रोजाना के मुकाबले आज नलों से आने वाले पानी की धार कम थी और आधे घंटे बाद ही नल बंद हो गया।

आज शाम से नियमित सप्लाई

जल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरहेड टैंक में नया वाल्व लगाया गया है। फिलहाल पेय जल सप्लाई जारी रही। आज शाम से पानी की सप्लाई पहले की तरह जारी रहेगी।

8 किलो गौ मांस के साथ खालबाड़ा में महिला तस्कर गिरफ्तार

■ गौ सेवकों की शिकायत के बाद की गई कार्रवाई

रायपुर / नवप्रदेश / बुधवार की सुबह रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक बार फिर गौ मांस मिलने का मामला सामने आया है। इस मामले के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं गौ मांस मिलने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिला तस्कर को हिरासत में लेकर थाने ले गई और उससे पूछताछ की गई तो उसने पहली बार गौ मांस बेचना बताया। मामले की जानकारी देते हुए गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने बताया की यहां खाल बाड़ा में एक महिला के पास गौ मांस रखे होने की सुचना मिली थी। इसके बाद स्थानीय गौ सेवकों ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की। गौ सेवको की शिकायत के बाद पुलिस की टीम जब जांच के लिए खाल बाड़ा पहुंची तो आरोपी महिला के पास से 8 किलो गौ मांस मिला। जिसके बाद पुलिस की टीम ने महिला को तत्काल हिरासत में लेकर थाणे आई गई और अरोपिया से पूछताछ किए जाने पर उसने बताया की वो पहली बार ये काम कर रही है और उसे गौ मांस खालबाड़ा से ही मिला था। फिलहाल पुलिस ने महिला के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच पड़ताल जारी है।

फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों की जमानत लेने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। विगत कुछ दिनों से रायपुर पुलिस को शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि कुछ लोगों के द्वारा न्यायालय परिसर रायपुर में फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों की जमानत लिया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रायपुर लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अनुराग झा के द्वारा थाना सिविल लाईन पुलिस को आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों के संबंध में लगातार सूचना एवं जानकारी एकत्र किये जा रहे थे।

इसी तारतम्य में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लिया जा रहा है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय परिसर में रेड कार्यवाही कर आरोपी चेलाराम आसवानी एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर मौके पर तलाशी ली गई जिनके कब्जे से 02 नग ऋण पुस्तिका बरामद हुआ।

आरोपी से ऋण पुस्तिका के संबंध में पूछताछ करने पर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्रदाय न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपियो कब्जे से 02 नग मूल ऋण पुस्तिका जप्त कर ऋण पुस्तिका का संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी से जांच कराया गया। जांच रिपोर्ट में पटवारी एवं तहसीलदार का सील तथा हस्ताक्षर फर्जी होना पाया गया। जिस पर आरोपी चेलाराम आसवानी एवं अन्य व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

स्कूल रेडिनेस के तहत खेल-खेल में सीखने का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 'स्कूल रेडिनेस' कार्यक्रम- ग्रेड 1 के बच्चों के लिए 3 माह का खेल आधारित शाला तैयारी के कक्षा संचालन, शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में वर्तमान शिक्षा सत्र के लिए पढ़ाने वाले शिक्षकों के 4 दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक, राजेंद्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में दिया गया। बच्चे खेल-खेल में 3 माह में सीखेंगे और साथ ही उनका सर्वांगीण विकास होगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से तीन लक्ष्य पर प्रकाश डाला गया जिस पर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली को बनाए रखना, बच्चों में प्रभावशाली संप्रेषण बनना और बच्चों को सीखने के प्रति उत्साह और पर्यावरण से जुड़ाव की बातें कही गई है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को आज मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

■ केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू देंगे पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नई दिल्ली में 18 जुलाई को पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) और प्रदेश के चार नगरीय निकायों बिलासपुर, रायगढ़, चांपा एवं भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क-2023-24' पुरस्कारों के लिए किया गया है। राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में सूडा और चारों नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

भारत सरकार द्वारा 'स्पार्क-2023-24' पुरस्कार के लिए चयनित सूडा, बिलासपुर व रायगढ़ नगर निगम तथा चांपा व भाटापारा नगर पालिका के अधिकारियों और लाभार्थियों की कुल 20 सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ की ओर से नई दिल्ली में ये पुरस्कार ग्रहण करेंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में शहरी आबादी के जीवन में उल्लेखनीय सुधार आया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लगातार लाभान्वित किया जा रहा है।

मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी बैठक में बनी रूपरेखा

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामी समाज की गुरुमाता व छ.ग. की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता जी की 11 अगस्त को 52 वी. पुण्यतिथि है ,जिसे स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

यह जानकारी गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और कृषि प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष श्री टिकेंद्र बघेल ने देते हुए बताया कि राजधानी रायपुर में रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई ,जिसमें सुझावो के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

मुख्य आयोजन न्यू राजेंद्र नगर में

समाज की ओर से राजधानी में मुख्य आयोजन प्रतिवर्षानुसार न्यू राजेंद्र नगर स्थित सामाजिक भवन में होगा जहां माता जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया जाएगा। इस दौरान मंगल भजन, संगोष्ठी सहित जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व 10वीं/12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इसके पूर्व प्रातः पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की आदमकद प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा होगी।

आज की तैयारी बैठक में अध्यक्ष के.पी. खण्डे जी, खेदु बंजारे, सुंदरलाल जोगी, चेतन चंदेल, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, अरुण मंडल,घासीदास कोसले, मानसिंह गिलहरे, नंदू मारकंडे, संतोष महिलांग, तुलाराम टंडन,प्रेमचंद सोनवानी, सरस्वती राघव, संगीता बालकिशोर, ममता कुर्रे, महेश सोनवानी, नरेंद्र कुर्रे,अजय कुमार वंसे, डॉ. चंद्रशेखर खरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

रायपुर से 13 किलो मीटर दूर ट्रक और यात्री बस में टक्कर, 6 महिलाओं समेत 20 घायल

रायपुर / नवप्रदेश / रायपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक और सिटी बस में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में करीब 20 से ज्यादा सवारी घायल हो गए हैं। ड्राइवर की हालत गंभीर है तो वहीं बस की सीटें भीषण टक्कर में उखड गई।

जानकारी के मुताबिक घायलों में 6 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस के ड्राइवर और कंडक्टर फिलहाल मौके से फरार हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस ड्राइवर ही तेज रफ्तार में चला रहा था, जिस वजह से हादसा हुआ। विधानसभा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा के मुताबिक, पुलिस ने एक्सीडेंट के बाद सभी घायलों को मेडिकल टीम की मदद से अस्पताल पहुंचाया है। घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है।

■ घटना के बाद बस का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से हुए फरार

इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी। बस रायपुर से खरोरा की ओर जा रही थी, तभी ट्रक सामने से आ रहा था। 10 बजे के करीब सेमरिया गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बस चला रहे ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। एक्सीडेंट के बाद आसपास के गांव के लोग भी घटनास्थल पर घायलों की मदद में जुट गए थे। जिससे रायपुर से खरोरा रोड पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस और ट्रक दोनों को साइड कराकर जाम क्लियर करवाया।

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक में तीज महोत्सव का निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. सोशल एक्टीविटी रूप की बैठक श्री जगन्नाथ मन्दिर परिसर, रायपुर में पुरिंदर मिश्रा, श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्टी एवं विधायक रायपुर उत्तर के मुख्य आतिथ्य एवं अरविन्द ओझा, प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। माननीय अतिथि पुरन्दर मिश्रा का सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं शाल द्वारा सम्मान किया एवं भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने संगठन के आगामी कार्यक्रम सावन माह में भगवान शंकर का अभिषेक एवं महिलाओं हेतु तीज महोत्सव के आयोजन के विषय में सभी सदस्यों को अवगत कराया। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने तीज महोत्सव अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय महिलाओं की नृत्य प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताते हुए सहभागिता की अपील की एवं सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा नृत्य प्रतियोगिता के नियम व शर्तों की जानकारी प्रदान की।

सुविचार

मासूम लोगों की सबसे बड़ी गलती यह होती है कि वे चालाक और मक्कार लोगों की बातों पर आंख मूंदकर भरोसा कर लेते हैं। - अज्ञात

आतंकवाद की जड़ पर प्रहार जरूरी

जम्मू कश्मीर में 370 के खात्में के बाद से वहां विकास की जो बयार बह रही है। वह पड़ोसी देश पाकिस्तान के आंखों में खटक रही है। यही वजह है कि वह जम्मू कश्मीर को अशांत करने के लिए मुट्ठीभर आतंकवादियों के जरिए भारत के साथ क्षद्म युद्ध लड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर में जो भारी मतदान हुआ है उससे पाकिस्तान और भी बौखला गया है। अब जल्द ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में खलल डालने के लिए पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादी संगठनों ने जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में डोड़ा जिले में आतंकवादियों ने घात लगाकर भारतीय सेना की टुकड़ी पर हमला किया। जिसमें एक कैप्टन सहित पांच जवान शहीद हो गए। इस घटना के बाद अब पूरे देश में पाकिस्तान के प्रति लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। जिस तरह एक के बाद एक आतंकी हमले में हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। उससे लोगों का खून खौलना स्वाभाविक है। इधर पाकिस्तान के एक खबरिया चैनल में आतंकी संगठन हिजबुल के एक कमांडर ने यह बात कबूल की है कि जम्मू कश्मीर में हम इसीलिए आतंकी हमले कर रहे हैं। ताकि वहां विधानसभा चुनाव न होने पाए बहरहाल अब आतंकी संगठनों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को अपना अभियान और तेज कर देना चाहिए। भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर में बचे खुचे आतंकवादियों की तलाश तेज कर भी दी है और देर सबेर वे सभी आतंकवादी जहन्नुम रसीद किए जाएंगे। इसके साथ ही इन आतंकवादियों के हिमायतियों के खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही निहायत जरूरी है। बगैर स्थानीय लोगों की मदद के ये मुट्ठीभर आतंकवादी लगातार भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को निशाना नहीं बना सकते इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसे गद्दारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी उसी तरह की कड़ी कार्यवाही की जाए। जैसी आतंकवादियों के खिलाफ की जाती है। इसके अलावा अब समय आ गया है कि आतंकवाद के पर्याय बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ भी एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक तत्काल की जाए। सीमा पार पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर आबाद कर लिए हैं। जहां आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जा रही है और उनकी भारत में घुसपैठ कराने की कोशिश भी की जा रही है। यह बात अलग है कि सीमा पर भारतीय सेना की सतर्कता के चलते ये प्रशिक्षित आतंकवादी घुसपैठ नहीं कर पा रहे हैं। इसके पहले की पाक के नापाक मनसूबे कामयाब हो पाए। सीमा पार चल रहे इन टेरर कैंपों को नेस्तनाबूद करने के लिए एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की जाए। जब तक आतंकवाद की जड़ पर जबर्दस्त प्रहार नहीं किया जाएगा। तब तक पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आएगा। वैसे चिंता का एक कारण यह भी है कि अब आतंकवादियों ने कश्मीर घाटी को छोड़कर जम्मू में अशांति फैलाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा को भी ये आतंकी निशाना बना सकते हैं। इसलिए अब कश्मीर घाटी की तरह ही जम्मू में भी चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं और आतंकियों के मददगारों को भी सबक सिखाए जाए। तभी जम्मू कश्मीर में अमन और चैन कायम हो पाएगा।

छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की जगह अब नई योजना

पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में जो योजनाएं लागू की गई थी। उनमें से कुछ योजनाओं के नाम बदलने के क्रम में अब छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का भी नाम बदला जा रहा है। प्रदेश के खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि अब छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की जगह छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना लागू की जाएगी। खेलो इंडिया की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में खेलों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना में पारंपरिक खेलों को भी स्थान दिया जाएगा। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने पिछली सरकार पर खेलों के नाम पर भी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राजीव युवा मितान क्लब के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया था। इसीलिए साय सरकार ने 7 करोड़ रुपए वापस भी ले लिए हैं। साय सरकार के इस निर्णय को प्रदेश की अस्मिता से खिलवाड़ बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ी ओलंपिक को बंद करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि भूपेश बघेल सरकार में छत्तीसगढ़ी ओलंपिक शुरू कर के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया था। इसका व्यापक स्तर पर स्वागत हुआ था। किन्तु भाजपा सरकार ने इसे बंद करने का जो फैसला किया है। वह भाजपा की छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। उन्होंने मांग की है कि छत्तीसगढ़ी ओलंपिक को जारी रखा जाए। जबकि भाजपा सरकार इसका नाम बदलने का मन बना चुकी है। बेहतर तो यही होगा कि खेलों के नाम पर राजनीतिक न खेली जाए। यदि साय सरकार छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की जगह छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना लागू करना चाहती है तो इसमें कोई हर्ज नहीं है। बशर्ते इस योजना में भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए की साय सरकार इस बात का ध्यान जरूर रखेगी।

डॉ. परदेशीराम वर्मा

अभिमानहीन, सरल, विनम्र डॉ. चरणदास महंत की जीवन शैली विलक्षण है। प्रतिभा को पहचानने वाली दृष्टि अनोखी है। लेकिन प्रतिभाहीन भाऊक लोगों को भी वे संरक्षण देने का प्रयत्न भरपूर करते हैं। सरल, सीधे छत्तीसगढ़ी जन के सही प्रतिनिधियों में से एक बड़े व्यक्ति हैं डॉ. चरणदास महंत। डॉ. चरणदास महंत ने राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए चुने जाकर कुछ वर्षों तक सेवा का अनुभव भी अर्जित किया। राजनीति में भी वे पिता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सेवा के लिए ही आए। वे छत्तीसगढ़ के ऐसे नेता हैं जिन्हे पक्ष विपक्ष दोनों ओर से भरपूर मान मिलता है। वे लड़ते हुए भी प्रतिद्वन्दी के प्रति आदर भाव नहीं छोड़ते। शक्ति और सामर्थ्य पाकर जो लोग लगातार विनयशीलता नहीं छोड़ते उनकी जीत के लिए सभी दुवाएँ देते हैं। ताकत पाकर हुंकारने और सींग मारने वालों को डॉ. चरणदास महंत से बहुत कुछ सीख सकते हैं। डॉ. चरणदास महंत अभी राजनीति करने वालों के बीच युवा ही हैं। उनसे हम सबको काफी आशा है।

विलक्षण राजनेता डॉ. चरणदास महंत

कुछ लोग सम्मोहन की कला में जन्मजात माहिर होते हैं। आपको पता ही नहीं चलेगा कि कब आप उसकी गिरफ्त में आ गए। एक बार आप उसकी पकड़ में आए तो जान लीजिए कि फिर उससे आजीवन अलग होना सम्भव नहीं है।

ऐसे करिश्माई व्यक्तित्व हैं डॉ. चरणदास महंत। उनसे मुझे उन्ही की तरह स्नेहिल और बड़े भाई की तरह कृपालु स्व. श्री विजयशंकर चौबे जी ने मिलवाया था। तब वे साक्षरता समिति भिलाई नगर के अध्यक्ष थे। मैं भिलाई नगर साक्षरता परियोजना का संयोजक था। वे सारंगढ़ के रहने वाले थे। डॉ. चरणदास महंत के यशस्वी पिता स्व. बिसाहू दास महंत से उनका परिचय पहले से थे।

बिसाहू दास महंत, ठाकुर छेदीलाल बैरीस्टर, चंदूलाल ऐसे महान व्यक्ति हुए जिन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी को भी कभी ललचाई नजर से नहीं देखा। बल्कि रास्ता साफ होने पर भी वे पीछे हट गए। ऐसे त्यागी पिता के पुत्र डॉ. चरणदास महंत ने भी विरासत में इस गुण को प्राप्त किया है। केन्द्र में मंत्री रह चुके डॉ. चरणदास महंत ने भी मुख्यमंत्री बनने के लिए कभी वैसा डंका नहीं पीटा कि सुनने वाले की सहनशीलता ही समाप्त हो जाय। उसी त्याग, संतुलन, अनुशासन प्रियता, सरलता का नतीजा है कि डॉ. चरणदास महंत अपनी सरल, सीधी जीवन संगिनी श्रीमती ज्योत्सना महंत को ऐसे समय में विजय का मुकुट पहना सके जब बड़े बड़े धुरंधरों के स्वर्ण मुकुट जमीन पर पड़े ठोकर खाते दिखे।

जब पूरी कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में लोक सभा चुनाव हार गई तब श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कोरबा में विजय का डंका पीट दिया सभी दिग्गज कांग्रेसियो की पगड़ी धूल धूसरित हो गई तब भी ज्योत्सना महंत जी को विजय का मोरमुकुट पहिनाने में डॉ. चरणदास महंत सफल हो गए। उन्होंने इतिहास रच दिया। डॉ. चरणदास महंत के करिश्माई व्यक्तित्व को जानने समझने वाले लोग आश्वस्त थे कि एक सीट कांग्रेस भी लेगी। डॉ. चरणदास महंत की लोक स्वीकृति, जन-जन में सम्मान आम जन के साथ सम्वाद, विराग, विनय की यह जीत अनोखी है। डॉ. चरणदास महंत और श्रीमती ज्योत्सना महंत की यह उपलब्धि सदा याद रखी जायेगी। महंत की यही असल कमाई है कि उनसे जुड़कर कोई उनसे अलग नहीं हो पाता। उन्हें भी अंधकार तो यदा-कदा घेरता है मगर वो दीप जलाने की कला जानते हैं। इस कला में वे

सिध्द हैं,। उनकी उपलब्धियों पर जीत कर सोचते हुए वसीम बरेलवी.यहाँ याद हो आते हैं।
''या तो
आंधियों पे मुझे अख्तियार दे। या वह चिराग दे जिसे बुझने का डर न हो।''

डॉ. चरणदास महंत 13 दिसंबर 1954 को जन्में। एम.एस.सी., एम.ए. एल.एल.बी के साथ वे पी.एच.डी. भी हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक पढ़े लिखे बड़े राजनेताओं में से एक हैं डॉ. चरणदास महंत। वे सारागांव, जांजगीर चांपा के सपूत हैं। फ्रांस, जर्मनी, हांग-कांग, इटली, जापान, मलेसिया, नेपाल, दक्षिण कोरिया, बेल्जियम, नीदरलैण्ड, लक्जमबर्ग, श्री लंका, स्वीट्जरलैण्ड, थाइलैण्ड, सिंगापुर, यू.के., यू.एस.ए., दक्षिण अफ्रीका, युगाण्डा, यू.ए.ई. की यात्रा कर चुके डॉ. चरणदास महंत समय पाते ही सारागांव जरूर जाते हैं। सारागांव के पुराने मित्र संगवारी, जोड़ीदार, सहयोगी परिजन से बहुंत गहराई से जुड़े डॉ. चरणदास महंत के पास तरह-तरह की भाषा है। वे विद्वानों की भाषा भी बोलते हैं और अपने लंगोटिया यारों से लफूटगिरी की भाषा का भरपूर इस्तेमाल करते हैं। यही कौशल उन्हें हर वर्ग से जोड़कर रखता है।

वे 1980-85 में विधान सभा के लिए पहली बार चुने गए। 85-90 में दूसरी बार। 88-89 में म.प्र. के राज्य मंत्री बने। 93-98 में तीसरी बार विधायक चुने गए। 93-95 स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री बने। 1995-98 में केबिनेट मंत्री गृह, जनसम्पर्क बने। 1999 में सांसद बने। 21 मार्च 2006 को अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी। 2009 से 2014 सांसद। 12 जुलाई 2011 को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृषि एवं खद्य प्रसंस्करण भारत सरकार बने। 4 जनवरी 19 से 17 दिसंबर 23 तक अध्यक्ष छत्तीसगढ़

विधान सभा रहे। 19.12.23 से नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ हैं। वे कबीर दर्शन के गहरे जानकार हैं। कबीर-चिंतन, हिन्दू कहे मोहे राम प्यारा, मुसलमान रहमान, तथा छत्तीसगढ़ के सामाजिक धार्मिक आन्दोलन उनके द्वारा लिखित महत्वपूर्ण चर्चित ग्रंथ हैं। वे छोटे से छोटे व्यक्ति के आग्रह का मान रखते हैं। मेरे आग्रह पर 1995 में वे मुख्य अतिथि के रूप में मेरे गृह ग्राम लिमतरा में आयोजित कबीर प्रसंग में आए। मैं उनके साथ सारागांव की यात्राएँ भी कर चुका हूं। उन्होंने कबीर की छै सौवीं जयन्ती पर एक पुस्तक लिखने का दायित्व मुझे सौंपा। पुस्तक के लिए उन्होंने तब शासन की ओर से घोषित सम्मान राशि चालीस हजार प्रदान किया। वह पुस्तक अब तीन संस्करणों में प्रकाशित चर्चित है। पुस्तक छत्तीसगढ़ में कबीर के लेखन के लिए देश के विद्वानों के बीच आयोजित समारोह में भी मुझे उन्होंने प्रस्तुति देने का अवसर दिया।

डॉ. चरणदास महंत की एक यह भी विशेषता है कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित सम्मानित करने का कोई अवसर वे नहीं छोड़ते। मेरा प्रथम उपन्यास देशबंधु में लगातार 32 अंकों में छपकर चर्चित हुआ। देशबंधु द्वारा उपन्यास लेखन का खुला आमंत्रण था। यह मेरा उपन्यास प्रस्थान ललित जी को पसंद आया।

उन्होंने प्रति सप्ताह छापकर पुस्तक रूप में भी प्रकाशन हेतु प्रोत्साहित किया। प्रथम उपन्यास प्रस्थान को डॉ. चरणदास महंत ने अपने यशस्वी पिता बिसाहू दास महंत की स्मृति में भोपाल के रविन्द्र हाल में पुरस्कृत किया।

तत्कालिन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हाथों यह सम्मान मिला था। तब से लगातार उनसे सम्पर्क बना रहता है। डॉ. चरणदास महंत छत्तीसगढ़ विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं। लेकिन अपने प्रियजनों के लिए कभी उनके पास समय की कमी नहीं रहती। जो लोग राजनीति मे रहकर अति महत्वाकांक्षों के कारण आग मूतते हैं उन पर बात चली तो एक अवसर पर उन्होंने कहा था कि आग मूतने वाले बहुंत जल्दी निढाल हो जाते हैं। इसलिए मैं ससन भर आग मूतते देख लेता हूँ। कहता कुछ नहीं। अभिमानी और बड़बोले लोग इसील जीवन में पराभव की सजा पाते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1857 में आज ही के दिन बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। 1872 में 18 जुलाई को ही ब्रिटेन में चुनाव में गुप्त मतदान अधिनियम आया और इससे पहले मतदान खुले तौर पर किए जाते थे। 1907 में आज ही के दिन फ्रांसीसी सैनिकों ने कैसाब्लांका पर कब्जा किया था। 1918 में 18 जुलाई को ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म हुआ था। 1947 में आज ही के दिन ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत स्वतंत्रता अधिनियम को ब्रिटेन के सम्राट द्वारा मंजूरी दी गई थी। 1951 में 18 जुलाई को ही उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया था। 1955 में आज ही के दिन परमाणु ऊर्जा से उत्पादित बिजली को व्यावसायिक रूप से पहली बार बेचा गया था। 1977 में 18 जुलाई को ही वियतनाम संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना था। 1980 में आज ही के दिन पूर्ण रूप से भारत निर्मित उपग्रह 'रोहिणी-1' पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हुआ था। 1985 में 18 जुलाई को ही सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1994 में आज ही के दिन ब्राजील ने चौथी बार विश्व कप फुटबाल चैंपियनशिप जीती थी। 1996 में 18 जुलाई को ही भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी स्मृति मंधाना का जन्म हुआ था। 2000 में 18 जुलाई को ही रातू जोसेफ इलोइलो ने फिजी के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रातों में नींद का न आना

रातों में नींद का न आना यूँ ही किसी से बेवजह उलझ जाना बेचैनियाँ, उलझनें, बेहिसाब परेशानियाँ पेशानी पर बार -बार आना पसीना ये लक्षण नहीं है बीमारी के ये किसी उपन्यासकार की उर्दू लिपि में लिखी गई यादों की जिल्द में सजे सिलसिलेवार सफ़े हैं जो एक के बाद एक खुद ही खुलते चले जाते हैं

\- रामकिशोर उपाध्याय

तुम्हारे आने की आहट

तुम्हारे आने की आहट, मैं पहचान लेती हूं, तुम्हे महसूस करती हूं,और सब जान लेती हूं। चाहे तुमको नहीं हो कोई मुझसे मोहब्बत, मगर मैं तुमसे हूं जिंदा बस ये मान लेती हूं।

\- आकांक्षा द्विवेदी

ख़ास पाती | हर बार बोलूं मैं हीं क्या कभी तुम भी



हर बार बोलूं मैं हीं क्या कभी तुम भी तो समझो मेरे दिल की जुबां कि राह बिखरी सी है कभी खुद से तो कभी जहाँ से उलझे से हैं... कि आंखों में समंदर लिए चेहरे पे मुस्कान तने से हैं कि कट रही है ज़िन्दगी ऐसे भीड़ में भी तन्हां हो जैसे पर मैं शिकायत करूँ भी तो किस से कि यहाँ लड़ाई भी अपनों से हीं है. चलो माना चलो माना तुम हीं सही और मैं हीं गलत हूँ फिर अपना हक़ मुझपर जताते क्यूँ हो ?? गर इतनी गलत हूँ तो मुझसे वास्ता बनाते क्यूँ हो यूँ तो मेरे सामने भी देते रहते हो ताने मुझको पर पीठ पीछे जो मेरी बुराई करते हो सच बताना. सच बताना कि मैं इतनी बुरी हूँ क्या?? - **रश्मि अभय**

मैं एक अंजान रास्ते पर चल पड़ा था

मैं एक अंजान रास्ते पर चल पड़ा था , मैं था मेरा एक साथ था , रौशनी थी , खुशनुमा सा हर पल था , रास्ता चला वक्त चला , रौशनी देता सूरज जब कहीं किसी ओट में छिप जाता, अंधकार सा छा जाता, तो मेरी कैफियत बढ़ जाती मेरा साथ .. अँधेरे में कही खो जाता , मेरा मन एक मरीचिका में जी रहा था , तन्हा रास्तों पर तन्हाई को दूर करती , रौशनी और छाया के खेल में बनते-बिगड़ते , अपनी ही परछाई ,अपने ही बिम्ब को , अपने साथी के रूप में देख रहा था, मैं तो तन्हा रास्तों पर तन्हा ही था ।। - **नमन कुमार मिश्रा**

सपने सजाकर ढ़ेर सारे खुली आँखों

सपने सजाकर ढ़ेर सारे खुली आँखों से भटकती राह को मंजिल की राह दिया, जीवन की वास्तविकता को हृदय से भ्रामक जग में अपनी खुली बाँह दिया, समेटकर सभी सुखों को इन नन्हें डैनों में हर नई सोच को बस ऊंची उड़ान दिया, थका ना था मन सपने पाले आँखों में मैंने सुन्दर नीड़ सजाने डैनों को परवाज दिया,, - **ललित उपाध्याय**

कभी आ भी जाना, बस वैसे ही जैसे

कभी आ भी जाना, बस वैसे ही जैसे, परिंदे आते है आंगन में, या अचानक आ जाता है कोई झोंका ठंडी हवा का। जैसे कभी आती है सुगंध पड़ोसी की रसोई से, आना जैसे बच्चा आ जाता है बगीचे में गेंद लेने, या आती है गिलहरी पूरे हक़ से मुंडेर पर। जब आओ तो दरवाजे पर घंटी मत बजाना, पुकारना मुझे नाम लेकर, मुझसे समय लेकर भी मत आना। हाँ, अपना समय साथ लाना फिर दोनों समय को जोड़ बनाएंगे एक झूला। अतीत और भविष्य के बीच उस झूले पर जब बतियाएंगे तो शब्द वैसे ही उतरेंगे जैसे कागज़ पर उतरती है कोई कविता बन। और जब लौटो तो थोड़ा मुझे ले जाना साथ, थोड़ा खुद को छोड़े जाना, फिर वापस आने के लिए।। - **संतोष कुमार मिश्रा**

नव जन्म की खुशी माता-पिता को करती दुखी

नव जन्म की खुशी माता-पिता को करती दुखी कोई रोग लेकर जब दुनिया में आती मासूम हंसी कभी जो था सामान्य बच्चों को मिलती निरोगी काया अब वही लगता दुर्लभ रोगों से लड़ने की नहीं बची शक्ति अपनाएं प्राकृतिक जीवन तब ही होगी सुरक्षित नई संतति दौलत न देकर जाएं मगर, आरोग्य देकर पाएं मन की शांति।। - **सुश्री इंदु सिंह**

क्या हम उनको नज़र नहीं आते क्यों वो

क्या हम उनको नज़र नहीं आते क्यों वो घर आके घर नहीं आते काश होती जो याद मौसम सी याद वो हर पहर नहीं आते हमने जाना है आपसे मिलकर हादसे बोलकर नहीं आते मुंतज़िर हैं घरौंदे ख़्वाबों के नींद के पंछी घर नहीं आते ख़ैर मकदम कोई करे कैसे धड़ तो आते हैं सर नहीं आते कैसी बंजर हुई हैं 'भवि' आँखें अश्क अब बूँद-भर नहीं आते

\- **शुचि 'भवि'**

प्रेरक प्रसंग

सज्जनों की पहचान

गेरुआ वस्त्र, सिर पर बड़ी पगड़ी, एक हाथ में डंडा और कांधे पर बड़ी चादर डाले, स्वामी विवेकानंद अमेरिका के शिकागो शहर की सड़कों से होते हुए कहीं जा रहे थे, तभी उनकी यह पोशाक सड़क पर जा रहे अमेरिकी लोगों के लिए एक जिज्ञासा का वस्तु बन गई। उनके पीछे-पीछे चल रही एक औरत ने अपने साथी पुरूष से कहा - ÷जरा इन अजीब वेशभूषा वाले महाशय को तो देखो, कैसे अजीब से कपड़े पहन रखे हैं!

विवेकानंद जी को पीछे चल रही महिला की बात समझते देर न लगी, वे समझ गये की ये अमेरिकी लोग उनके भारतीय पहनावे को तुच्छ नजर से देख रहे हैं। विवेकानंद जी रूके और पीछे मुड़कर उस महिला को बोले- ÷बहन! मेरे इस भारतीय पोशाक पर आश्चर्यचकित न हो। तुम्हारे इस देश में किसी व्यक्ति के पोशाक को ही उस व्यक्ति के सज्जन होने की कसौटी माना जाता है, परन्तु जिस देश से मैं यहां आया हूं, उस देश में किसी व्यक्ति के सज्जन होने का भाव उसके पोशाकों से नहीं बल्कि उसके चरित्र व आचरण से आता है।

QUIZ TIME

1) वह नदी कौन-सी है जो एक विभ्रंश -घाटी से होकर बहती है?

2) स्कन्द पुराण में गढ़वाल को किस नाम से जाना जाता है?

3) एपीडा ने समुद्र के रास्ते किस देश को केले की पहली परीक्षण खेप के निर्यात की सुविधा प्रदान की?

4) हाल ही में किस देश के लक्जरी ब्रांड ब्रियोनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया है?

5) सैय्यद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी 2023 का पहली बार खिताब किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नर्मदा (2) केदारखण्ड (3) नीदरलैंड (4) इटली (5) पंजाब

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:39, सूर्यास्त: 07:15, चन्द्रोदय: 15:45, चन्द्रास्त: 25:57, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: वर्षा 25:57, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (पिंगल), कलियुगाब्द: 5126, मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : शुक्ल, प्रथम करण : वणिज (08:54 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:02 तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, अमृत काल : 16:23 से 18:03, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:27 से 27:13, अमृतसिद्धि योग : 05:27 से 27:13, विजय मुहूर्त : 14:42 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त : 19:18 से 19:38, सायाह्न सन्ध्या : 19:19 से 20:20, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:43, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:11 से 08:55, होमाहुति : शनि, दिशा शूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पूर्व - 27:13 से, अग्निवास : पृथ्वी (21:02 तक), भद्रावास : स्वर्ग (08:54 से 21:02)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आपका आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से हानिकारक रहेगा दिन के पहके भाग में शरीर मव शिथिलता अनुभव करेंगे।

वृष: आपके आज के दिन का अधिकांश समय सामाजिक गतिविधियों में व्यतीत होगा। स्वभाव में परोपकार की भावना रहने से किसी के कार्य को जल्दी से मना नही कर पाएंगे ।

मिथुन: आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज आपमे अंदरूनी तौर पर बुद्धि विवेक भरा रहेगा।

कर्क: आज का दिन आपको मिश्रित फल देगा। आज प्रातः से ही किसी कार्य को लेकर दुविधा में फंसे रहेंगे।

सिंह: आपका आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। आज प्रातः किसी के साथ वाद-विवाद होने की संभावना है।

कन्या: आज का दिन आपके लिए आशाजनक रहेगा। आज विशेषकर के दिनों से उलझे पैतृक कार्य एवं विदेश सम्बंधित मामलो में अधिक सफल होने की सम्भवना है।

तुला: आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। मध्यान तक का समय आलस्य में रहने के कारण किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे ।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए अनुकूलता से भरा रहेगा। आज जो कार्य आपको कठिन नजर आ रहे थे वे भी आपके प्रत्येक कार्य आसानी से पूर्ण होते जाएंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। पूर्व में जिन कार्यो से लाभ की संभावना देख रहे थे उनके निरस्त होने अथवा किसी अन्य कारण से हानि होने के प्रबल योग है।

मकर: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपकी परोपकार की भावना फलीभूत होगी पूर्व में किसी की सहायता करने का फल प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में अवश्य मिलेगा।

कुंभ: आज का दिन आपको कई शुभ फल प्रदान करेगा।

मीन: आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज व्यापार में आय एवं खर्च बराबर रहने से बचत नहीं कर पाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 120 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
धं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		यों			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

न्यूज गैलरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा बिलासपुर क्षेत्र अंतर्गत आज बेलतरा एवं मस्तूरी विधानसभा में मतदाता अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, पुन्नलाल मोहले, डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी, जिला अध्यक्ष राम देव कुमावात सहित पार्टी कार्यकर्ता ग्रामीणजन शामिल हुए।

सराफा व्यवसाय राज्य की तरक्की का प्रतीक : साव

उप मुख्यमंत्री साव छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

सराफा एसोसिएशन का वेब पोर्टल व क्यूआर कोड लांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण और आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसोशिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को लॉन्च किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य सुनील ओटवानी ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रुप में शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने नेतृत्व में प्रदेश भर के सराफा व्यापारियों को एकजुट करने का काम करेंगे। सराफा व्यवसाईयों के हितों के संरक्षण के साथ ही समाज सेवा का महती कार्य एसोसिएशन के माध्यम से होगा, ऐसी वे उम्मीद करते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोसिएशन के साथ खड़ा है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सराफा व्यवसाय किसी प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। सराफा व्यवसाय का बढ़ना राज्य की तरक्की का प्रतीक है। पहले एक खास क्षेत्र में सीमित रहने वाले सराफा दुकानों का अब शहर के अलग-अलग क्षेत्रों और बाजारों में विस्तार हो रहा है। पिछले 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सराफा का व्यवसाय करीब सौ गुना बढ़ा है। समारोह में विधायक श्री अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद यहां की सामाजिक और आर्थिक प्रगति हम सबने देखी है। प्रदेश में सराफा की नई दुकानें तेजी से खुल रही हैं जो बताती है कि यहां के लोगों की खरीदारी की क्षमता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान के लिए मैं सराफा व्यापारियों को धन्यवाद देता हूं। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य सुनील ओटवानी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी और कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने भी समारोह को संबोधित किया। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने स्वागत भाषण दिया। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव प्रकाश गोलछा ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश भर से आए विभिन्न सराफा एसोसिएशन्स के पदाधिकारी और सराफा व्यवसाई समारोह में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जेएमपी महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के लिए आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में गणित व रसायन शास्त्र में प्राध्यापक के एक-एक रिक्त पद और समाजशास्त्र व रसायन शास्त्र में सहायक प्राध्यापक के एक-एक रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 24 जुलाई सायं 05 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट www.govtjmpcollegetkp.com में अपलोड किया गया है। जिसका आवलोकन किया जा सकता है।

मझगांव स्कूल में गरीब बच्चों को पेन-कॉपी वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगांव में शिक्षकों के द्वारा विद्यालयों में अध्ययन कर रहे जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पेन एवं कॉपी का वितरण किया गया। लाभान्वित छात्रों में कक्षा नवमीं से इंद्राणी भानु, कीर्ति, निधि खुसरो, करण दास, जीत कुमार, ओम मरकाम, कक्षा दसवी से निशा पात्रे, दुर्गेश यादव, तुषार कुमार, संस्कार पुरैना, कक्षा ग्यारहवीं से पूनम मरावी, नितेश यादव बीना कुमारी, आकांक्षा पात्रे, महिमा, कक्षा बारहवीं से मिलौतिन मरावी, मुस्कान नेताम, रितेश यादव आदि रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पांडेय, तथा शिक्षकों से शोभाराम पालके,लीला राम खूंटे हेमंत अनंत, माधो कौशिक, रंजीत खूंटे, गीता पांडेय, अंजलि दुबे, पूनम सिंह रावत, सुशील ओट्टी उपस्थित थे।

राजमार्गों पर मवेशी, पशुपालकों के लिए जनचौपाल की तिथियां निर्धारित

बिलासपुर/नवप्रदेश। उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव के निर्देश पर जिले के प्रमुख नेशनल और स्टेट राजमार्गों में घुमन्तू पशुओं के कारण होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पशुपालकों को प्रेरित करने एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु जिले के चिन्हांकित क्षेत्रों में जनचौपाल का भी आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क. 130 अंतर्गत दर्रीघाट वि.खं. मस्तूरी एवं सेंदरी विखं बिल्हा को चिन्हित किया गया है। यहां जनचौपाल का आयोजन कर पशुपालकों को समझाईश देते हुए इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। अब तक 10 गांवों में जन चौपाल का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार 69 गांवों में जनचौपाल के लिए तिथियां निर्धारित कर ली गई है। जनचौपाल के तहत मस्तूरी ब्लॉक के दर्रीघाट गांव में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पशुपालकों की उपस्थिति में 2 एवं 9 जुलाई को तथा सेंदरी में 15 जुलाई को जनचौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों को घुमन्तू पशुओं को सड़क पर छोड़े जाने से होने वाले समस्याओं से अवगत कराने के साथ साथ पशुओं को सड़कों पर नहीं छोड़ने हेतु अपील एवं समझाईश दिया गया, जिससे घुमन्तू पशुओं के कारण सड़कों में होने वाली समस्याओं में कमी आ सकेगी। इस संबंध में सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं के लाभ तथा इससे आवारा पशु नियंत्रण में प्रभावी उपयोग पर जानकारी दी गयी जिसका सकारात्मक प्रभाव ग्रामीणों एवं पशुपालकों पर पड़ा तथा आवारा पशुओं के नियंत्रण के संबंध में ग्रामीणों द्वारा सुझाव भी दिये गये। इसी अनुक्रम में जिले के चारों ब्लॉक के सीईओ द्वारा विकासखंडवार चिन्हांकित ग्रामों में जनचौपाल आयोजन हेतु तिथिवार कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें विकासखंड बिल्हा अंतर्गत अटर्रा एवं बेलतरा में 18 जुलाई, पेण्ड्रीडीह एवं भरवीडीह में 19 जुलाई, हरदी एवं लिम्हा में 22 जुलाई, भरारी में 23 जुलाई एवं नवगवां में 24 जुलाई को जनचौपाल का आयोजन किया जावेगा। विकासखंड कोटा अंतर्गत 18 जुलाई को पीपरतराई, रानीगांव, लालपुर, दारसागर व चुरेली में, दिनांक 19 जुलाई को अमने, कर्रा, पोड़ी, बानाबेल व केंदा में, 22 जुलाई को कलारतराई, मेलनाडीह, खैरा, आमामुड़ा व नेवारीबहरा में, 23 जुलाई को रानीसागर, चपोरा, छतौना, छतौना व बरपाली में, 24 जुलाई को जाली, बारीडीह व परसापानी में 25 जुलाई को कंचनपुर में एवं 26 जुलाई को मझवानी में जनचौपाल का आयोजन किया जाना है।

टुल्लू पंप और बिजली कटौती से 25 गांवों में पानी की किल्लत

हाईकोर्ट ने कहा- पंचायतें देखें व कार्रवाई करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन से पानी सप्लाई नहीं किये जाने के मामले में कोर्ट कमिश्नर ने हाईकोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें जानकारी दी कि सभी गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा है, किन्तु कुछ ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींच रहे। इस कारण आगे के घरों में कम पानी जा रहा है। साथ ही बिजली कटौती की भी समस्या है। इस पर कोर्ट ने कहा ग्राम पंचायत इसे देखे और टुल्लू पम्प लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे। इसके साथ कोर्ट ने जनहित याचिका को निराकृत कर दिया। राजनांदगांव निवासी देवेंद्र मोहन ने राजनांदगांव के 25 गांव में पाइप लाइन से पानी नहीं मिलने एवं चेक डेम का गलत जगह निर्माण किये जाने की बात कहते हुए याचिका दायर की। पिछली सुनवाई में शासन ने जवाब प्रस्तुत कर कहा कि सभी गांवों के घरों में पानी दिया जा रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इस जानकारी को गलत बताया। इस पर चीफ जस्टिस ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर जांच रिपोर्ट मांगी। कोर्ट कमिश्नर ने उल्लेखित गांवों का दौरा कर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी गांव में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही किन्तु ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर सीधे पाइप से पानी ले रहे हैं। इस कारण आगे के घरों में बूंद-बूंद पानी जा रहा है। इस पर कोर्ट ने ग्राम पंचायतों को टुल्लू पम्प लगाकर पानी लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कलेक्टर को भी इस मामले में कार्रवाई को को कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने यह भी कहा कि पानी की जांच नहीं हो रही। बिजली न रहने के कारण भी पानी आपूर्ति में बाधा आ रही है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएसपीडीसीएल को बिजली आपूर्ति करने का आदेश दिया है।

जनमन आवास में गृह प्रवेश का सिलसिला जारी

बैगा, बिरहोर आदिवासियों के बहुरेंगे दिन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम करका के नकताबंधा में 23 बैगा बिरहोर आदिवासियों को पी.एम.जनमन आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। इनमें से 5 आवासो को पूर्ण करा उन्हें गृह प्रवेश कराया गया और 10 आवास भी पूर्णता की ओर है। शेष कार्य प्रगति पर हैं। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, सरपंच रेवती भानु, सीईओ कोटा युवराज सिन्हा, खंड समन्वयक आवास तामेश्वरी सिंह, तकनीकी सहायक यशवंत सिंह साहू, उपभियंता मनीष यादव, सचिव महेश्वरी ध्रुव, ग्राम रोजगार सहायक हामिद खान एवं ग्राम वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

ग्राम करका निवासी मेलु राम बैगा, तिलमती बैगा, शिवकुमारी बैगा, हीरा बाई बैगा, रामकली बैगा वनाच्छादित क्षेत्र में निवास करते है। वे जीवन यापन के लिए जंगलो में तेंदुपत्ता संग्रहण, बांस की लकड़ियों से कलात्मक पात्र (टुकनी, झाड़ू, पर्रा) इत्यादि बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं। पक्के घर का सपना इस सीमित आय के साथ असंभव था। ग्राम में बांस की लकड़ियों से ढके हुए कच्चे मिटटी के दो कमरों में निवास करना वन परिवेश में अपने आप में बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से उनके पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। फिलहाल 5 हितग्राहियों का आवास बनकर पूर्णत रहने योग्य है जिसका गृह प्रवेश उन्होंने बड़े जोर शोर से किया तथा उस आयोजन के साक्षी जनपद कोटा के अधिकारी कर्मचारी बने। वन क्षेत्रों में योजना का सफल क्रियान्वन ही सही मायनो में योजना की सार्थकता का प्रतीक है।

सड़कों पर गोवंश की मौत, गौठानों को व्यवस्थित करें सरकार: शैलेष

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीजेपी गोवंश पर राजनीति करती है लेकिन पालन पोषण के लिये ठोस काम नहीं करती है। बीजेपी ने पंद्रह साल में जो नही किया वो गोवंश की रक्षा के लिए कांग्रेस ने किया। बिलासपुर पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने सड़कों पर आए दिन वाहनों की चपेट में आकर पशुओं की हो रही मौत पर चिंता जताते हुए कहा कि दिन कहीं न कहीं दर्जनों गोवंश की मौत हो रही है। सड़क पर पूरे प्रदेश में गोवंश बरसात और गंदगी के कारण बैठी रहती है क्योंकि उनके पालक उनको खुला छोड़ देते है इसमें से अधिकतर गायें शायद दूध नहीं देती है इसलिए भी गो पालक उन पर ध्यान नहीं देते है। रोज दुर्घटनाएँ हो रही है और गोवंश की मौत हो रही है साथ ही साथ मनुष्य भी मृत हो रहे है और दुर्घटनाओं का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। सरकार को इस पर भी कोई क़ानून लाना चाहिए और इस दिशा में कड़ा कदम उठाना चाहिए। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पहल करते हुए प्रदेश में हज़ारों गोठान बनाए और हजारों एकड़ जमीन सुरक्षित किया लेकिन गोवंश पर राजनीति करने वाली बीजेपी की सरकार ने कभी भी इस दिशा में ठोस पहल नहीं किया। आज प्रदेश के गोठान ख़राब हो रहे है क्योंकि वो कांग्रेस में बनाये थे इसलिए बीजेपी उसको ख़राब परियोजना मानती है क्योंकि उसने उसका विरोध किया था लेकिन कांग्रेस ने ठोस काम तो किया गोवंश के लिए,अब बीजेपी सरकार को चाहिए कि गोवंश को बचाने के लिए गोठानों को और व्यवस्थित करे और गोवंश की रक्षा करने के लिए आगे बढ़े न कि उसका विरोध करे।

व्यक्तिगत जानकारी किसी को न दें साइबर फ्रॉड से बचें: ब्रम्हाकुमारी

पब्लिक स्कूल में लगाई साइबर की पाठशाला

सीपत/नवप्रदेश। इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर साइबार अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। जब आप साइबर अपराध के बारे में सुनते और पढ़ते हैं, तो आप पूरी तरह से इंटरनेट का उपयोग बंद कर दे यह संभव नहीं है इसके बजाय, इस तरह के साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक रहना अच्छा है।

उक्त वक्तव्य बिलासपुर ब्रह्माकुमारीज की मुख्य सेवाकेंद्र द्वारा स्वाति दीदी के मार्गदर्शन पर सीपत स्थित ब्रह्माकुमारी शाखा द्वारा वीरानी पब्लिक स्कूल में साइबर की पाठशाला से अवगत कराते हुई बीके मनु दीदी ने कहा। आगे दीदी ने बताया कि यदि आपने अपने घर की चाबी किसी को दे दी है और आप अपेक्षा कर रहे हैं कि घर में कुछ भी ना हो तो यह बहुत हास्यस्पद बात है। उसी प्रकार से ओटीपी बैंक खाते की चाबी है। कभी भी नही देना है। जो बैंक वाले भी आपसे कभी भी ओटीपी नही मांगते है। किसी भी प्रकार की सूचना व व्यक्तिगत जानकारी जैसे अपनी जन्म तिथि अपना आधार कार्ड आदि इंटरनेट पर साझा करते है वह पूरी तरह से डिलीट कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है। फ्रॉड वाले आपके व्यक्तिगत जान जानकारी के द्वारा फ्रॉड कर सकता है आपको किसी भी अपराध में फंसा सकता है। इसलिए अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सांझा न करे। कई बार हम जल्दबाजी में आ जाते है और अनजाने लिंक पर उसके परिणाम को जाने बिना क्लिक कर देते है। हमारी जल्दबाजी वा लापरवाही हमें बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। किसी भी अनजान व्यक्ति के द्वारा कुछ भी दी हुई चीज आपको नहीं खाना है, परंतु हमें यह भी समझना है कि किसी अनजांन व्यक्ति से हमें मदद भी नहीं लेना है।कार्यक्रम की शुरुआत विधि पूर्वक दीप प्रज्वलन कर किया गया। बीके प्रज्ञा दीदी विद्यालय के प्राचार्य तारागिरी शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मछलीपालन बना ग्रामीणों की आय का जरिया

अमृत सरोवर चौहा से ग्रामीणों के जीवन की बदली दिशा

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर पनपीता तालाब गहरीकरण होने से मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम चौहा के ग्रामीणों के जीवन की दशा और दिशा बदल गई है। ग्रामीणों को निस्तारी की सुविधा के साथ ही, खेती-किसानी के लिए सिंचाई सुविधा का एक अन्य विकल्प मिल गया है। साथ ही आजीविका के लिए मछली पालन कर किसान अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे है साथ ही मनरेगा योजना के तहत पंजीकृत परिवारों को भी रोजगार प्राप्त हुआ।

मस्तूरी विकासखण्ड में तालाब गहरीकरण से ग्रामीणों को अनेकों सुविधाएं प्राप्त हुई है। गांव में पनपीता तालाब का क्षेत्रफल तो अधिक था लेकिन उबड़ खाबड़ और गहराई नहीं होने से अधिक मात्रा में पानी का भराव तालाब में नहीं हो पाता था। यहां बरसात के मौसम का पानी भी सूख जाता था जिससे ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या, मछलीपालन करने वाले लोगों को आर्थिक नुकसान एवं किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। खेती किसानी के कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामवासियों ने बताया कि तालाब गहरीकरण के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव होने के बाद कार्य स्वीकृत कया गया। कार्य स्वीकृत होन के बाद मनरेगा के तहत जॉब कार्ड धारियों में पात्र मजदूरों के माध्यम से 4956 मानव दिवस सृजित कर कार्य संपूर्ण किया गया।

रेलवे कैटरिंग स्टाल के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों के केटरिंग स्टॉल कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र के प्रयोग का प्रशिक्षण देने के अभियान की शुरुआत की गई है। इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों को आग से संबंधित आपात स्थितियों में उचित तरीके से प्रतिक्रिया देने की विस्तृत जानकारी मिलती है । इस अभियान से आग से संबंधित आपात स्थितियों में उचित तरीके से अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर सकेंगे जिससे स्टेशनों में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा संगठन (स्पेशल सेल) की टीम द्वारा बिलासपुर स्टेशन स्थित केटरिंग स्टाल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। आगजनी के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रदर्शन कर सभी को बताया गया तथा अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। अग्निशमन विभाग को सूचित करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह भी दी गई। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि यात्रियों और स्टेशन परिसर की भी सुरक्षा बढ़ती है।

निर्माण | चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन नेशनल हाईवे में रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लांचिंग

चांपा-सारागांव रुट पर पॉवर ब्लाक, 5 दिन ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा एवं सारागांव रोड़ में चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन नेशनल हाइवे में रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लांचिंग कार्य हेतु 5 दिन ट्राफिक कम पावर ब्लाक लेकर कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

प्रभावित होने वाली गाड़ियों का विवरण इस प्रकार हैः- **रद्द होने वाली गाडियां-** 19, 20, 29 जुलाई व 04 एवं 08 अगस्त को गाड़ी संख्या 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 05 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08738 बिलासपुर- रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 05 एवं 09 अगस्त को गाड़ी संख्या 08737 रायगढ़- बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त' 2024 को गाड़ी संख्या 08734 बिलासपुर- गेवरा रोड मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। **गंतव्य/प्रस्थान बिन्दु से पहले समाप्त एवं शुरू की जाने वाली गाडियां-** 20, 21, 30 जुलाई व 05 एवं 09 अगस्त' 2024 को गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर में समाप्त होगी । यह गाड़ी बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त' को गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा- गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर से ही गोंदिया के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है एवं ऐसे विकास कार्यों के लिए सहयोग की आशा करता है।

माथुर ने रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया

समीर कान्त माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार विकास कुमार कश्यप से ग्रहण किया। विकास कुमार कश्यप की पदस्थापना परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में की गई है । समीर कान्त माथुर भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 2011 बैच के अधिकारी है। श्री माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे ।

■ न्यूज गैलरी

अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय सचिव बने डॉ लक्ष्मीचंद्र

कांकेर/नवप्रदेश। शहर वासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपनी ने एक आदेश जारी कर स्थानीय चिकित्सक डॉ लक्ष्मी चंद्र लालवानी को अखिल भारतीय सिंधी समाज का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। गौरतलब है कि डॉक्टर लालवानी विगत 50 वर्षों से भी अधिक समय से कांकेर में अत्यंत लोकप्रिय निजी चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं । वे कांकेर नगर पालिका के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अपने कर्तव्य पालन के लिए 24 घंटे सेवा भाव के साथ तत्पर रहते हैं। वे अपने समाज की पूज्य पंचायत के अध्यक्ष (मुखी) भी रह चुके हैं। उनकी लोकप्रियता कांकेर के प्रत्येक समाज में है क्योंकि अत्यंत मिलनसार समाज सेवक हैं यह अत्यंत गौरव का विषय है कि अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाज की सेवा का अवसर प्रदान किया गया है। इस सम्मान के लिए जिले के सिंधी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों तथा मित्र मंडली ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था ÷जन सहयोग÷ के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी द्वारा डॉक्टर लालवानी को साधुवाद, धन्यवाद, बधाइयां देते हुए कहा है कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर आपने पूज्य पंचायत (कांकेर छत्तीसगढ़) का सम्मान सारे देश में बढ़ाया है।

बीमारी से परेशान प्रधानअध्यापक ने फांसी लगाकर जान दी

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले के नगरनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरन्दी 2 चिलकुटी निवासी 54 वर्षीय प्रधान अध्यापक सुदुराम कश्यप पिता मंगरु कश्यप ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे महारानी अस्पताल लेकर पंहुचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार 17 जुलाई को शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरन्दी 2 चिलकुटी निवासी सुदुराम कश्यप पिता मंगरु कश्यप 54 वर्ष जो कि माध्यमिक शाला हलबाकचौरा में प्रधान अध्यापक के पद पर पदस्थ थे। परिजनों ने बताया कि इनके पुत्र कृष्ण कश्यप और पिता सुदुराम दोनों का इलाज लंबे समय से चल रहा था, जिसके कारण वे काफी परेशान थे। बीती रात परिजनों के साथ खाना खाने के बाद सोने के लिए अपने कमरे में चले गए। रात को लगभग तीन से चार बजे के बीच अपने कमरे से निकलकर घर के आंगन में पेड़ में फांसी लगा ली। सुदुराम की बेटी प्रीति ने पिता को फांसी पर लटके देखा और परिजनों को आवाज लगाई। जिसके बाद रस्सी को काटकर महारानी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

पांच दिन और बीस घंटे की मेहनत से बनाया विद्यालय का विजन

नगरी/नवप्रदेश। सेजेस सिंगपुर विकासखण्ड मगरलोड में इस वर्ष विजन आधारित शिक्षण प्रारम्भ हो गया है। ज्ञात को कि इस विद्यालय में पांच वर्ष के विजन का निर्माण करने में कुल पांच दिवस एवम बीस घण्टे का समय लगा है। शाला प्रबंधन एवम विकास समिति के समर्थन एवम प्राचार्य के मार्गदर्शन में बने विजन 2029 के निर्माण में प्रत्येक शिक्षक की भागीदारी रही है। प्रत्येक शिक्षक के सुझाव को इसमें शामिल किया गया है।गहन चिंतन मनन कर बने इस विजन को साकार करने में समूचा विद्यालय प्रबंधन लगा हुआ है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनंजय साहू ने बताया है कि विजन आधारित योजना बनाकर कार्य करने से बच्चों में अभी से बदलाव दिखाई देने लगा है। आने वाले दिनों में इसका परिणाम सामने आएगा।इ

बैंक ने डेबिट क्रेडिट कार्ड से उपभोक्ता के पैसे काटे

■ **उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित को राशि के साथ क्षतिपूर्ति का दिया आदेश**

कांकेर/नवप्रदेश। बैंकिंग सेवाओं में लापरवाही तथा लोगों को अपने ही पैसे के लिए दिन भर घूमाने और लोन पाने के लिए महीनों चक्कर खिलाने के लिए अब तक तो एक विशेष बैंक ही बदनाम था, अब अन्य बैंक भी उसी के चरणचिन्हों पर चलते नज़र आ रहे हैं। इनमें उल्लेखनीय नाम है एचडीएफसी बैंक का,जहां अन्नपूर्णा पारा कांकेर की योगिता नाग पिता घनश्याम ने अपने सेविंग बैंक खाते में 47000/ से अधिक की रकम रखी हुई थी, जिसके अंदर कई प्रकार के डेबिट क्रेडिट करके बैंक ने 15100/ दबा दिए। जिसे वापस पाने में उपभोक्ता योगिता को लंबे समय तक चप्पल घिसनी पड़ी तब कहीं जाकर बैंक ने अपनी गलती मानते हुए

15100/ रुपए खाते में जमा करने की सूचना दे दी और प्रकरण समाप्त मान लिया गया लेकिन कुछ ही समय बाद फिर बैंक ने डेबिट क्रेडिट का चक्कर व्यक्तिगत ऋण पर्सनल लोन की किश्त के नाम पर चला दिया और फिर एक बार बिना किसी सूचना के 15100/ दबा दिए इस चक्कर से परेशान हो कर योगिता नाग ने उपभोक्ता आयोग की शरण ली, जहां अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने अपने महत्वपूर्ण फ़ैसले में बैंक की मनमानी को उजागर करते हुए 24 जून 2024 को आदेश दिया कि 15100/- उपभोक्ता योगिता नाग को एक माह के अंदर वापस किया जाए तथा इसमें विलंब होने पर ?100/ प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भरा जाए । इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना का मुआवजा ?5000/ तथा मुक़दमे का व्यय ?3000/ भी उपभोक्ता को प्रदान करें। आशा की जाती है कि अपने ग्राहकों के खाते के साथ डेबिट क्रेडिट का खिलवाड़ करने वाले बैंकों के लिए यह फ़ैसला एक तगड़ा सबक साबित होगा। आम जनता द्वारा उपभोक्ता आयोग के इस फ़ैसले की प्रशंसा की जा रही है तथा उपभोक्ता आयोग एक विश्वस्त न्यायप्रिय संस्था के रूप में पहचानी जाने लगी है।

खेत गए एक ही परिवार के तीन लोग बाढ़ में फंसे

■ **रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम पुसवाड़ा के मांझापारा निवासी भुनेश्वर साहू, उनकी पत्नी श्रीमती रोमिन साहू और बेटा तोरण साहू आज खेत गए थे, इसी दौरान नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने से तीनों बाढ़ में फंस गए। घटना की जानकारी मिलते कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार उन्हें नगरसेना की टीम के द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित ढंग से बाढ़ से निकाल लिया गया है। इसका पता चलते ही कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने मौके पर जाकर तीनों पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उनके साथ राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा भी मौजूद थे।

सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

■ **अब तक 6 लाख 85 हजार 395 हितग्राहियों का हो चुका है पंजीयन**

कांकेर/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एम.सी.एच. कांकेर, एम.सी.एच. पखांजूर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा आम जनता से अपील की गई कि जिन्होंने अभी तक अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा पाए हैं, वे छूटे हुए हितग्राही अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर के साथ अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर अपना तथा अपने परिवार का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा लें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि जिले के ऐसे नागरिक जिसका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, वे अपने संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों से संपर्क कर अपना तथा अपने परिवार के छूटे हुए सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है, जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कुल लक्ष्य 07 लाख 42 हजार 958 है, जिसमें से 06 लाख 85 हजार 395 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन हो चुका है, जो कि लक्ष्य का 92.26 प्रतिशत है। साथ ही कांकेर जिला छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। विकासखण्ड चारामा में 97.74 प्रतिशत, नरहरपुर में 95.99 प्रतिशत, कांकेर में 92.71 प्रतिशत, कोयलीबेड़ा में 92.44 प्रतिशत, भानुप्रतापपुर में 90.50 प्रतिशत, दुर्गूकोंदल में 86.39 प्रतिशत तथा अंतागढ़ में 84.31 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन हो चुका है।

छात्राओं को साइकिल मिलने पर छलका उत्साह

छात्राए मोबाइल नहीं मेहनत कर अपने सपनों को करें पूराः आशा नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किशनपुरी मे विधायक आसाराम नेताम ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की छात्राओं को सायकल वितरण की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि आसाराम नेताम ने छात्राओं को मोबाइल फोन का उपयोग कम करने को कहा और अध्ययन में अधिक मेहनत करने की सलाह दी।

आसाराम नेताम ने कहा कि साइकिल वितरण से छात्राओं को अब स्कूल जाने-आने में अधिक सुविधा मिलेगी और उन्हें अधिक समय अध्ययन में लगाने का मौका मिलेगा। उन्होंने इस योजना को शिक्षा प्राप्त करने में छात्रों की परेशानी को दूर करने का माध्यम बताया और इसे शिक्षा के प्रति अपने समर्थन का प्रतीक भी बताया।इस समारोह में छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने खूबसूरत अभिवादनों के बादल बरसाए और यह उम्मीद जताई कि इस योजना से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का आगमन होगा।

इस अवसर पर पूर्व मत्स्य बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुर्री जनपद पंचायत अध्यक्ष कांकेर रामचरण कोराम भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती जनपद सदस्य विमल नेताम ग्राम पंचायत सरपंच सत्यवती नेताम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुशल नेताम , भाजपा आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष जीवन नेताम गोकरण नाग ,भाजपा मंडल महामंत्री धनेश कौशिक, ग्राम पंचायत देवगांव सरपंच अखिलेंद्र नेताम,भाजपा कार्यकर्ता हेमंत साहू आसंकरण ध्रुव महमुद अली रामु साहू, आत्मा साहू उपसरपंच ललिता मरकाम, ग्राम पटेल गंगाराम निरंगंना, कोमल नेवरा, विधायक मीडिया प्रभारी अशोक जैन सुरज मंडावी पंचायत सचिव संजय कलिहारी,शाला के प्राचार्य कमलेश यादव एवं विद्यालय शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं सहित भारी संख्या में गांव ग्रामीण उपस्थित थे।

किशनपुरी में नवीन ग्राम संगठन भवन लोकार्पित

■ **ग्राम संगठन भवन बनने से समूह की महिलाओं को बैठक की सुविधा**

कांकेर/नवप्रदेश। नरहरपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनपुरी में विधायक आशाराम नेताम के पहुंचने पर गांव के लोगों स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारी। मांदरी नर्तक दल ने उनके लिए विशेष नृत्य से आयोजन की खूबसूरती बढ़ा दी। विधायक और अतिथियों को मांदरी के धुन पर नर्तक दल ने कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया।

विधायक आसाराम नेताम ने ग्राम संगठन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक नेताम ने कहा किग्राम संगठन भवन बनने से समूह की महिलाओं को बैठक करने में सुविधा होगी। यहां विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार महिलाओं को प्रतिमाह?1000 उनके खाता में डाल रही है।इस अवसर पर पूर्व मत्स्य बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा,जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम,पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुर्री जनपद पंचायत अध्यक्ष कांकेर रामचरण कोराम भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती जनपद सदस्य विमल नेताम ग्राम पंचायत सरपंच सत्यवती नेताम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुशल नेताम , भाजपा आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष जीवन नेताम गोकरण नाग ,भाजपा मंडल महामंत्री धनेश कौशिक, ग्राम पंचायत देवगांव सरपंच अखिलेंद्र नेताम,भाजपा कार्यकर्ता हेमंत साहू आसंकरण ध्रुव महमुद अली रामु साहू, आत्मा साहू उपसरपंच ललिता मरकाम, ग्राम पटेल गंगाराम निरंगंना, कोमल नेवरा, विधायक मीडिया प्रभारी अशोक जैन सूरज मंडावी पंचायत सचिव संजय कलिहारी,शाला के प्राचार्य कमलेश यादव एवं विद्यालय शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं सहित भारी संख्या में गांव ग्रामीण उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस ने सीएम और स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका

■ **बैगा आदिवासियों की व बीजापुर के पोटाकेबिन में बच्चों की मौत की जिम्मेदारी ले सरकारः सुरेश नाग**

कांकेर/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस के द्वारा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस सुरेश नाग जिला महासचिव के नेतृव में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्रदेश की विष्णु देव सरकार व स्वास्थ विभागकी घोर लापरवाही नाकामी की वजह से कवर्धा के सोनवाही के बैगा आदिवासियों की मौत व बीजापुर के पोटाकेबिन में छोटे बच्चों की मौत को लेकर युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का पुतला फूंक का विरोध प्रदर्शन किया। जिला महासचिव सुरेश नाग ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से स्वास्थ विभाग में कई प्रकार की लापरवाही हो रही है पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में लगातार मौतें हो रही है कवर्धा के सोनवाही में विशेष संरक्षित जनजाति के बैगा आदिवासियों को सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। 5 मौत होने के बाद विष्णुदेव सरकार की नींद टूटी और तब जाकर सरकार ने वहा मच्छर दानी स्वस्थ परीक्षण व दवाई वितरण किया गया। तक तक वहां 25 लोग मलेरियाके शिकार हो गए थे। बीजापुर के पोटाकेबिन में छोटे बच्चों की मौत स्वास्थ विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाती है स्वास्थ विभाग की लचर व्यवस्था की वजह से आज प्रदेश भर में मौत हो रही है। इ

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याए

■ **अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों से मुलाकात की। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। जनदर्शन में आज कुल 27 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में मुख्य रूप से ग्राम किरगोली निवासी कुशल कुमार कुंजाम ने निजी बैंक के द्वारा लोन वितरण के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम बनसागर निवासी संतराम कुंजाम ने सीसी रोड निर्माण कार्य की जांच कराने, ग्राम केंवटी निवासी श्रीमती पुष्पा रावटे ने ईलाज की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने और ग्राम पण्डरीपानी निवासी श्रीमती रामदुलारी ठाकुर ने आर्थिक सहायता की मांग सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मांगों एवं समस्याओं को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रेषित किया। गौरतलब है कि कलेक्टर जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे से आयोजित होता है, जिसमें जिले के आम नागरिक कलेक्टर को अपनी समस्याओं एवं मांगों से अवगत करा सकते हैं।

कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति मे आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 42 लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

काफी मजेदार है काशी घाट...

में गिरी तो बल्लेबाज आउट। हां बाल लुढ़कते हुए गंगा में जाए तो खिलाड़ी दौड़कर रना बना सकते हैं और अगर एक टप्पा खाकर गई तो सिर्फदो ही रन मिलेंगे। दर्शकों के बीच गेंद पहुंची तो खिलाड़ी दो रन ले सकते हैं। इसी तरह घाट किनारे बने घरों की छत पर अगर गेंद चली गई तो खिलाड़ी आउट माना जाएगा। खिड़की के छज्जे से टकराने पर दो रन मिल रहे थे। इसी तरह लेग साइड में एक गोला बनाया गया था और उस गोले के अंदर खड़ा फील्डर अगर वहीं खड़े हुए कैच ले लेता है तो उसे 100 रुपये इनाम दिया जा रहा था। खैर, इस नए नियम वाले मैच में खिलाडिय़ों के साथ दर्शकों ने भी भरपूर मजा उठाया और बचपन के गली क्रिकेट को याद किया कि किसी के घर में गई तो आउट, नाली में जिससे जाएगी वही निकालेगा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएससी तेलियानाला की टीम ने कुल आठ ओवर खेलकर चार विकेट के नुकसान पर 42 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हथुआ हथोड़ा की क्रिकेट टीम ने छह ओवर दो गेंद खेलकर चार विकेट खोकर 43 रन बनाकर मैच जीत लिया।

मैन आफद मैच हथुआ हथौड़ा टीम के गेदबाज गणेश को चुना गया। गणेश ने दो ओवर में पांच रन देकर दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान किया। मैन आफ द सीरिज एमएससी तेलीयानाला के भोला को चुना गया। भोला ने पूरे टूर्नामेंट में आठ विकेट और 52 रन बनाया।

विजेता और उपविजेता खिलाडय़िों को क्षेत्रीय पार्षद राजेश यादव चल्लू ने पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव प्रमोद मांझी ने किया। इस मौके पर मुकेश साहनी, विष्णु साहनी, संजय, गोकुल, दीपक कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

केंद्र सरकार के नीति आयोग...

चंद, बाल रोग विशेषज्ञ वीके पॉल और मैक्रो-इकोनॉमिस्ट अरविंद विरमानी पूर्णकालिक सदस्य होंगे।

क्या यूपी में सब...

चौधरी के साथ मुलाकात करके फीडबैक लिया।

प्रशासन को भी बताया जिम्मेदार

बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हुई अलग-अलग मुलाकात में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और प्रशासन की ओर से पार्टी के खिलाफ काम को चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन का कारण माना गया है। कुल मिलाकर बीजेपी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में प्रशासन को इस हार का जिम्मेदार बताया है।

उपेक्षा के चलते कार्यकर्ता नहीं दिखे सक्रिय

सूत्रों के अनुसार नेताओं ने आलाकमान को बताया कि प्रशासन की कार्यशैली से कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हुई। उपेक्षा के चलते ही कार्यकर्ता चुनाव में सक्रिय नहीं दिखे। यही नहीं, इन नेताओं ने ये भी कहा कि प्रशासन ने बीजेपी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे. प्रशासन ने टीम ने भी कोई मदद नहीं की. प्रशासन ने पार्टी के खिलाफ काम किया. एक खास पैटर्न पर हर सीट पर बीजेपी का वोट बैंक घटा है।

इस महीने के अंत में होगी एक बड़ी बैठक

वहीं दूसरी ओर खबर है कि लोकसभा नतीजों पर समीक्षा करने के लिए बीजेपी शासित राज्यों के सीएम की बड़ी बैठक इस महीने के अंत तक होगी। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे. बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी के उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न होने पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सरकार संगठन में समन्वय पर भी बात की जाएगी। पार्टी के कई और बड़े नेता भी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं।

ओमान के तट पर पलटे ...

शामिल 16 सदस्य लापता हैं, जिनमें से 13 भारतीय हैं। जिस जगह तेल टैंकर पलटा, भारतीय युद्धपोत उसी क्षेत्र में परिचालन कर रहा था। जिसके बाद भारतीय युद्धपोत को 15 जुलाई को खोज और बचाव अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। युद्धपोत ने 16 जुलाई की सुबह पलटते हुए तेल टैंकर का पता लगा लिया था।

अदन की खाड़ी में लगातार हो रहे जहाजों पर हमले

इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से अदन की खाड़ी और लाल सागर में समुद्री जहाजों पर लगातार हमले हो रहे हैं। ये हमले ईरान समर्थित हूती विद्रोही कर रहे हैं। इसके चलते अमेरिका और ब्रिटेन संयुक्त रूप से हूती विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद व्यापारिक जहाजों पर हमले नहीं रुक रहे हैं। हूती विद्रोहियों के हमले के चलते अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और इसकी वजह से कई व्यापारिक जहाज अफ्रीका होते हुए लंबा रास्ता तय कर रहे हैं। इसकी वजह से महंगाई बढ़ी है और अगर लाल सागर और अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमले नहीं रुके तो हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं।

केजरीवाल कोई आतंकी नहीं, सिंघवी ने ...

मिलने वाली थी, तब उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सिंघवी ने कहा, केजरीवाल चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, वे कोई आतंकी नहीं हैं। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट को बताया कि वह कोर्ट के सामने तीन आदेश लेकर आए हैं, जिसमें निचली अदालत द्वारा केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव प्रचार के लिए मिली अंतरिम जमानत और हाल ही में श्वष्ठ के मामले में दी गई अंतरिम जमानत का आदेश शामिल है।

एससी ने दी जमानत

सिंघवी ने कहा, जब केजरीवाल को जमानत मिलने वाली थी तो उनको सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि सीबीआई ने उन्हें 2 साल तक गिरफ्तार नहीं किया। सीबीआई ने उनका बयान दर्ज करने के बाद भी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं समझी। ईडी की ओर से दर्ज केस में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही अंतरिम जमानत मिल चुकी है. स्ष्ट ने जमानत दी है, इसका मतलब स्ष्ट इस बात से सन्तुष्ट था कि जमानत पर रहते वक्त केजरीवाल सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। सिंघवी ने कहा, इस केस में सीबीआई की एफ्आईआर।

न्यूज गैलरी

विकासखंड व जिला स्तरीय हैंडबॉल शालेय चयन प्रतियोगिता का समापन

भाटापारा। विकासखंड एवं जिला स्तरीय हैंडबाल शालेय चयन प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा में संपन्न हुई।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा के व्यायाम शिक्षक परिचय मिश्रा ने बताया इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी सहभागी बने और कुल 96 खिलाड़ियों का चयन क्रमशः 14 ,17 व 19 वर्ष बालक बालिका वर्ग में हुआ यहां चयनित खिलाड़ी बलौदा बाजार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर संभाग के संभाग स्तरीय खेल में भाग लेंगे ।इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा के प्राचार्य आर पी बांधे जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता विकासखंड सहायक क्रीड़ा अधिकारी शरद पंसारी उपस्थित रहे साथी इन खिलाड़ियों के चयन पर अमित तिवारी भूमेश पाण्डेय व्यायाम शिक्षक योगेश कटलिया तरुण सेन चंद्रकांत बांगड़े अखिलेश यादव उमाशंकर राठौर आदि ने हर्ष व्यक्त किया

धर्म नगरी कवर्धा में कांवड़ यात्रा की 1989 में हुई थी शुरूआत

■ इस सावन माह में हो जायेगा 36 वां वर्ष पूर्ण

कवर्धा/ नवप्रदेश। । सावन महीना आते ही चहुँओर बोल बम के नारे गूंजने लगते हैं,हर तरफ भगवा वस्त्र पहने हुए शिवभक्तों की टोलियां नाचती गाती नजर आती हैं।श्रावण मास भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय माह माना जाता है । चातुर्मास भी इसी समय होता है जब शिव ही कर्ता धर्ता होते हैं क्योंकि श्रीहरि विष्णु जी योगनिद्रा में होते हैं।सनातन संस्कृति का एक सुंदर और मोहक दृश्य श्रावण माह में दिखाई पड़ते है जिसे हम कांवरी यात्रा के नाम से जानते हैं।

कांवड़ यात्रा का इतिहास

मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। परशुराम गढ़ मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और यूपी के बागपत के पास स्थित 'पुरा महादेव' का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। आज भी इस परंपरा का पालन किया जा रहा है।

आनंद रामायण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान राम पहले कांवड़िया थे। भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय सावन मास चल रहा था। एक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पान कर लिया था, तब विष के प्रभावों को दूर करने के लिए भगवान शिव पर पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था। ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवता मिलकर गंगा जी से जल लेकर आए और भगवान

शिव पर अर्पित कर दिया। उस समय सावन मास चल रहा था। मान्यता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो गई थी। इस यात्रा को लेकर कुछ नियम भी हैं जो बेहद कठिन होते हैं. कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया अपनी कांवड़ को जमीन पर नहीं रख सकता है. इसके अलावा बिना नहाए हुए इसको छूना पूरी तरह से वर्जित है. कांवड़ यात्रा के दौरान कावड़िया मांस, मदिरा या किसी प्रकार का तामसिक भोजन को ग्रहण करना पर्णतः वर्जित माना गया है. इसके अलावा कांवड़ को किसी पेड़ के नीचे भी नहीं रख सकते हैं।

कांवड़ यात्रा के प्रकार

शास्त्रों के अनुसार कांवड़ यात्रा के तीन प्रकार बताए गए हैं. पहली है सामान्य कांवड़ यात्रा इसमें कांवड़िया अपनी जरूरत के हिसाब से और थकान के मुताबिक जगह-जगह रुककर आराम करते हुए इस यात्रा को पूरा कर सकता है. दूसरी है डाक कांवड़ इस यात्रा में कांवड़िया जब तक भगवान शिव का जलाभिषेक नहीं कर लेता है तब तक लगातार चलते रहना होता है. इस यात्रा में कांवड़िया आराम नहीं कर सकता है. तीसरी होती है दांडी कांवड़ इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िया गंगा के किनारे से लेकर जहां पर भी उसे भगवान शिव का जलाभिषेक करना है वहां तक दंड करते हुए यात्रा करनी होती है. इस यात्रा में कांवड़िये को एक महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है। कांवड यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे।

कवर्धा में कांवरी यात्रा का इतिहास

धर्म नगरी कवर्धा के राजपुरोहित परिवार के विद्वान, पर्यावरणविद, गौसेवक, समाजसेवी गोलोक वासी पंडित अर्जुन प्रसाद शर्मा के द्वारा जन कल्याण एवम विश्व कल्याण हेतु सन 1989में ÷मां कालीशंकर बोल बम समिति÷ की स्थापना की गई। तत्पश्चात बुधवार 2अगस्त सन 1989श्रावण शुक्ल प्रतिपदा तिथि को सात सदस्यों के साथ पतित पावनी मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से नर्मदा जल भरकर 160किमी की कठिन एवम रोमांचक यात्रा कर नदी नालों पहाड़ की ऊंचाइयों और घाटियों को पार करते बोल बम का नारा लगाते हुए फोंकनदी के मध्य स्वयंभू जालेश्वर महादेव डोंगरिया एवम कवर्धा नगर के संकरी नदी के तट पर प्राचीन सिद्धपीठ पंचमुखी बूढ़ा महादेव में रविवार 6अगस्त श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि को जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। प्रथम कांवरी यात्रा दल में स्व.अर्जुन प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में स्व.शंकरलाल कश्यप,गणपत लाल साहू, छेदन लाल चौबे,रामकिशोर शर्मा, पुन्नी लाल साहू,एवम नरेंद्र ठाकुर ने पूरे भक्तिभाव से यात्रा की।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल से पेंशनरों ने की मुलाकात

भाटापारा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का भाटापारा आगमन पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया एवं उन्हें 5 सितंबर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के निमंत्रण दिया। इस दौरान प्रांतिय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन , सचिव रमेश कुमार वर्मा ,सहसचिव परेटन लाल साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष आसाराम अनंत जल,गणेश राम वर्मा, मनीराम साहू ,कृष्ण कुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर एवं मंसाराम कुंजाम भी उपस्थित थे। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से खेल कूद युवा कल्याण एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा को पेंशनरों के लिए जनवरी 2024 से लंबित चार प्रतिशत डीए की एरियर राशि शीघ्र जारी करने बाबत ज्ञापन सोपा।

ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाइश

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। आज दिनांक 16.07.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, सउनि कुंजलाल साहू, शरद मसीह, येनलाल चन्द्राकर की उपस्थिति में शहर में यातायात का दबाव, ट्रैफिक्र जाम एवं प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का यातायात कार्यालय राजनांदगांव में मीटिंग लिया गया। जिसमें समस्त ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को यूनिक नंबर लिखवाने, यातायात नियमों का पालन करने, चौक-चौराहों व बाजार के अंदर बेतरतीब वाहन नही खड़ी करने, क्षमता से अधिक सवारी नही बिठाने, शहर में निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करने, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन नही चलाने, चालक के बगल में सवारी नही बिठाने, रेड सिग्नल जम्प नहीं करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेज पूर्ण कराने हिदायत दिया गया।

बर्फानी आश्रम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 20 से

■ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। विश्व शांति एवं मानव सेवा के जनकल्याण के लिए समर्पित बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा देश के प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी की कृपा प्रेरणा आशीर्वाद से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 2 0जुलाई शनिवार से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजनों पहुंचेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी गर्भगृह में विराजमान काली स्वरूपनी मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना गुरुदेव श्री बर्फानी दादा जी के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से की गई थी। जिसमें तीन लोकों में मां पाताल भैरवी, मां

राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, आदिदेव महादेव के साथ ही द्वादश ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अंचल में सबसे बडे विशाल स्फटिक एवं पारद शिवलिंग को विराजित किया गया है। संस्था द्वारा अपने परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष चौदस 2 0जुलाई शनिवार को संध्या 4 बजे से महिला मंडलियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही लोक कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 21जुलाई रविवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादा जी का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों के द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात प्रातः 10 संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन आदि सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

थानखम्हरिया अंतर्गत अनेक ग्रामों के औचक निरीक्षण में पहुंचे एसपी साहू

बेमेतरा। एसपी रामकृष्ण साहू द्वारा थाना थानखम्हरिया क्षेत्रांतर्गत खम्हरिया, ठेलका जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि 14 जुलाई को बैंक में अज्ञात चोरों द्वारा गैस, सिलेडर कटर लेकर बैंक के तिजोरी को काटने का प्रयास किया गया था, जिसका निरीक्षण कर बैंक के मैनेजर व कर्मचारियों से पूछताछ करने व बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और साथ ही थाना प्रभारी थानखम्हरिया को मौके पर निर्देषित किया गया चोरों को जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार किया जाये। इसी प्रकार ग्राम नवागांव कला के सोसायटी का निरीक्षण किया गया, जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे बातचीत कर गांव में अवैध कारोबार करने वालों के संबंध में चर्चा किया गया व उनकी समस्याओं को सुना गया व पशुपालकों अपने गौववंष को सुरक्षित अपने घर में बांध कर रखने सड़क पर नहीं बैठने जिससे वाहन चालकों एवं मवेषियों का सड़क दुर्घटना होने के संभावना रहती है इसके बारे में ग्रामीणों से अपील की गयी।

जान से मारने की धमकी दे दुष्कर्म कर सोशल मीडिया में फोटो वायरल का आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला के सांथ दुष्कर्म कर, उसे जान से मारने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया में फोटो वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उपरोक्त संबंध में सिमगा थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थिया ने लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई की वर्ष 2023 में पढ़ाई के दौरान ग्राम हरिनभट्ठा निवासी आरोपी कुंदन से जान पहचान हुई तथा बातचीत एवं सांथ में हम दोनों का मिलना होने लगा। इस बीच आरोपी द्वारा मेरे साथ कई बार दुष्कर्म किया गया है। हम दोनों के मिलने और बातचीत का पता घर वालों को होने पर मैंने आरोपी से मिलना बंद कर दिया। इस पर आरोपी द्वारा मुझसे बातचीत नहीं कर रहे हो कहकर प्रार्थिया को बदनाम करने की नियत से अपना एवं प्रार्थिया का फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया तथा कई बार आते जाते समय आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दिया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 376,509(ख), 506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिमगा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी कुंदन उम्र 23 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म करना एवं उसका फोटो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करते हुए से जान से मारने की धमकी देना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मिलकर सड़कों से मवेशियों को हटाने कर रही कार्य

बेमेतरा। प्रदेश की सड़कों पर आवारा मवेशियों के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीर मसला माना है। जिले में भी नेशनल हाइवे में आवारा मवेशियों का झुंड बना रहता हैं।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान चलाया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात को सुचारू बनाना था।

पीएम जनमन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा क़ी बैठक लेकर विभागीय कार्यों क़ी समीक्षा क़ी। इस दौरान उन्होंने कहा कि समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर शुक्रवार 19 जुलाई को मैनपुरखुर्द में आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व उन क्षेत्रों के ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी से अवगत कराने के लिए मुनादी कराये। ताकि ग्रामीण शिविर में आकर अपनी मांग, समस्या, शिकायत एवं अन्य आवेदन विभागीय अधिकारी को दे सके। उन्होंने कहा कि शिविर में सभी जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से शिविर के दिन उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को भी शिविर के बारे में जानकारी दे और उन्हें शिविर में आने के लिए आमंत्रित करें। शिविर स्थल पर ग्रामीणों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, पार्किंग, छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में रोपे बरगद पौधे

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के दिन पूरे देश में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की शुरूवात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की थी। देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में अभियान के तहत लोग एक पेड़ अपनी मॉ के नाम लगाने उत्साह दिखा रहे है। इसी कडी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में आयुक्त निवास में अपनी माता जी के साथ परिवार वालो की उपस्थिति में बरगद, पीपल एवं नीम का पौधा लगाया। उन्होंने शहर वासियों से इस अभियान में जुड़ शहर में हरियाली लाने अपनी मॉ के साथ या माता जी की स्मृति में पौधरोपण करने अपील की है।आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे बरगद व पीपल का पेड़ वर्षो तक हमें सहारा देते है, उक्त पेड़ आक्सीजन व छाया देने के साथ साथ धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202407140400027/ अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अब्दुल हबीब पिता शेख अब्दुल रफीक निवासी मांझापारा कांकेर, तह. कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 बी, प्लाट नं. 50/3, क्षेत्रफल 111 वर्गमीटर पक्का मकान वार्षिक भू-भाटक 69.66 रु. हसीना बानो पति अब्दुल रफीक, शेख अमान पि. अब्दुल हबीब, शेख अब्दुल पि. शेख अब्दुल रफीक, जरीना बानो पि. अब्दुल रफीक नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को खातेदार द्वारा हक त्याग कर (गैर परिवारिक) दिनांक 21.06.2024 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए हक त्यागकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर हक प्राप्तकर्ता का नाम यथावत रखे जाने पंजीकृत हकत्याग पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202407140400024/ अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अब्दुल हबीब पिता शेख अब्दुल रफीक निवासी मांझापारा कांकेर, तह. कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 7 सी, प्लाट नं. 25/1 क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर पक्का मकान, वार्षिक भू-भाटक 31.38 रु. हसीना बानो पति अब्दुल रफीक, शेख अमान पित अब्दुल हसीब, शेख अब्दुल हबीब पि. शेख अब्दुल रफीक, जरीना शेख पति मो. जलील शेख नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को खातेदारों द्वारा हक त्याग पत्र (गैर परिवारिक) दिनांक 21.06.2024 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए हक त्यागकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर हक प्राप्तकर्ता का नाम यथावत रखे जाने पंजीकृत हक त्याग पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के परिजन को बीमा राशि का सौंपा चेक

बेमेतरा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले अंतर्गत आकस्मिक निधन हुये कुल 29 छात्र छात्राओं के संबंधित परिजनों को एक-एक लाख रुपए का बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित परिवारजनों को सांत्वना दी।

एवं योजना के महत्व और इसके लाभों को बताया और परिजनों को यह आश्वासन दिया कि सरकार उनकी सुरक्षा और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। छात्र सुरक्षा बीमा योजना का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, अगर किसी छात्र की दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से विकलांग हो जाता है, तो उसके परिवार को बीमा राशि प्रदान की जाती है। इस बीमा योजना का लाभ स्कूल और कॉलेज के छात्रों को मिलता है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से उबर सकें। यह योजना छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है, जो अप्रत्याशित घटनाओं में मददगार साबित होती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, दुर्घटना के बाद परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, छात्रों को बिना किसी आर्थिक चिंता के शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना, छात्र सुरक्षा बीमा योजना शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो छात्रों के सुरक्षित और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रशासनिक | ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के दिए निर्देश

जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समय सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के कार्यों की समीक्षा करने समय सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से शासकीय कार्यों के कामकाज की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और विकास कार्यों की प्रगति, सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन, और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर द्वेय अंकिता गर्ग, टेकराम माहेश्वरी, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सर्व सीएमओ सहित जिला के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी अधिकारीयों को जनकल्याणकारी शासकीय कार्यों में गति बढ़ाने के शख्त निर्देश दिए, उन्होंने कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जताई, जिलाधीश ने कहा कि यह अंतिम चेतावनी हैं सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कर लेवें अन्यथा शख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में चल रहें जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या या देरी होने पर तुरंत समाधान के लिए कदम उठाए जाएं। उन्होंने रामलला के दर्शन के दूसरे चरण की समीक्षा की इस दौरान, कलेक्टर ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की और संबंधित अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा की सभी जनपद सीईओ और सीएमओ आपसी समन्वयक कर अधिक से अधिक फॉर्म भरवाए और सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधीश ने पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली और जल्द से जल्द पात्र हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण करने को कहा। उप संचालक ने बताया की पहले के सभी आधार कार्ड सिडिंग हो गए हैं और वर्तमान में बचे किसानो का कार्य जारी हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को उल्लास कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली और शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षक को समय पर स्कूल आने और शैक्षणिक कार्य को गंभीरता से लेने को कहा उन्होंने स्कूलों की स्थिति सुधारने और छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रास्ते में बैठने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए गठित विशेष टीमों की गतिविधियों का मूल्यांकन किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/593/निर्वा./न.पा.परि./2024-25 बीजापुर, दिनांक 15/07/2024

प्रपत्र

(नियम 7 देखिए)

नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना (संशोधित)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बीजापुर नगरपालिका परिषद क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो बीजापुर नगरपालिका परिषद कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख 15/07/2024 से 22/07/2024 (सात दिवस) के भीतर लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान- बीजापुर
दिनांक - 15/07/2024

(डी.आर. ध्रुव)
तहसीलदार
एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारी
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सरगुजा में अब तक सिर्फ 136.2 मिमी वर्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 16 जुलाई तक 136.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील अम्बिकापुर में 117.5, दरिमा में 68.3, लुण्ड्रा में 145.0, सीतापुर में 183.3, लखनपुर में 132.5, उदयपुर में 131.4, बतौली में 156.0, एवं मैनपाट में 155.0, इस तरह जिले का औसत 136.2 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील अम्बिकापुर में 2.1,दरिमा में 1.0, लुण्ड्रा में 2.6, सीतापुर में 0.0, लखनपुर में 0.4, उदयपुर में 1.0, बतौली में 0.0, जिले का औसत 0.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

चक्रधर समारोह में कलाकार चयन पर हुई चर्चा

रायगढ़/नवप्रदेश। 39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन को लेकर आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की अध्यक्षता और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में कलाकार चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि चक्रधर समारोह का उद्देश्य रायगढ़ घराने को प्रोत्साहित करना एवं नये कलाकारों को अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह के आयोजन से देशभर में रायगढ़ की एक विशिष्ट पहचान बनी हुई है।

लूटपाट के मामले में अपचारी बालक सहित 3 गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। थाना खरसिया में ग्राम कुकरीचोली में रहने वाले रोहित राठिया उम्र 34 वर्ष द्वारा नवरंगपुर चौक ग्राम गुरदा में चार लड़कों द्वारा मोबाइल और 6000 रूपये की लूटपाट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 15 जुलाई को अपने चचेरा भाई भोला राम राठिया के साथ मोटर सायकल से धान बीज व आधार कार्ड लेने मदनपुर खरसिया जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे नवरंगपुर चौक के पास एक स्कूटी व एक मोटर सायकल ष्ठष्ठ डिलक्स में 3-4 व्यक्ति खड़े थे। वे लड़के मोटर सायकल के पास आये और भोला राम राठिया को मारपीट कर उसके मोबाईल रेडमी ष्ट 55 को लुट लिये जिसके बाद एक लड़का धारदार हथियार निकाल कर इसका मोबाईल को लूटने लगा और डरा धमका कर हाथ से रेडमी सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल और पाकेट में रखे 6000/- रूपये को लुट कर मोटर सायकल, स्कूटी से भाग गये। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों पर अपराध क्रमांक 433/2024 धारा 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया ।

22 लीटर महुआ शराब जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर इंदिराआवास तुमीडीह में भरत सागर के मकान पर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि भरत सागर अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। रेड दौरान घर में मिले भरत सागर को शराब बेचने के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 250-250 एम एल 39 नग पन्नी पाउच एवं 500- 500 एम एल 18 नग पन्नी पाउच शराब तथा एक पीला रंग के प्लास्टिक डिब्बा में करीब 04 लीटर महुआ शराब जुमला 22 लीटर कीमती 2,200 का जप्त किया गया है । आरोपी भरत सागर पिता शत्रुघन सागर उम्र 34 वर्ष निवासी इंदिराआवास तुमीडीह थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है ।

सरिया लूटपाट के तीन आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में माल-मुल्जिम की पतासाजी के दिए गए निर्देशों पर साइबर सेल और धरमजयगढ़ पुलिस की टीम को ट्रक ड्राइवर से 25 टन टीएमटी सरिया लूटपाट मामले में अभूतपूर्व सफलता हाथ लगी है । पुलिस टीम द्वारा ट्रक ड्राइवर से हुई लूटपाट में शामिल मुख्य साजिशकर्ता उसके एक साथी और चोरी की संपत्ति के खरीदार हार्डवेयर व्यवसायी को गिरफ्तार किया गया है जिनसे लूट का 21 टन सरिया घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, ऑल्टो कार, 02 मोटरसाइकिल, 03 मोबाइल और लूटपाट में बंटवारे की रकम करीब ?5000 बरामद किया गया है। आरोपियों को डकैती के अपराध में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । घटना को लेकर दिनांक 23.06.2024 को ग्राम सराईपाली गेरवानी स्थित रूपानाधाम स्टील प्रा.लि. कंपनी पूंजीपथरा के एचआरए डिपार्टमेंट के अभिषेक उपाध्याय उम्र 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/06/2024 को स्टील प्लांट से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी-1490 में चालक मुजाहिद खान सरिया 8एमएम,10एमएम, 12एमएम मारूती टीएमटी कुल वजन 25 टन 50किलो लोड कर रमानुजनगर, सूरजपुर के लिए रवाना किया गया था। अंतिम बार ड्रायवर ने धरमजयगढ सिसरिंगा घाटी पहुंचना बताया था जिसके बाद उसका मोबाइल स्वीच ऑफ आया । उक्त ट्रक में लोड सरिया के लूट की रिपोर्ट पर अप.क्र 169/2024 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा ट्रक ड्रायवर के मुजाहिद खान और खलासी से पूछताछ कर बयान ली जिसमें उन्होंने बताया कि घटना 22 जून को धरमजयगढ़ सिसरिंगा घाट के चार कि.मी. पहले चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपनी कार को ट्रक के आगे अडा कर ट्रक से ड्रायवर को उतार कर मारपीट करते हुये उसके मोबाईल को छीन कर फेंक दिये मारते-पीटते अपने साथ काला कलर के कार में हाथ, आंख में पट्टी बांधकर ले गये।

रायगढ़ मेरी कर्मभूमि, विकास मेरी प्राथमिकता : जिंदल

18वीं लोकसभा के लिए सांसद बनने के बाद पहली बार रायगढ़ पहुंचे नवीन जिंदल का अभूतपूर्व स्वागत

रायगढ़/नवप्रदेश। कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से अठारहवीं लोकसभा के लिए सांसद चुने जाने के बाद पहली बार रायगढ़ प्रवास पर आए जिंदल स्टील एंड पॉवर के चेयरमैन नवीन जिंदल का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। उनके साथ जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चांसलर शालू जिंदल भी मौजूद रहीं। ओपी जिंदल एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जेएसपी परिवार के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने उद्बोधन में श्री जिंदल ने यादगार स्वागत के लिए आभार जताते हुए कहा कि रायगढ़ मेरी कर्मभूमि है। यहां के लोगों से हमारा सीधा जुड़ाव है, इसलिए रायगढ़ का सर्वांगीण विकास हमेशा प्राथमिकता में रहा है। उन्होंने कहा कि आगे कौशल विकास के क्षेत्र में और भी काम करते हुए दुनिया के सबसे अच्छे स्किल डेवलपमेंट सेंटर कुरूक्षेत्र और कैथल के साथ रायगढ़ में भी स्थापित किए जाएंगे।

लोकसभा सांसद के रूप में चुनकर तीसरी बार संसद पहुंचने के बाद पहली बार नवीन जिंदल सपत्नीक मंगलवार सुबह रायगढ़ पहुंचे। यहां राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिकों सहित जिंदल स्टील एंड पॉवर परिवार के सदस्यों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। पुष्पवर्षा के बीच वे एयरपोर्ट से बाहर निकले। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सलामी लेने के बाद गीत–संगीत और कर्मा की थाप के बीच वे फूलों से सजी खुली जीप पर सवार होकर निकले। उनके साथ जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं जेएसपी के कार्यपालन निदेशक पी के बीजू नायर भी सवार थे। उनका काफिला जेएसपी परिसर से होते हुए ओपी जिंदल ऑडिटोरियम के लिए निकला। इस बीच पूरे रास्ते में दोनों ओर खड़े हजारों लोगों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। पूरे रास्ते लोग उन पर फूलों की बारिश करते रहे और इस यादगार लम्हे को तस्वीरों के रूप में संजोने के लिए भी लोगों में होड़ लगी रही। यह जुलूस ओपी जिंदल ऑडिटोरियम पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ श्री जिंदल के प्रशंसक एवं जेएसपी परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री जिंदल का अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में श्री जिंदल ने कहा कि रायगढ़ की जनता मेरे लिए परिवार की तरह है। करीब चार दशक पहले बाबूजी ओपी जिंदल ने यहां कारखाने की नींव रखी थी। पिछले 32 वर्षों से मैंने यह बागडोर संभाली है। रायगढ़ से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। यहां के लोगों की मेहनत और लगन के कारण ही आज जेएसपी का नाम सिर्फ देश ही नहीं, पूरी दुनिया में स्थापित है। रायगढ़ के विकास के लिए जो भी बेहतर हो सकेगा, आगे भी अवश्य किया जाएगा। श्री जिंदल ने कहा कि संसद के लिए तीसरी बार चुने जाने के बाद आज यहां के लोगों का प्यार और आशीर्वाद देखकर मैं अभिभूत हूं। बड़ी संख्या में लोग चुनाव के दौरान यहां से कुरूक्षेत्र भी मेरी मदद के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूं। यहां के लोगों से मुझे हमेशा पूरा साथ मिला है। आज से 32 साल पहले भी तिरंगे की आजादी का संघर्ष इसी पवित्र भूमि से शुरू हुआ था और उसमें भी रायगढ़ की जनता से मुझे पूरा समर्थन मिला। आज देश का हर नागरिक गर्व के साथ तिरंगा फहरा सकता है। राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले रायगढ़ को सिर्फ कला और संगीत के नाम से ही जाना जाता था, लेकिन अब इसकी पहचान स्टील और पॉवर से भी होने लगी है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश

श्री जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। कुरूक्षेत्र की जनता ने मुझे भी अवसर दिया है कि विकास के इस यज्ञ में मैं भी अपना योगदान दे सकूं। सांसद के तौर पर काम करने का मुझे 10 वर्षों का अनुभव है। उस कार्यकाल में मैंने अपना शत प्रतिशत योगदान देते हुए कुरूक्षेत्र के विकास में पूरा योगदान दिया। इसके अलावा मुझे अपने कार्यक्षेत्र का अनुभव भी है। मेरी कोशिश है कि जितना काम कुरूक्षेत्र में अपने 10 साल के कार्यकाल में मैंने किया, उससे 10 गुना अधिक काम आने वाले 5 वर्षों में मैं करना चाहता हूं, ताकि मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित देश के संकल्प को पूरा करने में अपनी भूमिका निभा सकूं।

आत्मनिर्भर भारत के लिए दे रहे अपना पूरा योगदान

श्री जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया की पहल की, ताकि हमारा देश आत्मनिर्भर बने। सरकार इस दिशा में पिछले 10 वर्षों से शानदार काम कर रही है। बाबूजी श्री ओपी जिंदल हमेशा से स्वदेशी के हिमायती थे। उनसे प्रेरणा लेकर हमने भी रायगढ़ और अंगुल के अपने संयंत्रों में नये–नये उत्पाद बनाये हैं, जिनसे देश की आयात निर्भरता खत्म हो। रायगढ़ में हम दुनिया की सबसे लंबी रेल बनाते हैं। आज हमारा देश दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें से 5वें स्थान पर पहुंच चुका है। आने वाले 3–4 वर्षों में हम तीसरे स्थान पर होंगे। इस्पात उत्पादन में हम जापान और अमेरिका को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं।

शिविर में 50 पहाड़ी कोरवाओं की स्वास्थ्य जांच

दूरस्थ विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल गांवों में स्वास्थ्य शिविर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा विलास भोस्कर के निर्देशानुसार और सीएमएचओ डॉ. आर.एन गुप्ता मार्गदर्शन में पीएम जनमन के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकासखण्ड बतौली के दूरस्थ पीवीटीजी बहुल क्षेत्र चुटियापहरी में किया गया।

बीएमओ डॉ. संतोष सिंह की मौजूदगी में इस शिविर में कुल 50 पहाड़ी कोरवा एवं अन्य मरीज का इलाज किया गया। जिला स्तर पर समस्त विकासखण्डों में कुल 137 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर में सभी हितग्राहियों को समस्त स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं इलाज प्रदाय किया गया। स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड शुगर, बीपी, टीबी स्क्रीनिंग, मलेरिया, सिकलिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण, एवं सामान्य बीमारियों का इलाज एवं दवाई वितरण किया गया। मौसमी बीमारियों से बचने की जानकारी एवं सर्प दंश से बचने से संबंधित जानकारी एवं स्वच्छ पेयजल पानी उबालकर पीने की जानकारी दी गई तथा 07 बुखार के मरीज मिले। शिविर में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु अरुण टोप्पो (आरएमए), गौतम गुप्ता (टीबी नोडल अधिकारी), राधेश्याम एक्का (एमपीएस, दिलीप एक्का (एलटी), आलोक कुमार (आरएचसी), आनंद मसीह (फार्मासिस्ट), रविन्द्र कुमार (आयुष्मान ऑपरेटर), उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में आज 45 जोड़ों का विवाह रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। विवाह में रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण तथा पुसौर विकासखण्ड के जोड़े सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार द्वारा पारंपरिक रीति से विधिवत विवाह कराया गया। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं शोभा शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे गरीब कन्याओं की विवाह में सहायता मिलती है तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा रूकती है। शोभा शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लाभान्वित जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए आने वाले समय में अधिक से अधिक जोड़ो को लाभ देने कहा गया।

विवाह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने प्रत्येक जोड़े को टिकावन दिया। इसी तरह शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर-वधु को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रायगढ़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़, परियोजना अधिकारी पुसौर, पार्षद सपना सिदार, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका तथा बड़ी संख्या में विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ों के परिवार उपस्थित थे ।

पुल मरम्मत तक भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग के निर्देश

अपर कलेक्टर ने किया गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने आज गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान एडिशनल एस.पी. आकाश मरकाम, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवशी एवं तहसीलदार लोमस मिरी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि भारी वाहनों के परिवहन के लिए यह पुल उपयुक्त नहीं है। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी सेतु को क्षतिग्रस्त हिस्से पर लाल झंडी, रेत बोरियां, रेडियम एवं बेरीकेटिंग तत्काल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल का मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ करने और वाहनों के मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के परिवहन हेतु अन्य वैकल्पिक मार्ग की चिन्हांकित करने हेतु एसडीएम रायगढ़ और डीएसपी ट्रैफिक को निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आयुक्त नगर निगम को पुल में स्थित अमृत मिशन के वाटर पाइप हटाने हेतु प्राक्कलन तैयार कराने के निर्देश दिए ताकि पुल की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस पुल पर प्रतिदिन 700 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका को देखते हुए आज जिला प्रशासन द्वारा यहां निरीक्षण कर भारी वाहनों के वैकल्पिक रूट के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यवाही किया गया।

तहसीलदार श्री मिरी ने वैकल्पिक मार्ग के संबंध के बताया कि वाहनों के लिए एनएच से बाबा धाम के पास वाले ओवर ब्रिज से उर्दना चौक से पूंजीपथरा से तमनार से ग्राम संबलपुरी रोड भारी वाहनों का आवागमन किया जाना उचित होगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी ईई सेतु रमेश कुमार वर्मा, एसडीओपी पीडब्ल्यूडी सेतु एन.आर.भगत, आर.बी.भगत एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आए तो असाक्षर थे, जनदर्शन से लौटे नाम लिखना सीखकर

कलेक्टर ने उल्लास साक्षरता की दी जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा विलास भोसकर की अध्यक्षता में प्रति मंगलवार समयसीमा के बैठक के बाद कलेक्टर जनदर्शन आयोजित किया जाता है। कलेक्टर जनदर्शन में फरियादी अपने आवेदन लेकर पहुंचते हैं जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। आज मंगलवार को हमेशा की तरह जनदर्शन चल रहा था और आवेदन लिए जा रहे थे। इसी बीच लखनपुर विकासखंड के ईरगवां गांव से आवेदक श्री पंडित दास अपना आवेदन लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर ने आवेदक का आवेदन लिया और जब आवदेक के हस्ताक्षर की जगह अंगूठे की छाप देखी, तो उन्होंने पंडित दास से उनकी शिक्षा की जानकारी ली। आवेदक ने बताया कि वे पढ़े लिखे नहीं है, इसलिए अंगूठा लगाते हैं। इस पर कलेक्टर ने उन्हें शासन के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बताया और पढ़ना लिखना सीखने की अपील की। कलेक्टर ने उन्हें अपना नाम लिखना सीखना के लिए प्रेरित किया जिसका असर हुआ कि जनदर्शन खत्म होने से पहले ही पंडित दास अपना नाम लिखना सीख गए। उन्होंने साक्षरता अभियान के तहत साक्षरता कार्यालय में कर्मचारियों की मदद से अपना नाम लिखना सीखा और आखिर में अंगूठा लगाने की बजाय कलेक्टर के समक्ष धीरे-धीरे हस्ताक्षर करके पुनः अपना आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने साक्षरता के जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता को ग्राम इरगवां में साक्षरता कक्षा संचालन हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जन दर्शन में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों ने ताली बजाकर श्री दास को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अनुपस्थिति पर निलंबन की कार्रवाई

सूरजपुर/नवप्रदेश। डॉ. आर.एस. सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में कार्यरत अपर्णा साहू की सेवा समाप्त कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी 28 फरवरी से 12 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित थी जिसके कारण उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। विकासखंड सूरजपुर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में पदस्थ अपर्णा साहू के अनुपस्थिति पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी सूरजपुर डॉ. प्रशांत सिंह के द्वारा उन्हें स्पष्टीकरण सहित कार्य पर उपस्थित होने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परंतु उनके द्वारा पत्र का जवाब नहीं दिया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर के द्वारा भी अनुपस्थित रहने का कारण सहित जिला कार्यालय में अपनी उपस्थिति देने हेतु पत्र दिया गया था।

शाला प्रवेशोत्सव | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुण्ड्रा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

विद्यार्थी लगन से पढ़ाई कर आगे बढ़ें : मिंज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुण्ड्रा में गत सोमवार को लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर व माल्यार्पण कर किया गया। पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं इसके बाद अधीक्षिका द्वारा प्रतिवेदन पढ़कर शाला की गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई तथा इस शुभ अवसर पर नवप्रवेशी बालिकाओं का मीठा खिलाकर एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री मिंज के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के प्रति ईमानदारी से समय का सदुपयोग कर जीवन में आगे बढ़ने एवं मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की दो छात्राओं शशि सिंह एवं उर्मिला को उनके कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने के लिए मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमारी ममता किंडो द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री रविशंकर तिवारी, एपिसी करुणेश श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कृष्ण कुमार जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकुमार गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रघुनाथ सिंह चौहान, बीआरसी अजय सिंह, सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

सोनपुर स्कूल में प्रवेशोत्सव

सूरजपुर/नवप्रदेश। बीते दिनों मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सिलोचनी पैकरा एवं विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह मार्को भाजयुमो जिला कार्य समिति सदस्य सूरजपुर कार्यक्रम के अध्यक्षा शिवनाथ पैकरा उपाध्यक्ष भाजपा मण्डल भटगांव राजेंद्र तिवारी बूथ अध्यक्ष अहिबरन मानिकपुरी सरपंच सुमतिया रामसाय पैकरा सोनपुर मंच संचालन राजेश राय संकुल प्राचार्य श्रीकृष्ण कुंवर हाईस्कूल प्राचार्य राम सिंह पैकरा समन्वयक राजेश कुमार मिश्रा एवं समस्त शाला परिवार शिक्षक शिक्षिकाय एवं बच्चों अभिभावकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दरम्यान श्रीराम सिंह प्रभारी विद्यालय हाई स्कूल सोनपुर (सु), हरिशंकर पालिया (प्रधान पाठक, पूर्व मा.शा. सुदामानगर), मदन कुमार (प्रधान पाठक, प्रा.शा. सुदामानगर), मनोज तिर्की (प्रधान पाठक, प्रा.शा. चिटकहीपारा), गीतांजलि सिंह (शिक्षक, पूर्व मा.शा. राजकिशोरनगर), राम जन्म यादव (शिक्षक, एल.बी.), रूपनारायण पैकरा (शिक्षक, मा.शा. सोनपुर सु, नरेन्द्र सिंह पोर्ते (सहायक शिक्षक, एल.बी.), पति राम यादव (सहायक शिक्षक, एल.बी.), उदार प्रधान (प्रधान पाठक, प्रा.शा. सोनपुर सु), एवं मिश्रित संकुल के अन्य बहुत से शिक्षक- शिक्षकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में खेलावन सिंह जन शिक्षक, संकुल केंद्र सोनपुर राजेश मिश्रा (संकुल समन्वयक, संकुल केंद्र सोनपुर 2) एवं विशेष रूप से आमंत्रित संकुल केंद्र बुंदिया के संकुल समन्वयक ताराचंद गुप्ता पूरे समय सक्रिय रहे। अरुण कुमार ठाकुर भृत्य एवं हरि प्रसाद पैकरा भृत्य ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजेश राय, प्रधान पाठक, पूर्व मा. शा. राजकिशोरनगर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मुंगेली जिले की ग्राम पंचायतें बनेंगी ओडीएफ मॉडल

कचरे के नियमित उठाव के लिए बनाई जाएगी कार्ययोजना

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को ओडीएफ मॉडल की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यों में तेजी लाने तथा प्रत्येक गांव में कार्ययोजना बनाकर कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने जिले में संचालित शाला भवनों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा जर्जर शाला भवनों के तत्काल मरम्मत एवं ऐसे भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता को शाला भवनों के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने भी कहा ताकि निर्माण कार्यों में पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित किया जा सके। विद्युत विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि झूलते एवं खुले तारों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर इसे तत्काल ठीक करें। कलेक्टर ने जिले में जर्जर सड़कों की जानकारी लेते हुए शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा टंकियों की पर्याप्त साफ-सफाई करवाने के लिए कहा, ताकि डायरिया फैलने की आशंका न रहे। उन्होंने एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को बारिश में जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने एवं अतिक्रमण रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत जिले में जिले में 08 लाख 11 हजार 641 कार्ड बनाने का लक्ष्य था और अब तक 6 लाख 73 हजार से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय करते हुए शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन खाता, पीएम आवास योजना, उल्लास योजना, मनरेगा तथा पीएम विश्वकर्मा आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन के लंबित प्रकरणों, कॉल सेंटर से प्राप्त आवेदनों, कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत आवेदनों, राजस्व के लंबित प्रकरणों तथा पेंशन प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उक्त प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

नगर पंचायत के उप अभियंता निलंबित

नगर पालिका के 'कार्य में लापरवाही एवं अनुपस्थिति रहने की लगातार शिकायतें, मिलने पर कलेक्टर ने कार्यवाही'करते हुए नगर पालिका के उप अभियंता दीपक कुमार देवांगन को निलंबित'करने आदेश जारी किया है। मुंगेली नगर पालिका के उप अभियंता दीपक कुमार देवांगन को कलेक्टर ने आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।ज्ञात हो की नगरपालिका के कार्यो को लेकर मंत्री से जनता ने शिकायत की थी जिस पर मंत्री के पहल पर कलेक्टर ने आदेश जारी कर सब इंजिनियर श्री देवांगन के कार्य में रुचि नहीं लेने से विकास के महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे थे। विकास कार्य की धीमी गति से आमजनों में भी खासी नाराजगी थी। इसके साथ-साथ उनके विरुद्ध सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति के मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने की भी शिकायतें मिल रही थी।कलेक्टर ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को उनके विरुद्ध जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच में उक्त शिकायत सही पाया गया।

कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों ने रखी अपनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम करही के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि जल जीवन मिशन के तहत टेपनल से पेयजल मिल रहा था, लेकिन 15 दिवस से टेपनल बंद होने के कारण काफी समस्या हो रही है। सड़क पार करके पेयजल लाना पड़ रहा है। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है, इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोरमी विकासखण्ड के ग्राम चंदियाभाठा के सरपंच ने ग्राम में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन स्वीकृत कराने और स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। कलेक्टर ने डीईओ को ग्राम चंदियाभाठा में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

■ न्यूज गैलरी

प्रवेशोत्सव में बच्चों को मिली किताबें

लखनपुर/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल अन्धला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि दिनेश साहू रहे। अतिथियों का स्वागत शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया कार्यक्रम का शुरुवात सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती की छाया चित्र में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्कूली छात्राओं ने मनमोहक सास्कृतिक प्रतुति दी। नव प्रवेशी नौनिहालों को तिलक लगा मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया। साथ ही छात्रों को किताब एवं स्कूल ड्रेस का भी वितरण किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत स्कूल प्रांगण में पौधा रोपड़ किया गया और पौधे की देख भाल करने की सपथ ली गई। इस मौके पर जन प्रतिनिधियों के अलावा साथ ग्रामवासी शिक्षक शिक्षिकाए अभिभावक स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

147 श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना 2024 के तहत आज विशेष ट्रेन द्वारा अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए जिले के 147 श्रद्धालु रवाना हुए। जिसमें सूरजपुर से 49, रामानुजनगर से 32, भैयाथान से 27, प्रतापपुर से 35 तथा 4 शामिल हैं। गौरतलब है कि श्रद्धालुओं को अंबिकापुर पहुंचने के पश्चात स्पेशल ट्रेन से बनारस (बाबा विश्वनाथ) के दर्शन कराते हुए प्रभु रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम प्रस्थान करेगें। यह यात्रा कुल 04 दिनों की होगी।

डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा: बच्चों ने सीखा हाथ धोने का तरीका

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले में एक जुलाई से 31 अगस्त तक चल रहे डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में हैंडवाश की ट्रेनिंग बच्चों को दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डी के विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में उपस्वास्थ्य केंद्र पतरापाली के सीएचओ दीप्ति एवं लाल मुन्नी सिंह मितानिन प्रशिक्षिका ने हाथ धोने का प्रैक्टिस कराया। हाथ धोने के छह चरण से बच्चों को अवगत कराया। बताया कि खाना खाने से पहले, शौचालय के बाद और छोटे बच्चों को लेने से पहले स्वास्थ्य हित में हाथ धोना आवश्यक है। उल्टी दस्त से बचने हेतु हाथों को अच्छी तरह से साबुन या हैंडवाश से अच्छी तरह से धोएं, ताकि खाना खाने के क्रम में आपके हाथों की गंदगी पेट में न जाए। कार्यक्रम में शिक्षक योगेश साहू ने कहा कि डायरिया दूषित पानी और गंदगी से होता है और स्वच्छता से ही डायरिया पर नियंत्रण लगाया जा सकता है। लोगों को साफ पानी ही उपयोग में लाने का आह्वान किया। डायरिया से बचाने के लिए घर के अलावा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएचओ दीप्ति, मितानिन प्रशिक्षिका लालमुनी सिंह, मितानिन सरोज पटेल, अनिता ठाकुर, राजकुमारी सोनिया, संकुल प्राचार्य नवल सिंह, संकुल समन्वयक जीडी सिंह, शिक्षक महेंद्र पटेल, योगेश साहू, अनिता सिंह, सविता साहू, रघुनाथ जायसवाल, भृत्य सरिता सिंह सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

गवर्नमेंट एमप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। गवर्नमेंट एमप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर प्रथम चरण की आंदोलन में पदोन्नति में आरक्षण सहित अपनी सात सूत्रीय मांग को लेकर चारों ब्लॉक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम ज्ञापन सौपा गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश घोसले, जिला संयोजक मनीराम ध्रुव, उपाध्यक्ष सनत बंजारे, बसंत बंजारे एवं जिलाध्यक्ष संतोष सोनकर ने बताया यदि शासन हमारी मांग पर उचित निर्णय नहीं लेती है तो दूसरे चरण का आंदोलन 22 जुलाई को जिला मुख्यालय प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जायेगा। प्रमुख मांग में- पदोन्नति में आरक्षण बहाल पदोन्नति पर रोक लगाने और आरक्षण को संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल करने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जाए, एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ देने 30 वर्ष की सेवा शर्ते को घटाकर 5 वर्ष किया जाए, बस्तर एवं सरगुजा संभाग में स्थानीय भर्ती में आरक्षण को बहाल करने, फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने वाले के विरूद्ध समयबद्ध जाँच व कार्यवाही करने। स्थानांतरण से प्रभावित शिक्षक एलबी संवर्ग के वरिष्ठता संबंधी निर्देश को सामान्य प्रशासन विभाग से मार्गदर्शन अभिमत पश्चात ही पदोन्नति करने।

रथमेला में खुड़खुड़िया पट्टी पर जुआ, 4 लोग गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेंगारी में रथ मेला का आयोजन किया गया था । शांति व्यवस्था के लिये थाना घरघोड़ा की पेट्रोलिंग भ्रमण पर थी । इसी दरम्यान पुलिस पेट्रोलिंग को मुखबीर से रथ मेले में कुछ व्यक्तियों द्वारा खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने की सूचना दी गई । तत्काल घरघोड़ा पुलिस की टीम द्वारा मेले में जुआ खेलाने वालों की घेराबंदी किया गया, मौके पर जुआ खेलने वाले भागे, पुलिस ने खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने वाले 04 व्यक्तियों को पकड़ा जिनसे खुडखुडिया जुआ सामाग्री- खुडखुडिया पट्टी, बांस के टोकरी, गोटी और जुआ रकम ?1560 एवं 02 मोबाइल की जप्ती की गई है । गिरफ्तार आरोपी- (1) खगेश्वर पटैल पिता छबीलाल पटैल उम्र 32 वर्ष (2) सरोज यादव पिता मसत राम यादव उम्र 35 वर्ष (3) चैतन पटैल पिता कुमार पटैल उम्र 24 वर्ष सभी ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा (4) श्रवण विशाल पिता हेमलाल विशाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम डहोली थाना लुण्डा जिला सरगुजा हामु ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा जिला रायगढ़ के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है। वहीं कल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गेरवानी बस स्टैण्ड सार्वजनिक स्थल में स्टाईगर गोटी से जुआ खेला रहे जेलपारा रायगढ़ के अकबर खान पिता बफाती खान उम्र 30 वर्ष और राकेश लहरे पिता स्व मोतीराम लहरे उम्र 33 वर्ष को पकड़ा गया जिनके पास जुमला 1000 और स्टाईगर गोटी जब्त किया गया है ।

शिशु संरक्षण माह 19 जुलाई से 23 अगस्त तक

मुंगेली/नवप्रदेश। शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के 77 हजार 866 बच्चों को विटामिन ए तथा 82 हजार 387 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा विटामिन ए तथा आयरन सिरप की खुराक लेने से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्यवय स्थापित कर शिशु संरक्षण माह का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि विटामिन ए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ ही निमोनिया, डायरिया, रतौंधी से बचाव तथा बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है।

सरस्वती साइकिल योजना से बालिका शिक्षा को मिली उड़ान : अग्रवाल

लखनपुर/नवप्रदेश। पूर्व में प्रदेश के डॉ रमन सिंह सरकार ने सरस्वती सायकल योजना का श्रीगणेश किया था निश्चित तौर पर इस योजना के लागू होने से बालिका शिक्षा को उड़ान मिला है।यह प्रदेश भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि है सरस्वती सायकल योजना का लाभ कक्षा नवमी के छात्राओं को मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा।

उपरोक्त बातें अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने बीते दिन ब्लाक उदयपुर के ग्राम खम्हरिया हाई स्कूल में आयोजित सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण एवं पौध रोपण समारोह में उपस्थित स्कूली छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अग्रवाल का स्वागत फूल मालाओं पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र में धूप-दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अम्बिकापुर विधायक अग्रवाल ने आगे कहा -- छात्राएं अपनी सायकल को सम्भाल कर रखे ताकि कक्षा बारहवीं तक काम आये। घर से स्कूल तक आने तथा स्कूल से घर तक जाने में सायकल सहयोगी साबित होगी। इस योजना से पढ़ने वाले छात्राओं के समय में बचत तो हुई है वहीं बालिकाओं की पढ़ने में रुचि बढ़ी है। दूर से आने जाने तथा समयाभाव के कारण पहले बालिकाओं की पढ़ाई बीच में छुट जाया करती थी ।लेकिन सरस्वती सायकल योजना के लागू होने से बालिका शिक्षा में वृद्धि हुआ है। यकीनन प्रदेश सरकार की महती योजना में से है। छात्राएं इस योजना का लाभ उठायें।विधायक अग्रवाल ने इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम चलाये जा रहे मुहिम के तहत पौधे भी लगाये। और उपस्थित जनों से पेड़ लगाने अपील किया। विधायक अग्रवाल ने एकलव्य विद्यालय के कन्या एवं बालक छात्रावास का निरिक्षण भी किया। बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिए। वहीं कस्तुरबा गांधी आश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शिरकत किया। मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

प्रशिक्षण में बकरी पालन के उन्नत नस्ल की दी जानकारी

लखनपुर/नवप्रदेश। डॉक्टर तनवीर अहमद, उपसंचालक, पशुधन विकास सरगुजा के निर्देश पर पशु चिकित्सालय लखनपुर मे बकरी पालन पर पशुपालकों को दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण 15 एवं 16 जुलाई 2024 को दिया गया।

प्रशिक्षण मे आधुनिक बकरीपालन, बकरी के उन्नत नस्ल, बकरियो मे कृत्रिम गर्भाधान का महत्व , टीकाकरण, बधियाकरण, केसीसी योजना, बकरी पालन योजना तथा औषधीय पौधो का बकरीपालन मे उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विशेषज्ञो द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मे कुल 42 पशुपालको ने पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉक्टर सफदर खान (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सालय लखनपुर) ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बकरीपालको को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना तथा एन एल एम बकरीपालन योजना मे लोन लेकर कैसे व्यावसाय प्रारंभ किया जाये बताना था। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉक्टर सफदर खान के साथ, डॉक्टर मोहिनी श्रीवास्तव (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ), डॉक्टर नेहा सिंह (मोबाइल यूनिट प्रभारी), सुखदेव तिर्की (एवीएफओ) रेणुका सिंह (एवीएफओ) सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

आईएमए की कार्यशाला आज

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में इंडियन मेडिकल ऐसोशिएशन जिला ईकाई एवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सिकलसेल जांच तथा डायरिया के रोकथाम एवं प्रबंधन विषय पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में 18 जुलाई को दोपहर 02.30 बजे कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में विशेष रूप से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिहारे और सिकलसेल विशेषज्ञ डॉ. विनोद अग्रवाल उपस्थित रहेगें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि 01 जुलाई से 31 अगस्त तक जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है।

फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूलों में शिक्षा सामग्री का किया वितरण

पेंड्रा/नवप्रदेश । शरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने क्षेत्र के कई स्कूलों में शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया। यह शैक्षणिक सामग्री शासकीय प्राथमिक शाला बंजारीपारा, प्राथमिक शाला तिलोरा, खाट पारा (तिलोरा), उन्नत पूर्व माध्यमिक शाला तिलोरा, प्राथमिक शाला दर्रीपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी कला और देवरी खुर्द, शासकीय प्राथमिक शाला देवरी खुर्द करौंदानार, पूर्व माध्यमिक शाला और हाई स्कूल अमारु, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला अमारु, शासकीय प्राथमिक शाला दोबे पारा, बहरीझोरकी, खरडी, ढेलुआ, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढेलुआ, जिल्दा, शासकीय कन्या और प्राथमिक शाला मुरमुर सहित 20 स्कूलों में वितरित की गई है । स्कूली बच्चों के चेहरे पर शैक्षणिक सामग्री मिलने के बाद खुशी छा गई। इस मौके पर स्वर्गीय शरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया ने बताया कि शैक्षणिक सामग्री वितरित करने का यह कम आगे भी चलता रहेगा।

शरबती देवी फरमानिया ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। इनके द्वारा विगत कई वर्षों से समाज सेवा का कार्य किया जाता रहा है। इसी के तहत इस वर्ष भी स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें काफी बच्चों को किताब, कॉपी, पेन, पेन्सिल, कंपास मोजा, सैंडल, बिस्किट आदि आवश्यकता अनुसार दिए गए है । स्कूल के शिक्षकों ने ट्रस्ट को धन्यवाद दिया है । इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया मौजूद रहे, जिनकी ओर से स्कूली बच्चों को उक्त सामग्री प्रदान की गई।

अभियान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को मार्गदर्शन देने जिला प्रशासन एवं यूनीसेफ ने लगाई कार्यशाला

बाल विवाह अभिशाप, इसे हर हाल में रोकना होगा : कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सूरजपुर के सभागार में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान एवं कलेक्टर रोहित व्यास के नेतृत्व में बालविवाह रोकथाम के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू, युनिसेफ के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह (सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के विशेषज्ञ), सीएमएचाओ आर.एस.सिंह, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, महिला विकास विभाग के कर्मचारी, युनिसेफ के प्रीतिनिधि सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बाल विवाह को अभिशाप बताते हुए कहा कि हम सभी को इस अभिशाप से मुक्ति पाने के लिए लगातार कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इस जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केवल एक विभाग नहीं बल्कि जिला प्रशासन के सभी विभागों को साथ मिलकर समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों को स्वास्थ्य समस्या के साथ-साथ अन्य कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लड़कियों की शिक्षा इससे बुरी तरह प्रभावित होती है।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बालविवाह को धब्बा बताया। कम उम्र में विवाह, कम उम्र में गर्भधारण न केवल मां के लिए अपितु होने वाले बच्चे के लिए भी हानिकारक वातावरण निर्मित करता है। इससे मां एवं बच्चे को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो सकती है। कम उम्र में लड़को के विवाह से उन पर परिवार की जिम्मेदारी आ जाती है जिसका सही तरीके से निर्वहन वे नहीं कर पाते हैं उन्होंने कहा कि महिलाएं एवं पुरूष जब शारीरिक और मानसिक दोनों रूप में परिपक्व हो जाती हैं तभी उनका विवाह करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बालविवाह घरेलु हिंसा को भी बढ़ावा देती है। अपरिपक्व मानसिकता की स्थिति में पति-पत्नि जीवन के सही निर्णय लेने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में पूरे परिवार को विवाद की स्थिति से गुजरना पड़ता है।

बालविवाह समस्या के निवारण के लिए कलेक्टर व्यास ने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ पूरे समाज के लोगों को मिलकर कर कार्य करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को इस बालविवाह के नुकसान के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने इस सामाजिक अभिशाप से मुक्ति के लिए जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से कार्य करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत की पहुंच गांव-गांव तक होती है जिसके कारण बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में पंचायततो की भूमिका अहम हो सकती है। उन्होंने समाज के सभी जाति, वर्ग, धर्म एंव संप्रदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आओ सभी मिलकर बालविवाह जैसी प्रथा को जड़ से खत्म करें। कार्यशाला में युनिसेफ के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह (सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के विशेषज्ञ) ने सभी कों संबोधित करते हुए कहा कि किसी लड़की या लड़के की शादी 18 साल से कम उम्र में नहीं होना चाहिए। बाल विवाह बचपन को नष्ट करने के साथ-साथ बच्चों के सभी अधिकारों को भी खत्म कर देता है। यह लड़कियों और लड़कों दोनों पर दुष्प्रभाव डालता है। परंतु इससे लड़कियों अधिक प्रभावित होती हैं। यह सीधे रूप में उनके परिवार और समुदाय को प्रभावित करता है। बालविवाह और किशोरावस्था में गर्भधारण होने से लड़कियों को गंभीर स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ता है। मानसिक रूप से सुदृढ़ नहीं होने से परिवार में हिंसा की संभावना बढ़ जाती है। इससे उन बच्चों का शिक्षा और स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। श्री सिंह ने शिक्षा को बालविवाह रोकने की दिशा में कारगर उपाय बताते हुए बाल विवाह संरक्षण के लिए बने कानूनों को भी सख्ती से लागू करना आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने इसके लिए निरंतर लोगों में जागरूक फैलाना बेहद आवश्यक बताया। किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए यह अत्यंत महत्वूपर्ण है कि उनका विवाह कानूनी उम्र के बाद हो । इस कार्यशाला में महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा , पंचायत, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ -साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को युनिसेफ के प्रतिनिधियों के द्वारा बालविवाह रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

न्यूज गैलरी

गबन साबित: कमरीद सरपंच को पद से हटाया गया एसडीएम की कार्रवाई

जांजगीर चाम्पा/नवप्रदेश। जिले के पामगढ़ क्षेत्र के कांग्रेस सरकार में माटी कला बोर्ड की सदस्य पुनिता प्रजापति पर शासकीय राशि का गबन करने और गलत तरीके के बिल भुगतान का है मामला सामने आया है जिसे देखते हुवे स्ठ्ठरू पामगढ़ ने आर्थिक अनियमितता के आरोप में धारा 40 (2) के तहत बर्खास्त कर दिया गया है। पुनिता प्रजापति सरपंच पर लाखो रूपये की गड़बड़ी का आरोप लगा था पुनिता प्रजापति सरपंच ने पद पर रहते हुवे सरकारी राशि को निकलवाकर खुद के लिए खर्च करती थी जब इस मामले की शिकायत पामगढ़ स्ठ्ठरू को हुई तो पामगढ़ स्ठ्ठरू ने इस मामले की जांच कराई तो सही पाया गया। इसके चलते स्ठ्ठरू पामगढ़ ने सरपंच के खिलाफ कार्यवाही की है। इस मामले की शिकायत घासीराम चौहान ने स्ठ्ठरू पामगढ़ को की थी वर्ष 2022 में 4 लाख 16 हजार रुपये का गबन किया था इसके चलते पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (2) के तहत कार्यवाही की गई है अब ग्राम कामरीद की सरपंच पुनिता प्रजापति नहीं रहेगी उसे सरपच पद से हटा दिया गया है स्ठ्ठरू ने कहा है की ग्राम कामरीदमें सरपंच का पद खाली है इसकी सुचना जिला निर्वाचन अधिकारी को दे दिया जा चुका है अब कार्यवाही के लिए जिला पंचायत ष्टश्वह्र को भी इसकी सुचना दी जा चुकी है।

चातुर्मास के लिए जैन मुनियों का मंगल प्रवेश, अभिनंदन

धमतरी/नवप्रदेश। देवशयनी एकादशी के साथ ही देवता सुसुप्ता अवस्था में चले जाने की मान्यता है। जिसे चतुर्मास के रूप में तप, जप, आराधना साधना एवं पूजा के लिए सर्वश्रेष्ठ महीने के रूप में शास्त्रों में भी उल्लेख मिलता है। इन चार माह में साधु संत ऋषि मुनि एक जगह रहकर धार्मिक क्रियाओं में लीन होते हैं तथा विहार ना करते हुए एक जगह निवासरत होते हैं। उक्त महीने का जैन समाज में विशेष महत्व है जिसके अंतर्गत चातुर्मास हेतु शहर में महेंद्र सागर के शिष्य मुनिगण विशुद्ध सागर, पुण्यवर्धन सागर, जीत वर्धन सागर का बुधवार 17 जुलाई की सुबह मंगल प्रवेश सिहावा चौक से भजन कीर्तन के साथ हुआ। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए इतवारी बाजार स्थित मंदिर पहुंची। जिनका रास्ते में कई जगहों पर स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों को प्लास्टिक बैग के बहिष्कार का दिलाया संकल्प

कोरबा/नवप्रदेश। जिलान्तर्गत गवर्नमेंट हाई स्कूल बुंदेली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के शिक्षकों ने मिलकर आम, नीम, अशोक, काजू, बादाम, अमरूद, आंवला व अन्य के 50 पौधे लगाए। इस अवसर पर ग्रामीणों को भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व समझाते हुए पौधे भेंट किए गए। पर्यावरण प्रदूषण मुक्त इसके लिए छात्र-छात्राओं को पेपर बैग बनाना भी बताते हुए उन्हें प्लास्टिक बैग के बहिष्कार का संकल्प दिलाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अनिता ओहरी ने कहा कि बाढ़, मिट्?टी का कटाव रोकने व प्राकृतिक आपदाओं को पेड़ों की मदद से कम किया जा सकता है।

टी. कृष्णवेणी स्मृति हिन्दी श्रेष्ठ सम्मान 29 को

रायपुर/नवप्रदेश। नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 29 जुलाई को रायपुर में स्वर्गीय श्रीमती टी. कृष्णवेणी की स्मृति में हिन्दी श्रेष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के श्री राजेन्द्र ओझा ने बताया कि स्थानीय सिविल लाइन स्थित वृन्दावन सभागार में शाम चार बजे आयोजित होने वाले समारोह में राजधानी रायपुर के दसवीं कक्षा के उन विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जाएगा।

महिला कर्मियों को बैठक के नाम पर देर शाम तक रोकने से असंतोष

■ जिपं सीईओ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

■ सरपंचों से बदसलूकी मामले के बाद नया बवाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के सरपंचों के साथ बदसलूकी और अपने चेम्बर से गेट आउट कहने का मामला शांत भी नहीं हुआ और जिला पंचायत सीईओ अपनी कार्यप्रणाली को लेकर फिर सुर्खियों में आ गए। समीक्षा बैठक के नाम पर कर्मचारियों को रात साढ़े 8 बजे तक बिठाकर रखे जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। दरअसल, इस बैठक में 40-50 महिला कर्मचारी भी शामिल थीं, जो कटेकल्याण, कुआकोंडा व गीदम के दूरस्थ आश्रम-छात्रावासों में अधीक्षिका के तौर पर कार्यरत हैं, जिन्हें बैठक के बाद संवेदनशील इलाकों में स्थित अपने कार्यस्थल पर वापस भी लौटना था। जबकि नियमानुसार शाम 6 बजे के बाद कोई भी पुरुष कर्मचारी बालिकाओं के आवासीय परिसर में मौजूद नहीं रह सकता।

ऐसे में दूर-दराज के आश्रमों में छात्राओं को अधीक्षिकाएँ किसके भरोसे छोड़कर देर शाम तक जिला मुख्यालय की मीटिंग अटैंड कर सकती हैं।

अनावश्यक रूप से देर शाम तक बैठक में रोक कर रखने वाले जिला पंचायत सीईओ व ट्राइबल विभाग के सहायक आयुक्त के अव्यवहारिक रवैए को लेकर कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। लेकिन विभागीय अनुशासन के दायरे में बंधे होने की वजह से कुछ कहने में असमर्थ हैं। यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी अवकाश पर होने की वजह से पिछले कुछ दिनों से मुख्यालय से बाहर हैं। कलेक्टर चतुर्वेदी अपनी सरलता व जन सामान्य के लिए सहज व सुलभ होने की कार्यशैली से आम लोगों में छाप छोड़ चुके हैं, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में अधीनस्थ अफसर मनमानी करने पर उतारू हो गए हैं।

टंकराम ने कोसा, कॉटन व हाथकरघा वस्त्रों के भव्य प्रदर्शनी सह-विक्रय का किया शुभारंभ

■ 22 तक मिलेगी विशेष छूट

बलौदाबाजार- भाटापारा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग हाथकरघा बलौदाबाजार भाटापारा के सौजन्य से जिला मुख्यालय में भव्य प्रदर्शनी सह-विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत मंगलवार 16 जुलाई को कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने फीता काट के किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, विजय केसरवानी, श्याम शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वर्मा ने आयोजन के लिए विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बीच-बीच में करते रहना चाहिए इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने सभी जिलावासियों से आग्रह किया है कि इस मेला का लाभ लेवे और अधिक से अधिक उत्पादों का क्रय कर हाथकरघा को बढ़ावा दें ताकि लोग अधिक से अधिक सक्षम व आत्मनिर्भर हो सके और गाँधी जी के सपने को पूरा कर सके। उक्त मेले में छतीसगढ़ का सुप्रसिद्ध कोसा, कॉटन हथकरघा वस्त्रों का विशाल प्रर्दशनी होगा। यह प्रदर्शनी बलौदाबाजार शहर के मध्य स्थित पं.बाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका गॉर्डन चौक में लगाई गई है। उक्त प्रदर्शनी आज से प्रारंभ होकर 22 जुलाई 2024 तक चलेगा। जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक यह प्रर्दशनी खुला रहेगा। इस प्रदर्शनी के विशेष आर्कषण के रूप में राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरों द्वारा हाथों से निर्मित वस्त्रों का प्रदर्शन कर विक्रय किया जाएगा।

इसके लिए 15 स्टॉलों को सजाया जा रहा है। इस मेले में उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़िया, कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता, सूती साड़िया शर्टिंग, बेड शीट, पिलो कवर, टॉवेल नेपकिन गमछा इत्यादि एक ही जगह मिल जाएगा। सहायक संचालक जिला हथकरघा बी आर शेन्द्रे ने बताया कि वस्त्रों आदि सभी उत्पादों के खरीदी में में लोगों को 20 प्रतिशत विशेष का छूट दिया जाएगा।

पंडरिया विधानसभा में कई तरह के लगाए जाएंगे 51000 पौधे

■ विधायक भावना बोहरा ने की शुरुआत, पौधारोपण अभियान जन आंदोलन बना

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पूरे देश में लाखों की तादाद में वृक्षारोपण किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने इस अभियान में अपनी सतत व सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पंडरिया विधानसभा में 51,000 फलदार एवं छायादार पौधे लगाने की सार्थक मुहिम शुरू की है। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ में आज से 100 से अधिक पौधरोपण करने की शुरुआत विधायक भावना बोहरा ने अपने गृह ग्राम रणवीरपुर एवं ग्राम बाजार चारभाठा से की। भावना बोहरा ने कहा कि प्रकृति से ही देश की प्रगति जुड़ी हुई है, ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक व जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि हम भी पर्यावरण के संरक्षण,संवर्धन एवं सुरक्षा में अपना योगदान दें। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ माँ के नाम अभियान में देश का हर नागरिक अपनी महती भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकट कर रहा हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके इसके लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

परीक्षा के नए सत्र की गोपनीय सामग्री का वितरण 20 को

कोरबा/नवप्रदेश। सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के गोपनीय सामग्री 20 जुलाई 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा कोरबा से वितरित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि मण्डल द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर समन्वय संस्था में उपस्थित होकर गोपनीय सामग्री प्राप्त करके संबंधित थाना/चौकी में जमा कराएं।

सिमगा मदरसे से भागी दो नाबालिग तिल्दा में मिली

तिल्दा नेवरा/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दो नाबालिग घूम रही थी। ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के माध्यम से पुलिस ने इन नाबालिगों से पूछताछ की। इसमें पता चला है कि दोनों इमामबाड़ा सिमगा के मदरसे से भागकर निकली हैं और अब मदरसे में नहीं रहना चाहती हैं।

इस दौरान स्टेशन मास्टर भी मौजूद थे। प्रधान आरक्षक और महिला आरक्षक सीमा जोशी के साथ रेलवे स्टेशन मास्टर सुमन झा मौजूद थे। इन सभी की उपस्थिति में गाड़ी संख्या 12834 से दोनों नाबालिगों को रवाना किया गया। इसके बाद रायपुर में चाइल्ड हेल्प लाइन को अग्रिम कार्यवाही करने कहा है। तिल्दा नेवरा आरपीएफ आउट पोस्ट चौकी में प्रभारी डी के शास्त्री पूछताछ के दौरान मौजूद थे।

पारिस्थितिकीय संतुलन में सांपों की महत्वपूर्ण भूमिका

■ विश्व सांप दिवस पर एनटीपीसी कोरबा में गोष्ठी

कोरबा/नवप्रदेश। विश्व सांप दिवस हर वर्ष 16 जुलाई को मनाया जाता है ताकि साँपों के संरक्षण और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसी कड़ी में एनटीपीसी कोरबा ने भी विश्व साँप दिवस मनाया। ये प्राणी हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साँप विभिन्न प्रजातियों में पाए जाते हैं और छोटे पशुओं और चूहों के प्रजनन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे फसलों की रक्षा होती है और बीमारियों के प्रसार को कम किया जाता है।

नटीपीसी कोरबा की पहल विश्व साँप दिवस पर अपने टाउनशिप स्कूल और प्लांट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक समर्पित प्रयास को दर्शाती है। इस वैश्विक उपासना को चुनकर, उन्होंने साँपों के साथ सहजीवन के महत्व को उजागर किया है, उनकी पारिस्थितिकीय भूमिका और सुरक्षा उपायों पर जोर दिया है। इंटरैक्टिव सत्रों और प्रदर्शनों के माध्यम से, उन्होंने मिथकों को दूर किया है और छात्रों, कर्मचारियों और निवासियों के बीच पर्यावरणीय प्रबंधन को बढ़ावा दिया है। इस प्रकार के कार्यक्रम जीव विविधता के संरक्षण में सहयोग करते हैं और विभिन्न पारिस्थितिकीय परिसरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रहने में मदद करते हैं।

लोगों को बताया गया मानव के लिए सांपों का महत्व

विश्व सांप दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को साँपों और उनके महत्व के बारे में शिक्षित करना है। कई साँप प्रजातियाँ विश्वभर में पाई जाती हैं, जिनमें से कुछ प्राणी लुप्तांगत के कगार पर हैं।

अज्ञात बदमाशों ने फूंकी एसआई की कार

बलौदाबाजार भाटापारा/ नवप्रदेश। बलौदाबाजार हिंसा के बाद से ही जिले की कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है। पुलिस अब भी कलेक्टोरेट एसपी दफ्तर आगजनी मामले के आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है। वहीं दूसरी तरफ टुटपुंजिए बदमाश और चोरों ने पुलिस के नाक में दम कर रखा है। बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद है कि ना तो उन्हें कानून का खौफ है और ना ही सजा का डर.हालिया घटना में बदमाशों ने तो हद ही पार की है। इस बार बदमाशों के निशाने पर निपनिया थाना प्रभारी की गाड़ी आई। जिसे बीती रात किसी ने फूंक दिया।

ग्रामीण थाना क्षेत्र के निपनिया चौकी में प्रभारी किशुन कुम्भकार के घर के सामने खड़ी कार में किसी अज्ञात आरोपी ने आग लगा दी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग राख के ढेर में बदल चुकी थी। इस मामले में जहां एक तरफ पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आगजनी के बाद फायर ब्रिगेड टीम की लापरवाही भी देखने को मिली। थाना प्रभारी ने जब आग लगने की सूचना देने के लिए भाटापारा नगरपालिका के फायर ब्रिगेड कर्मचारियों और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को कॉल किया तो किसी ने फोन नहीं उठाया। तब बलौदाबाजार की अमेरा स्थित फायर स्टेशन की टीम की मदद से आग बुझाई गई।

एसआई की कार फूंकाः कार में आग लगने की घटना के बाद चौकी प्रभारी किशुन कुम्भकार से लगातार उनके मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। घटना की भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले ने पुष्टि की।

रात एक बजे की घटना है

पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है। घटना क्यों और कैसे हुई अभी पता नहीं चला है.

- अमित पाटले, थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण

बलौदाबाजार में बदमाशों के पंख निकल आए हैं। यहां कुछ ही दिन पहले आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह को उन्हीं के ऑफिस में घुसकर बदमाश ने पीटा था। इस केस में पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर जुलूस निकाला.लेकिन वो जुलूस में अपनी बत्तीसी दिखाता नजर आ रहा था। इसके पहले एक महिला आरक्षक की स्कूटी उसी के घर के सामने से पार कर दी गई। जो अब तक लापता है। वहीं गार्डन के पास से बाइक को चोरों ने उड़ा लिया। अब सवाल ये उठने लगे हैं कि जिले में जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो जनता कहां से होगी। इस संबंध में लोगों का कहना है कि इसका मुख्य कारण नशे का अवैध कारोबार है। जिसकी युवा पीढ़ी आदी हो चुकी है और इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रही है।

बारिश में बह गई सड़क छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश जाने का रास्ता हुआ बंद

गौरेला-पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय होने से पिछले 2 दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में गौरेला से अमरकंटक जाने वाली सड़क बारिश में बह गई है। इसके चलते छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश का रास्ता बंद हो गया है, जिसके कारण पिछले 14 घंटे से आवाजाही ठप है।

चुकतीपानी के पास सड़क बही

पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश से पेंड्रा में ज्वालेश्वर घाट में चुकतीपानी के पास सड़क बही है। नाले के ऊपर वैकल्पिक रूप से बनाया गया पुल भी बह गया है। मौसम विभाग ने आज भी कांकेर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम, बेमेतरा के लिए ऑरेंज अलर्ट और धमतरी, गरियाबंद, कोंडगांव, नारायणपुर और राजनांदगांव के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 248.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 15 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 410.7 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 135.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

प्रशिक्षण | **प्राथमिक शिक्षकों के उन्मुखीकरण के लिए छुरा विकासखंड में पांच दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों को मार्गदर्शन**

पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप की हुई शुरुआत

छुरा/नवप्रदेश। प्राथमिक शिक्षकों के उन्मुखीकरण के लिए छुरा विकासखण्ड का पाँच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप की शुरुआत 15 जुलाई से शास. हाईस्कूल लोहझर में हुई। एनसीईआरटी और डाइट रायपुर के दिशा निर्देशन में यह प्रशिक्षण संपन्न हो रहा है । जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक के. एस. नायक के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई । प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में हाईस्कूल प्राचार्य देवांगन और बीआरसी एच के देवांगन ने प्रशिक्षण के महत्व बताया। बीआरसी देवांगन ने बताया कि आज वर्तमान समय मे अंग्रेजी भाषा का बहुत ही महत्व है, इसलिए शिक्षकों को भी अपग्रेड रहने की जरूरत है इसी कारण एससीईआरटी अंग्रेजी स्पोकन का वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही समय का पालन करते हुए प्रत्येक गतिविधियों में शामिल होकर प्रशिक्षण को अच्छी तरह ग्रहण करके बच्चों को स्पोकन इंग्लिश में दक्षता लाने हेतु निर्देशित किया । सभी शिक्षक इस कार्यशाला में डीआरजी वासुदेव प्रजापति, देवकांत सिन्हा के सानिध्य में विभिन्न गतिविधियों, गीत , ड्राइंग आदि के माध्यम से अंग्रेजी स्पोकन सीख रहे हैं । प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में जिला मिशन समन्वयक के.एस. नायक ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रशिक्षण की बारीकियों के बारे में बात की । साथ ही बच्चों के साथ अंग्रेजी के बेसिक शब्दों को प्रतिदिन स्कूल में बातचीत में शामिल करने को कहा ।शुरुआत में कठिनाई जरूर होगी पर बच्चों के साथ प्रतिदिन बात करने से बच्चे भी सीखते जाएंगे । एपीसी थॉमस सर ने अंग्रेजी के स्पोकन शब्दों को बोलचाल में शामिल कैसे करें, इसके बारे में जानकारी दी ।प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से जिला मिशन समन्वयक नायक, एपीसी थॉमस, बीआरसी देवांगन, प्राचार्य देवांगन, डीआरजी एवं मास्टर ट्रेनर्स वासुदेव प्रजापति, देवकांत सिन्हा, पदमजा गुप्ता, प्रतिभा सकरिया, विनोद चंद्राकर, शंकर यदु, खोरबाहरा निषाद, केशव विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, केदार साहू, नंदझरोखा कुर्रे, प्रेमनारायण ध्रुव, सुषमा गिलहरे आदि उपस्थित थी।

आवारा मवेशियों से परेशान ग्रामीणों की फिर से गौठान खोलने की मांग

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। सरकार बदलते ही कई योजनाएं भी बदल जाती है। ऐसे ही पूर्व सरकार की एक योजना रोका-छेका अभियान को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है। दरअसल, रोका-छेका अभियान के तहत गांव-गांव में गौठान बनाकर आवारा मवेशियों को रखा जाता था। इससे किसानों को फसलों की चराई से होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल जाता था। वहीं सड़क पर मवेशियों के कारण होने वाले हादसों में भी कमी आई थी। लेकिन सरकार बदलते ही नियम भी बदल गया है।

वहीं मवेशियों को लेकर प्रदेशभर में राजनीति भी शुरू हो गई है। रोका-छेका अभियान बंद किए जाने को लेकर कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। वहीं भाजपा एक नई योजना गांव अभ्यारण लाने की तैयारी कर रही है। भाजपाइयों का कहना है कि, मवेशियों को अभ्यारण्य में रखा जाएगा।

इसके बीच किसानों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में खरीफ की फसल लहरा रही हैं। किसान मवेशियों के फसलों को चरने से परेशान हैं। आए दिन मवेशी मालिकों से विवाद होता रहता है। कई बार मामला इतना बढ़ जाता है कि, बात थाने तक पहुंच जाती है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर बैठे आवारा मवेशी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसमें गौ वंश की मौत हो ही रही है, साथ ही वाहन चालक भी गिरकर चोटिल हो रहे हैं या फिर असमय ही लोग काल के गाल में समा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि, बंद पड़े गौठानों को फिर से चालू किया जाए और आवारा मवेशियों को गौठानों में रखा जाए।

वैश्विक मजबूती के बीच सोना 550 और चांदी 400 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण स्थानीय बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 550 रुपये की तेजी के साथ 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोना 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना तेजी के साथ क्रमशः 75,700 रुपये और 75,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। बाजार सूत्रों ने सोने की कीमतों में तेजी आने का श्रेय घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर विक्रेताओं के बीच मांग बढ़ने को दिया। इसके अलावा चांदी भी 400 रुपए उछलकर 94,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। उनके अनुसार ब्याज दरों में

कटौती की उम्मीद के कारण सोने और चांदी की कीमतों में तेज सुधार देखा गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी रिसर्च) मानव मोदी ने कहा, सोमवार को कोई प्रमुख डेटा जारी नहीं किया गया लेकिन, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियां सुर्खियों में रहीं। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन पॉवेल ने कहा कि दूसरी तिमाही के आंकड़ों ने नीति निर्माताओं को यह भरोसा दिलाया है कि मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। पॉवेल ने दोहराया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक दरों में कटौती की जल्दी में नहीं है, लेकिन उन्होंने श्रम बाजार में ढील और घाटे में वृद्धि के बारे में भी चिंता जताई। मोदी ने कहा कि इस सप्ताह व्यापारी अमेरिकी खुदरा बिक्री, औद्योगिक उत्पादन और हाउसिंग से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण डेटा बिंदुओं पर नजर रखेंगे, जो समग्र आर्थिक स्वास्थ्य पर स्पष्टता प्रदान करेंगे। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 28 डॉलर की तेजी के साथ 2,436 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि ईटीएफ मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब पहुंचने से पीली धातु में खरीदारी जारी रही।

ट्रेजरी यील्ड में गिरावट और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स ने भी हाजिर सोने की कीमतों में तेजी को समर्थन दिया। इसी तरह चांदी की कीमत भी तेजी के साथ 30.77 डॉलर प्रति औंस हो गई। पिछले सत्र में यह 30.68 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष (कमोडिटी और मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, अमेरिका और फ्रांस में राजनीतिक अनिश्चितता के संकेतों के बीच सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में मांग में वृद्धि और मध्य-पूर्व में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रखने के कारण भी सर्राफा बाजार को समर्थन मिला।

आम आदमी पर महंगाई की मार जारी

नई दिल्ली। एक अप्रैल 2024 भारतीय वित्त वर्ष का पहला दिन। अरहर की दाल का औसत रेट 149.23 रुपए था। चीनी 44.44 रुपए की एक किलो थी। सरसों का एक लीटर तेल 135.67 रुपए का था, आलू 24.76 रुपए किलो थे, प्याज 32.38 रुपए और टमाटर 32.97 रुपए किलो थे. ये जो दाम आपने सुने हैं ये औसत दाम थे। ये आंकडे उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए हैं।

अब इसी वेबसाइट पर 15 जुलाई के औसत दामों पर नजर डालते हैं. अरहर की दाल 168.75 पर पहुंच गई है, चीनी 45.03 पर, सरसों का तेल 140.82 पर, आलू 37.14 रुपए किलो, प्याज 44.67 रुपए किलो और टमाटर 68.52 रुपए किलो पर पहुंच गए हैं। मुझे उम्मीद है कि ये आंकडे देखने के बाद आपको महंगाई दिख भी रही होगी और महसूस भी हो रही होगी और ये तो एक बानगी मात्र है। इसी वेबसाइट पर और भी कई चीजों के दाम दिए गए हैं। अब इसके आगे की बात जानिए। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने भी कुछ आंकड़े जारी किए हैं। इनके मुताबिक जून में थोक महंगाई दर बढ़ गई है। 3.36 फीसदी पर पहुंच गई है। मार्च में ये 0.53 फसदी थी। अप्रैल में ये 1.26 फीसदी थी, मई में 2.61 फीसदी और अब जून में 3.36 फीसदी। अब सवाल ये कि थोक महंगाई क्यों बढ़ रही है? और जवाब ये कि खाने-पीने की चीजें महंगी हो गई हैं। सरकारी आकंडे तस्दीक करते हैं कि आलू से लेकर प्याज तक और टमाटर से लेकर तमाम सब्जियां महंगी हो गई हैं। तमाम दालें महंगी हो गई हैं। थोक महंगाई के बाद बात करते हैं रिटेल महंगाई की। 12 जुलाई को रिटेल महंगाई के आंकड़े आए थे। जून के महीने में रिटेल महंगाई भी बढ़ गई। 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। अप्रैल में ये आंकडा 4.85त्न का था। और मई में रिटेल महंगाई 4.75त्न पर थी। रिपोर्ट बताती है कि खाने-पीने की चीजें महंगी होने की वजह से रिटेल महंगाई बढ़ गई है। खाद्य महंगाई दर 8.69 से बढ़कर 9.36त्न पर पहुंच गई है। यही नहीं शहरी महंगाई के साथ-साथ ग्रामीण महंगाई भी बढ़ती जा रही है। रिटेल महंगाई हो या फिर थोक महंगाई। दोनों में एक चीज कॉमन है। दोनों रिपोर्ट एक बात पर मुहर लगाती हैं। वो ये कि खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। खाने-पीने की चीजें महंगी हो रही हैं।

लेकिन कभी आपने ये सोचा है कि कोई चीज महंगी क्यों होती है और सस्ती कब हो जाती है. दरअसल महंगाई का पूरा गणित काम करता है मांग और सप्लाई के फॉर्मूले पर। अगर किसी चीज की मांग बहुत अधिक है और सप्लाई कम है तो उस चीज के दाम बढ़ जाएंगे। वहीं अगर किसी चीज की सप्लाई अधिक है और मांग बहुत ज्यादा नहीं है तो ऐसे में उस चीज के दाम कम हो जाएंगे।

सिप्ला को 773 करोड़ रुपए का थमाया आयकर नोटिस

बिजनेस डेस्क। दवा कंपनी सिप्ला को आयकर विभाग से 773.44 करोड़ का नोटिस मिला है। यह मांग आकलन वर्ष 2015-16 से 2022-23 के लिए है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया, आयकर प्राधिकरण ने 12 जुलाई, 2024 के आदेश में कर निर्धारण और पुनर्मूल्यांकन के तहत विभिन्न खर्चों की अस्वीकृतियों के कारण अतिरिक्त कर मांग की है। 773.44 करोड़ रुपये की मांग में उक्त किसी भी आकलन वर्ष का कोई रिफंड शामिल नहीं है।विदेशी बाजारों में कमजोर मांग के बीच जून में भारत से रत्न व आभूषण का निर्यात सालाना आधार पर 13.44 फीसदी घटकर 15,939.77 करोड़ रुपये रह गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात

संवर्धन परिषद ने कहा, तराशे और पॉलिश हीरों के निर्यात में भी 25.17 फीसदी गिरावट रही।घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में 5.76 फीसदी बढ़कर 1.32 करोड़ पर पहुंच गई है। एक साल पहले इसी महीने में यह 1.24 करोड़ थी। डीजीसीए के मुताबिक, इंडिगो से सबसे अधिक 80.86 लाख लोगों ने यात्रा की है।?एअर इंडिया से 17.47 लाख और विस्तारा से 12.84 लाख ने यात्रा की। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को ऑनलाइन आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो में अपनी हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 646 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई के मुताबिक, फंड ने जोमैटो में 2.84 करोड़ से ज्यादा शेयर यानी 0.3 फीसदी हिस्सेदारी बेची है।

टैरिफ बढ़ाने से एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंचेगी प्रति ग्राहक कमाई

नई दिल्ली। मोबाइल और डाटा टैरिफ महंगा करने से दूरसंचार कंपनियों की प्रति ग्राहक कमाई (एआरपीयू) बढ़कर एक दशक के शीर्ष पर पहुंच जाएगी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा, 2025-26 तक हर मोबाइल ग्राहक से ये कंपनियां 225-230 रुपये तक कमाई करेंगी, जो बीते वित्त वर्ष के 180 रुपये से 25 फीसदी तक ज्यादा है। क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, उच्च लाभप्रदता और कम पूंजी खर्च के कारण दूरसंचार कंपनियों की क्रेडिट स्थिति में भी सुधार होगा। 5जी सेवाओं की शुरुआत के बाद बढ़े हुए डाटा उपयोग से एआरपीयू को भी मदद मिलेगी। वोडाफोन, एयरटेल और जियो ने हाल में टैरिफ 25 फीसदी तक बढ़ाया है।

टैरिफ वृद्धि से 2025-26 अंत तक दूरसंचार उद्योग को पूंजी पर रिटर्न को 11 फीसदी तक सुधारने में मदद मिलेगी। 2023-24 में यह 7.5 फीसदी था। इसी तरह, कंपनियों का निवेश 28 फीसदी से घटकर अगले वित्त वर्ष में 19 फीसदी रह जाएगा, क्योंकि अधिकांश कंपनियों ने 5जी रोलआउट को पूरा कर लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और गेमिंग एप के अधिक इस्तेमाल के कारण डाटा की अधिक खपत हो रही है।?इससे ग्राहक अपने डाटा प्लान को अपग्रेड करा रहे हैं।?एजेंसी ने कहा, एआरपीयू में वृद्धि धीरे-धीरे होगी। इसका पूरी तरह असर चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में दिखेगा। इस बढ़ोतरी का बड़ा असर प्रीपेड ग्राहकों पर दिखेगा, क्योंकि इनकी संख्या ज्यादा है। इसलिए, जब ग्राहक अगली बार रिचार्ज कराएंगे, तभी कंपनियों की बही खाता में यह कमाई दिखेगी।स्पेक्ट्रम खर्च में आएगी कमी : क्रिसिल के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा, कंपनियों के नए स्पेक्ट्रम पर खर्च आ सकती है क्योंकि अधिकांश खरीद 2022-23 में ही हुई थी। कंपनियों का कर्ज भी 2025-26 तक घटकर 5.6 लाख करोड़ रह जाएगा

दालों पर लाभ मार्जिन घटाएं खुदरा विक्रेता, मुनाफाखोरी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

नई दिल्ली। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने खुदरा विक्रेताओं को दालों पर लाभ मार्जिन घटाने को कहा है। सरकार ने कहा, पिछले एक महीने में प्रमुख थोक बाजारों में दालों की कीमतों में करीब चार फीसदी की गिरावट के बावजूद खुदरा बाजारों में दाम नहीं घटे हैं। ऐसे में खुदरा विक्रेता उचित लाभ मार्जिन वसूलें। सरकार ने दालों की सट्टेबाजी व मुनाफाखोरी करने वाले विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। दालों के मूल्य परिदृश्य पर रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के साथ मंगलवार को बैठक के बाद उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा, प्रमुख थोक मंडियों में चना, तुअर और उड़द की कीमतों में चार फीसदी तक की गिरावट आई है, लेकिन खुदरा कीमतों में ऐसी कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इससे लगता है कि खुदरा विक्रेताओं को अधिक लाभ मार्जिन मिल रहा है। बैठक में अरहर और चने के लिए स्टॉक सीमा के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। सचिव ने कहा, दलहन उत्पादक राज्यों में अरहर और उड़द का उत्पादन बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए गए

खेल, मनोरंजन

श्रीलंका दौरे के लिए जल्द होगी टीम की घोषणा, सूर्या हो सकते हैं कप्तान

नई दिल्ली। गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे के साथ शुरू हो जाएगा। कोच की कमान संभालते ही गंभीर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा हो सकती है। सपोर्टिंग स्टाफ सहित टीम के कप्तान को लेकर गंभीर ने बीसीसीआई को कई सुझाव दिए हैं।

टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 5 मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराया। अब टीम का अगला मिशन श्रीलंका दौरा है, जहां तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जानी है।इस सीरीज के साथ बतौर मुख्य कोच गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के साथ शुरू होगा। जानकारी के अनुसार, इस दौरे के लिए टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को सौंपी जा सकती है।टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद भारतीय टीम को नए कप्तान की तलाश है। हालांकि नए कप्तान की दावेदारी की रेस में हार्दिक ही सबसे आगे चल रहे हैं।

सूर्यकुमार को नई जिम्मेदारी दिए जाने के पीछे हार्दिक की इंजरी की समस्या बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, सूर्यकुमार पहले भी भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज में भी सूर्यकुमार के हाथ में ही भारतीय टीम का नेतृत्व था। वहीं घरेलू सर्किट में भी सूर्यकुमार मुंबई की कप्तानी कर चुके हैं। चयन समिति आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर सकती है। 26 जुलाई से शुरू होने वाले इस दौरे की शुरुआत तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ ही होनी है।

तीन टी20 मैच पल्लेकेले और जबकि तीन वनडे मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। यह दौरा गौतम गंभीर के लिए भी बतौर भारतीय कोच पहला दौरा होगा। गंभीर को राहुल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद हाल ही में टीम इंडिया का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

केआरके का गाना प्रमोट कर ट्रोल हुए अमिताभ

केआरके उर्फ कमाल आर खान का एक गाना 'मेरे साथिया' रिलीज हुआ। खास बात यह रही कि इस गाने को बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने प्रमोट करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया।सिर्फ अमिताभ ही नहीं इस गाने को अनिल कपूर, टाइगर श्रॉफ, राम गोपाल वर्मा, गुरु रंधावा और मधुर भंडारकर समेत कई सेलेब्स ने शेयर किया है।



हालांकि, इसे प्रमोट करने पर अमिताभ और अनिल सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल हो गए। जहां कई यूजर्स ने कहा कि उन्हें लगा कि आमिताभ का अकाउंट हैक हो गया है तो वहीं अनिल से कई यूजर्स ने पूछा कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी थी जो उन्हें केआरके का गाना प्रमोट करना पड़ा। अमिताभ ने इस गाने का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स को शुभकामनाएं दीं। उनकी इस पोस्ट को देखकर कई यूजर्स हैरान रह गए। एक यूजर ने लिखा, 'लगता है सर का अकाउंट हैक हो गया।' वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'सर ये परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन के खिलाफ है।' कई यूजर ने तो अमिताभ से यह तक पूछ लिया कि ऐसी क्या मजबूरी थी जो उन्हें केआरके का गाना प्रमोट करना पड़ा। वहीं एक ने लिखा, 'सर से एसआरके नहीं केआरके है।'

चोट के कारण मेसी अनिश्चित काल के लिए मैदान से बाहर

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी कोपा अमेरिका के फाइनल में चोटिल होकर बाहर चले गए थे। लेकिन अर्जेंटीना ने उनके बिना भी एक रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। खास बात ये है कि मेसी सही से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन इसके बावजूद वो बेंच से उठकर गए और टीम के साथ जीत का जश्न मनाया।

हालांकि, मेसी की चोट को लेकर उनके फैंस काफी परेशान हैं। उनके दाहिने टखने में बहुत अधिक सूजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है। इस बीच मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि उनके कप्तान को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। उनकी वापसी की कोई तय तारीख नहीं होगी। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इस पर चीजें साफ होंगी। इंटर मियामी के बयान में कहा गया, मेडिकल जांच के बाद, यह निर्धारित किया गया है कि लियोनेल मेसी को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। कप्तान की उपलब्धता समय-समय पर किए जाने वाले आकलन और उनकी रिकवरी की प्रगति के आधार पर निर्धारित की जाएगी। मियामी के कोच मार्टिनो ने पत्रकारों से कहा, मेसी की काफी चोट लगी है, उनका टखना मुड़ गया था। इसलिए जांच की आवश्यकता है और रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी होगी। स्थिति की गंभीरता का पता लगाने के लिए परीक्षण किए जाएंगे।

न्यूजीलैंड ने घरेलू सीजन के शेड्यूल का किया ऐलान

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2024-25 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय समर शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम इस दौरान इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे बड़ी टीमों की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड की ओर से जारी 2024-25 घरेलू सीजन के दौरान कुल मिलाकर न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 6 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत इस साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ पहले से घोषित आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला से होगी, जिसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 28 दिसंबर से 11 जनवरी तक तीन टी20 और इतने ही वनडे श्रीलंका के साथ खेलेगी।ब्लैककैप्स फरवरी में मेजबान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के लिए पाकिस्तान जाएगी, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे के लिए स्वदेश लौटेगी।

न्यूजीलैंड की महिला टीम 19 से 23 दिसंबर तक सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी और बाद में 4 से 18 मार्च तक श्रीलंका के मल्टी-फॉर्मेट दौरे की मेजबानी करेगी, जो 21-26 मार्च को नंबर 1 रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से ठीक पहले होगी।

कृतिका मलिक ने नॉमिनेशन पर नेजी को कहा बेवकूफ

बिग बॉस ओटीटी 3 में रैपर नेजी ने हाउसमेट कृतिका मलिक को अनएक्सपेक्टेड नॉमिनेशन टास्क में नॉमिनेट किया, इसके बाद कृतिका नेजी पर अपनी भड़ास निकालती नजर आईं। यह सब शो के आगामी एपिसोड में नजर आएगा। चैनल द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए प्रोमो में कैप्शन दिया गया है, अनएक्सपेक्टेड नामांकन नेजी ने क्यों किया कृतिका को नॉमिनेट प्रोमो की शुरुआत में कृतिका रैपर नेजी को बेवकूफ कहती नजर आती हैं। कृतिका ने कहा, 11 लोगों के बीच में जो सबसे बेवकूफ आदमी है, वो यह (नेजी) है। उन्होंने कहाः थोड़ी देर में कहेंगे, सॉरी कृतिका जी मुझे उस समय जो लगा मैंने कर दिया।

इस पर नेजी ने कहा कि वह सोच रहे थे कि उन्हें वही करना चाहिए जो वह काफी समय से करना चाहते थे। कृतिका ने कहा, यहां मैं नेजी भाई का इतना ध्यान रखती हूं, यहां किसी लड़के का नहीं रखा। कृतिका ने आगे कहा कि आज के बाद बोलना मत की कॉफी या चाय दे दो। इस पर नेजी कहते नजर आते है कि आपने इस वजह से कनेक्शन बनाया था इस बीच कृतिका के पति अरमान मलिक इस लड़ाई में कूद पड़ते हैं। अरमान ने कहा कि पूरा घर जानता है कि कितना काम करने वाला है तू, अपने में बदलाव ला, तू किसी के लिए कुछ नहीं करता। अपनी दोस्त सना मकबूल से बात करते हुए नेजी ने कहा कि वह कुछ अलग करना चाहते हैं। नेजी ने कहा, कुछ अनप्रिडिक्टेबल करना था मुझे। मजा आना चाहिए... गेम होना चाहिए, यहां चाय पीने नहीं आए हैं।

न्यूज गैलरी

घर से मोबाइल व लेपटाप की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसर कालोनी सेक्टर-1 स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 2 नग मोबाइल और एक लेपटाप पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नारायण त्रिपाठी 36 वर्ष प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के मकान में तड़के करीब साढ़े 5 बजे प्रवेश कर आलमारी में रखे दो नग मोबाइल और एक लेपटाप पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 55 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम डोमा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रेजराम साहू 24 वर्ष ग्राम डोमा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23 एफ 4588 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 23 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नगदी सहित जेवर ले उड़े चोर

रायपुर/नवप्रदेश। बसंत विहार कालोनी गोंदवारा स्थित सूने मकान का का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीकृष्ण राव 35 वर्ष बसंत विहार कालोनी गोंदवारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 9 लोग हुए गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दिनेश कुमार साहू 25 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आारोपी नारद साहू 49 वर्ष, विशाल श्रीवास 28 वर्ष, राजेश साहहू 35 वर्ष, संजय साव 30 वर्ष, राजेश सिंह 38 वर्ष व सौकत अली 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी करण लहरे 21 वर्ष व माना पुलिस ने आरोपी रामअवतार साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

देशी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती पुलिस ने विनायक सिटी रोड भाठागांव के पास देशी कट्टा और 2 नग जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विनायक सिटी रोड भाठागांव के पास एक युवक अवैध हथियार रखा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लीलाधर सोनकर 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और 2 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम निसदा मोड़ के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार अधेड़ महिला की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका हीराबाई 55 वर्ष डगनिया नवापारा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह अपने रिश्तेदार के साथ बाइ क क्रमांक सीजी 04 एलबील 7933 से कहीं जा रही थी, तभी ग्राम निसदा मोड़ के पास पिकअप क्रमांक ओडी 03 एक्स 3596 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार हीराबाई की मौत हो गई।

150 चाकूबाजों को पुलिस ने दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस का अभियान जारी है। इसी के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के चाकूबाजों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व व समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में 150 से अधिक चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड ली गई।

राजधानी में झमाझम बारिश, 4 जिलों के लिए यलो अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कई जिलों में दोपहर बाद तेज बारिश हो रही है। रायपुर, दुर्ग सहित अन्य जिलों में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला है। वहीं मौसम विभाग ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कांकेर जिले में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

गरियाबंद की सोंढुर नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे नदी पार कर रहा ट्रैक्टर फंस गया। ड्राइवर समेत दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। बीजापुर-जगदलपुर मार्ग पर जांगला के नजदीक पानी चढऩे से नेशनल हाइवे पर वाहनों के पहिए थम गए थे।

पिछले 24 घंटे के दौरान बस्तर (नांगुर) में 100 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। धमतरी (बेलरगांव) में 93, नगरी में 84.7, टोकापाल में 80, कांकेर (नेहरपुर) में 71, पेंड्रा में 54.5 और बालोद(डौंडीलोहरा) 54 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

19 जुलाई से लगभग पूरे प्रदेश में बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ के ज्यादातर स्थानों पर बारिश होने और एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

मौसम विज्ञानी के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र विदर्भ और दक्षिण छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में बना हुआ है। इस वजह से अगले तीन दिन बस्तर संभाग के जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

बीजापुर में चेरपाल रपटा डूबा

बीजापुर में मंगलवार रात से बारिश हो रही है। बारिश के चलते गंगालूर को जोड़ती सड़क पर बना चेरपाल रपटा के ऊपर से पानी बह रहा है। इसके चलते पिछले कई घंटों से रास्ता बंद है। दोनों ओर दर्जनों वाहन खड़े हैं। लोग पानी उतरने का इंतजार कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में एवरेज बारिश

छत्तीसगढ़ में अब तक 794.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 27 फीसदी कम है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 1 जून से अब तक 382.2 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी। 13 जिलों में सामान्य बारिश हुई है। वहीं, बाकी जिलों में औसत से कम बारिश हुई है।

सोंढुर नदी में बाढ़ आने से फंसा ट्रैक्टर

गरियाबंद जिले की सोंढुर नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इस दौरान नदी पार कर रहा ट्रैक्टर बीच में ही फंस गया। पानी बढ़ता देख ट्रैक्टर ड्राइवर और उस पर सवार किसान ने कूदकर अपनी जान बचाई। किसान मक्के की फसल पर दवा छिड़कने गया था, लौटते समय ट्रैक्टर फंस गया।

मंत्री के जिले में बेहाल शिक्षा..

हाथों में किताब की जगह बच्चों के कांधों पर कचरे की बोरी

स्लम एरिया के बच्चों को शिक्षा योजना का लाभ नहीं मिल रहा

प्रारंभिक शिक्षा से वंचित बच्चे कचरे के ढेर के आसपास दिखाई दे रहे हैं

कोरबा/नवप्रदेश। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है। राज्य शासन ने इसके लिए कई योजनाएं चला रखा है, फिर भी सड़कों पर या कचरे के ढेर के आसपास घुमंतू बच्चों को भविष्य खराब करते देखा जा सकता है। यह हाल मंत्री के जिले का है जहां स्लम बस्ती के छोटे-छोटे बच्चों को कचरे की बोरी लिए घूमते हुए देखना आम बात है।

बता दें कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आरटीई के तहत निजी स्कूलों के अलावा आत्मानंद विद्यालय में दाखिले के लिए प्रकिया चल रही है। इसका लाभ स्लम बस्ती के शाला त्यागी बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में देखा जाए तो शहर में घुमंतू और कचरा उठाने वाले बच्चों की संख्या कम नहीं हो रही है। कंधे पर बोरी लटकाए व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास कचरे से कबाड़ तलाशते बच्चे दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी अनुसार आरटीई से घुमंतू बच्चों को जोडऩे के लिए शिक्षकों की टीम गठित की गई है, पर पिछले तीन साल से वे ऐसे बच्चों के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अटल आवास और श्रमिक बस्तियों में रहने वाले अधिकांश बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से, विद्यालय के अध्यापन से दूर होते जा रहे हैं।

इन बच्चों का स्वास्थ्य विभाग में कोई आंकलन है, ना ही शिक्षा विभाग में आंकड़े। मुफ्त की किताबें, मध्यान्ह भोजन से लेकर गणवेश की सुविधा होते हुए भी बच्चों की पीठ से कचरे का बोझ नहीं उतर रहा। वहीं दूसरी ओर देखें तो कोरोना काल में श्रमिक क्षेत्रों में आनलाइन पढ़ाई का बच्चों को लाभ नहीं मिला। इस दौरान भले ही पढ़ाई ठप रही, लेकिन कबाड़ में भविष्य देखते इन बच्चों का शिक्षा से भविष्य तैयार करने वाले जिम्मेदार नहीं दिखे।

इनके लिए पढ़ाई नहीं जीवीकोपार्जन है महत्वपूर्ण

ऐसे में जीवीकोपार्जन के लिए कचरा उठाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ती गई। इनके लिए पढ़ाई नहीं जीवीकोपार्जन महत्वपूर्ण है। लालच कहें या अज्ञानतावश अभिभावक भी बच्चों को कचरे की कमाई में धकेलने में पीछे नहीं हैं। विद्यालयों में दाखिल रजिस्टर में खानापूर्ति के लिए इन छात्रों का नाम दर्ज कर दिया जाता है, किंतु इनके शिक्षा के स्तर के बारे किसी भी तरह की पूछपरख नहीं की जाती। सर्वशिक्षा अभियान नियम के अनुसार शाला त्यागी व शाला अप्रवेशी विद्यार्थियों को विद्यालय में दाखिला देना आवश्यक है। शहर के श्रमिक बस्तियों में पढ़ाई हो रही है या नहीं इसे लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हैं।

अटैचमेंट से नहीं उबरा शिक्षा विभाग

शिक्षा संचालनालय ने अटैचमेंट समाप्त करने का स्पष्ट आदेश जारी कर दिया है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग से लेकर खंड कार्यालय व आदिवासी विकास विभाग अटैच शिक्षकों के दम पर चल रहा है। जिन स्कूलों से अटैच कर दिए गए हैं वहां पढ़ाई के नाम पर मजह खानापूर्ति हो रही है। कक्षा पहली से पांचवीं तक दो शिक्षक व एक प्रधान पाठक का सेटअप है, वह भी अटैचमेंट की भेंट चढ़ गई है। शहर के अंधरी, कछार, रामपुर, एनसीडीसी, सीतामढ़ी आदि स्कूल अतिरिक्त शिक्षकों से भरे पड़े हैं। इस पर विभाग की ओर से नियम तय नहीं किए जाने के कारण गांव के स्कूल सीमित शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं।

शिक्षा विभाग ने नहीं ली सुध

इंडस्ट्रियल क्षेत्र के रिस्दी व 15 नंबर ब्लाक सहित शहर के अन्य अटल आवास में रहने वाले बच्चे बाल श्रमिक के तौर पर कई संस्थानों में काम करते हैं। बच्चों का स्कूल में नाम दाखिल है या नहीं इस पर शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।

शिक्षा सेतु के लिए नहीं प्रशिक्षित शिक्षक

प्राथमिक अथवा मिडिल स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोडने के लिए पहले सेतु-पढ़ाई की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया जाता था। कोरोना काल में यह बंद कर दिया गया जो अब तक शुरू नहीं हुआ। बताना होगा कि बच्चों के अभिभावकों से ज्यातर पुलिस अथवा चाइल्डलाइन का ही संवाद होता है। ज्यादातर मामले में काऊंसिलिंग के बाद यह बात सामने आती है कि कचरा उठाने का काम अभिभावक ही करवा रहे हैं। इस वजह से अभिभावकों के खिलाफ संवैधानिक ढंग से कार्रवाई करना मुश्किल होता है।

आपराधिक घटनाओं में बढ़ रही संलिप्तता

ऐसे में देखा जा रहा है कि अशिक्षा से जूझ रहे श्रमिक बस्ती व अटल आवास में रहने वाले वे बच्चे शामिल हैं जिनके अभिभावक दीगर प्रांत से यहां जीवकोपार्जन के लिए आए हैं उनका बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं होने से वे छोटी-बड़ी चोरियां अथवा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहते हैं। इसके अलावा कबाड़ में इनकी खास नजर होती है। अधिकांश घुमंतू बच्चे बोनफिक्स, कोरेक्स व नशीली दवाओं के आदी हो चुके हैं। ऐसे में उनके लिए नशे के लिए पैसे जुटाना पहली प्राथमिकता बन चुकी है। यही वजह है कि वे पढ़ाई छोड़ पैसे की जुगाड़ में नशीले सामानों की पूर्ति के लिए लगे रहते हैं।

टीम गठित, स्कूल भेजने अभिभावकों को दी जाएगी समझाइश : डीईओ

घुमंतू व कचरा इकट्ठा करने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोडने के लिए शिक्षकों की टीम गठित की गई है, जिनके माध्यम से बच्चों को शिक्षा के अधिकार का लाभ देने के लिए अभिभावकों को समझाइश दी जा रही है।

-तामेश्वर उपाध्याय,
जिला शिक्षा अधिकारी

अब विधायकों को नहीं घिसनी पड़ेगी कलम

छत्तीसगढ़ विधानसभा हो रहा है हाईटेक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा धीरे-धीरे हाईटेक हो रहा है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से अभी तक प्रश्न लगाने की व्यवस्था का ऑनलाइन की गई थी। अब विधायकों को एक और सुविधा ऑन लाइन मिलने लगी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य (विधायक) को अब विधानसभा सचिवालय को ध्यानाकर्षण की सूचना देने के लिए कलम नहीं घिसना पड़ेगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी

डॉ. रमन सिंह ने दिया निर्देश

अफसरों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में जुलाई, 2024 सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना माननीय सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने के लिए ऑनलाईन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से ऑन लाईन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया।

इसके साथ ही विधान सभा सचिवालय में 11 जुलाई 2024 को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा माननीय सदस्यों के लिए ऑनलाईन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत सहित अन्य सदस्यों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस सत्र में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप में

इस सत्र में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। सदस्यों एवं विभागों को ऑनलाईन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफलाईन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन ध्यानकर्षण की सूचना से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से 11 एवं 12 जुलाई, 2024 को मंत्रालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

तेलीबांधा गोलीकांड : चोरी की पल्सर में आए थे शूटर

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पीआरए गुरप के ऑफिस के बाहर शूटरों द्वारा की गई फायरिंग के मामले में नई जानकारी सामने आई है। वारदात को अंजाम देने से पहले शूटरों ने झारखंड से पल्सर गाड़ी चोरी की थी। चोरी की यह वारदात 10 जुलाई को हुई थी। इसके बाद वह उसी बाइक से रायपुर पहुंचे। यहीं वे दो दिन रुके। इसके बाद 13 जुलाई की सुबह 10.54 बजे फायरिंग की और कुछ दूर में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

इससे पहले शूटर लोकल कनेक्शन के माध्यम से चोरी की बाइक लेते थे, या फिर पड़ोसी जिले से वारदात करते थे। इस बार प्लान को बदला और सीधे वहीं से चोरी की बाइक लेकर आए।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू के शूटरों द्वारा दहशत और वसूली के लिए फायरिंग करने की यह पहली घटना नहीं है। यह गैंग प्रदेश में पिछले करीब चार साल से अपनी पैठ जमा चुका है। पीआरए ग्रुप बार्बरिक प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस में फायरिंग करने से पहले आरकेटीसी के शंकर नगर ऑफिस में गैंग के शूटरों ने पिछले साल फायरिंग की थी। उस समय इस गैंग की चर्चा नहीं हुई थी। पुलिस ने गैंग का राजफाश नहीं किया था। गैंगस्टर्स पिछले चार-पांच साल से प्रदेश के कोयला, कंस्ट्रक्शन, सरकारी ठेकेदारों को टारगेट कर रहे हैं।

केदार कश्यप का आरोप : जनता का पैसा लूटकर लखमा ने आलीशान घर बनाया, 25 लाख का तो सिर्फ बाथरूम है

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप ने सुकमा में कहा कि 5 साल में कांग्रेस सरकार ने जनता को सिर्फ लूटने का काम किया है। कवासी लखमा आलीशान घर में रहते हैं और सिर्फ उनका बाथरूम 25 लाख का है। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप दो दिनों के सुकमा जिले प्रवास पर पहुंचे हैं। यहां वे कोंटा में आयोजित मतदाता आभार सम्मेलन में शामिल हुए।

मंत्री श्री कश्यप ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा पर जमकर निशाना साधा।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोले, बस्तर और सुकमा के लोगों के पास 25 हजार का पूरा घर भी नहीं है। कवासी लखमा लोगों के सामने नाच कर हर बार धोखा देता है। लेकिन अब नाच कर फिर से धोखा देकर सरकार बनाने की कोशिश करेगा। लेकिन अब ये नहीं होने देना है। कांग्रेस सरकार ने 5 वर्ष में आप सभी को लूटा है।

केदार कश्यप ने आगे कहा कि, कांग्रेस पार्टी संविधान की किताब लेकर संसद में दिखा रही थी। राहुल गांधी की दादी ने संविधान को बदला है, पीएम मोदी ने नहीं बदला है। इसलिए हम 25 जुलाई को काला दिवस मना रहे है। पिछले 5 सालों में छतीसगढ़ में लुटेरों की सरकार थी। कांग्रेस को जनता से कोई मतलब नही है और कांग्रेस जनता को धोखा देती आ रही है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता हुई दूर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। गतदिवस को रायगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 45 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर-वधु को दिया गया तथा जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया।

इनमें से गोपालपुर, बोईरदादर की निवासी श्रीमती देवंती सिदार ने और भगवानपुर निवासी श्रीमती भारती ने बताया कि उनकी शादी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 16 जुलाई 2024 को हुई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उनका पंजीयन किया गया और इस योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि वे अभी अपने अपने पति के साथ बेहद खुश है। गरीबी के कारण परिवार वालों के लिए शादी कराना बहुत बड़ी चुनौती थी पर इस योजना के चलते यह चुनौती आसानी से हल हो गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और महिला एवम् बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को धन्यवाद देते हुए हितग्राहियों कहा कि इस योजना ने हमारे माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर धूमधाम से विवाह करने समर्थ बना दिया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। महतारी वंदन योजना, महतारी जतन योजना, इनमें से और एक योजना है, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना। इस योजना के तहत सरकार द्वारा उन लोगों को सहायता प्रदान किया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। ऐसे परिवार की बेटियों को इस योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए सरकार सहायता राशि प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कमजोर, आर्थिक परिस्थितियों वाले परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कर माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर रही है, जिनके घर में बेटियां होती है, उनके माता-पिता को बेटी की शादी योग्य उम्र होते ही चिंता सताने लगती है। हर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी बेटी की शादी धूमधाम से हो, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सपना अधूरा रह जाता है। ऐसे में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से हजारों परिवारों के माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर उनकी चिंता दूर कर रही है।

शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नेवरा पुलिस ने बाइक से शराब की परिवहन करते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 49 पाव देशी शराब और बाइक जब्त किया है।

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22